गुरुकुल-पत्रिका :-सम्पादक-मण्डल

गुरुकुल-पत्रिका का शुल्क विवरण

एक प्रति १ रुपया

वार्षिक शुल्क १२ रुपया

यह शुल्क व्यवसाय प्रबन्धक, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार को धनादेश द्वारा भेजा जा सकता है।

विषय-सूची

ओ३म्

गुरुकुल-पत्रिका

[गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालयस्य मासिक-पत्रिका]

पौष, माघ, फाल्गुन, चैत्र, २०३९ | वर्ष ३४ | अङ्क-१०, ११, १२
जनवरी, फरवरी, मार्च, १९८३ | | पूर्णाङ्क-३४२

श्रुति सुधा

अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत ।

अर्चन्तु पुत्रका उत पुरमिद् धृष्ण्वर्चत ॥ साम० ३६२ ॥

अन्वय :—नरः अर्चत, प्रार्चत । प्रियमेधासः ! अर्चत । पुत्रकाः उत अर्चन्तु । पुरं धृष्णु [=धृष्णुम्] इत् अर्चत ।

सं० अन्वयार्थ :—नरो-दिव्यजनो ! तुम स्तुति करो, खूब स्तुति करो [जी भरकर स्तुति करो] हे मेधा बुद्धि के इच्छुक महानुभावो ! तुम स्तुति करो, तुम कामनापूर्वक धर्षणशील इन्द्र की स्तुति करो। [तुम्हारे] पुत्र-पौत्र भी स्तुति करें।

अन्वयार्थ :—(²नरः ! अर्चत, प्रार्चत) हे विषयों में न रमने वाली दिव्य प्रजाओ ! हे मोक्षाभिलाषी महानुभावों ! तुम अर्चना करो, पर्याप्त अर्चना करो या प्रकृष्ट अर्चना करो (³प्रियमेधासः !) मेधावृद्धि से प्यार करने वालो ! तुम हृदय से अर्चना करो। परन्तु यह स्मरण रखना कि केवल तुम ही अर्चना न करो वरन् तुम्हारे (पुत्रकाः उत अर्चन्तु) पुत्र-पौत्र भी अर्चना करें। फिर तुम सब मिलकर (पुरं धृष्णु [=धृष्णुम्] इत् अर्चत) उत्तम-उत्तम कामनाओं को पूर्ण करने वाले और दुर्भावनाओं, दुर्वासनाओं का

१ 'पुरं न' इति ऋक्पाठः ॥ ऋ० ८.६९.८ ॥

२ 'नरो वै देवविशः' (जै० १.८९) "मुमुक्षवः" इत्यर्थः ॥

३ प्रियमेधासः—प्रियप्रज्ञाः, कल्याण बुद्धयः ।

घर्षण करने वाले इन्द्र की ही अर्चना करो। ([1]पुरम् इत्[=इव] धृष्णु [=धृष्णुम्] अर्चत) जैसे तुम अपने शरीर रूपी पुर-पुरी का सदा ध्यान रखते हो, ऐसे तुम पापों के घर्षण करने वाले उस परमेश्वर की अर्चना करो, फिर देखो कि वह प्रभु क्या करता है।

जो नर हैं, विषयों में रमण नहीं करते, जो दिव्य जन हैं, जो मोक्ष की अभिलाषा रखते हैं, जिन को मेधाबुद्धि प्रिय है, उन्हें चाहिये कि वे सब काम-क्रोध आदि का घर्षण करने वाले, सब प्रकार साधक को पूर्ण करने वाले प्राणप्रिय प्रभु का भजन करें, खूब भजन करें, आत्मविभोर होकर भजन करें, झूम-झूम कर भजन करें। उन्हें चाहिये कि ये अर्चना के-ये स्तुति के-ये भजन-पूजन के संस्कार कहीं उन के साथ ही समाप्त न हो जाएं वरन् उन के बाद सन्तानों में भी बने रहें। अतः वे प्रयास करें कि उनकी सन्तान भी भजन करे।

अथवा

अन्वयार्थ :—(प्रियमेधासो नरः !) हे मेधाबुद्धि को चाहने वालो, हे विषयों से ऊपर उठना चाहने वालो वा हे दिव्य गुण कर्म स्वभावों वाली दिव्य प्रजा बनना चाहने वालो ! (अर्चत् प्रार्चत् अर्चत) तुम प्रभु का गुणगान करो, प्रकृष्ट रूप से गुणगान करो हृदय की टीस के साथ गुणगान करो। केवल तुम ही नहीं वरन् तुम्हारे (पुत्रकाः उत अर्चन्तु) पुत्र-पौत्र, दुहितृ-दौहित्र आदि भी उस इन्द्र परमेश्वर का गुणगान करें। फिर तुम इन पुत्र-पौत्रों आदि के साथ मिलकर कामनाओं को पूर्ण करने वाले, दुर्वासनाओं का घर्षण करने वाले प्यारे और सब जग से न्यारे प्रभु का गुणगान करो।

१ पुरमित्=इत् शब्द इव शब्दस्यार्थे। पुरमिव इत्यर्थः।

वेद-माहात्म्यम्—

—प्रो० मनुदेव "बन्धु"
प्राध्यापकः वेद विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय (हरिद्वार)

कोऽर्थोवेदशब्दस्य ? इति प्रश्ने विविधानि मतानि समुपस्थाप्यन्ते। ज्ञानार्थकाद् विद्धातोर्घञि कृते वेद इति रूपं निष्पद्यते। सत्तार्थकाद् विचारणार्थकात् प्राप्त्यर्थकाद् विद्धातोरपि रूपमेतद् निष्पद्यते। महर्षि दयानन्दः वेदशब्दं व्याकुर्वन् प्राह—"[1]विदन्ति जानन्ति, विद्यन्ते भवन्ति, विन्दन्ति विन्दन्ते लभन्ते, विन्दते विचारयन्ति सर्वे मनुष्याः सर्वाः सत्यविद्या यैर्येषु वा तथा विद्वांसश्च भवन्ति ते 'वेदाः'। वेदशब्दस्यापरं नाम श्रुतिरपि।

"[2]आदिसृष्टिमारभ्याद्यपर्यन्तं ब्रह्मादिभिः
सर्वाः सत्यविद्याः श्रूयन्तेऽनया सा श्रुतिः।"

सायणाचार्येणापि भाष्यभूमिकायामुक्तम्—"अपौरुषेयं वाक्यं वेदः। इष्टप्राप्त्यनिष्टपरिहारयोरलौकिकमुपायं यो वेदयति स वेदः।" तत्रैव प्रमाणमप्युपन्यस्तम्—

"प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न विद्यते।
एवं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता।"

अतः वेदा हि अशेषज्ञानविज्ञानराशयः कर्तव्याकर्तव्यबोधकाः, शुभाशुभनिदर्शकाः, सुखशान्तिसाधकाः, चतुर्वर्गावाप्तिसोपानस्वरूपाश्च। आम्नायः, निगमः, आगमः, श्रुतिः वेद इति सर्वे शब्दाः पर्यायाः।

सोऽयं वेदस्त्रयीति पदेनापि व्यवह्रियते, अत्र वेदरचनायास्त्रैविध्यमेव कारणम्। या खलु रचना पद्यमयी सा ऋक्, या गद्यमयी सा यजुः, या पुनः समग्रा गानमयी रचना सा सामेति कथ्यते। यत्तु कैश्चित् 'ऋग्यजुः सामाख्यास्त्रय एव वेदाः पूर्वमासन्," अतो वेदानां त्रित्वादेव तत्र त्रयीति व्यवहारः इत्युच्यते तदयुक्तम्। ऋग्वेदेऽपि अथर्ववेदस्य नामोल्लेखदर्शनात्। भगवता पतञ्जलिनापि "[3]चत्वारो वेदाः साङ्गाः सरहस्याः" इति स्पष्टमुक्तम्।

---

१ ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका — वेदोत्पत्तिविषये
२ ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका — वेदोत्पत्तिविषये
३ महाभाष्ये — पस्पशाह्निके

वेदानां महत्त्वं मन्वादिभिः ऋषिभिः बहुधा गीयते । "वेदोऽखिलो धर्ममूलम्" इति वेदा धर्ममूलत्वेन मन्यन्ते । "यः कश्चित् कस्यचिद्धर्मो मनुना परिकीर्तितः । स सर्वोऽभिहितो वेदे सर्वज्ञानमयो हि सः ।" इति वेदानां सर्वज्ञानमयत्वं निगद्यते ।" [1]ब्राह्मणेन निष्कारणो धर्मः षडङ्गो वेदोऽध्येयो ज्ञेयश्च इति महाभाष्यकारः;" योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम् । स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः ।" इति मनुस्मृत्युक्त्या च वेदाभ्यसनं विप्राणां परमं तपोऽमन्यत ।

वेदेषु भारतीयसंस्कृतेरङ्गभूता विषयाः प्रतिपादिताः । तथाहि—

१—अध्यात्मवर्णनम्-आत्मनः स्वरूपादिवर्णनमत्रोपलभ्यते । तद्यथा—"यस्मिन्त्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद् विजानतः । तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ।" "स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरमपापविद्धम्" (यजुर्वेदे ४०-७-८) अध्यात्मम्-स एष एक एकवृदेक एव०, न द्वितीयो न तृतीयश्चतुर्थो नाप्युच्यते० । (अ० १३-४,१२-१६) आत्मा (अथर्व ९-८,७-१,१६-२१), आत्मविद्या (अथर्व ४-२), ब्रह्म (अथर्व ७-६६), ब्रह्मविद्या (अथर्व ४-१,२-६), विराट् (अ० ८-६-१०) ।

२—धार्मिकी भावना-धर्मभावनयैव मानवाः पशुभ्योऽतिरिच्यन्ते । धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः । वेदेषु प्रतिपादितो धर्मो वैदिकधर्म इत्युच्यते । तस्मिन्नजरोऽमरो व्यापको जगन्नियन्ता सर्वज्ञ ईश्वर एव उपास्य इति स्पष्टीकृतम् ।

"ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम् [3]॥
"अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।
होतारं रत्नधातमम् [4]॥

३—सामाजिकं चित्रणम्-प्राचीनतमस्य समाजस्य चित्रणं वेदेष्वेवोपलभ्यते । यथा-आश्रमादिवर्णनम् तत्कर्तव्यं विधानं च । मानवजीवनं चतुर्षु विभागेषु विभक्तं विद्यते । चत्वारो विभागाः चत्वार आश्रमा उच्यन्ते ब्रह्मचर्य-गृहस्थ-वानप्रस्थ-संन्यासलक्षणाः । प्रथमः ब्रह्मचर्याश्रमः मानवजीवनस्याधारभूतः ।

---

१ महाभाष्ये पस्पशाह्निके

२ मनुस्मृति २-१६८

३ यजुर्वेदे ४०-१

४ ऋग्वेदे १-१-१

"ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमुपाघ्नत ।1"
"ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं विरक्षति 2"

वेदेषु मानवानां कर्मादिभेदतः पञ्चश्रेणीविभागा दृश्यन्ते-ब्राह्मणः, क्षत्रियः, वैश्यः, दासः, दस्युश्च। परं सर्वैर्जनैः परस्परं प्रीतिभावेन वर्तितव्यम्।

"प्रियं मा कृणु देवेषु प्रियं राजसु मा कृणु।
प्रियं सर्वस्य पश्यत उत शूद्र उतार्ये 3।।"

वेदेषु स्त्री-पुरुषयोः सम्बन्धः अविच्छेद्योऽग्निसाक्षिकः मैत्रीभावरूपः मन्त्रैर्नियन्त्रितः। पाणिग्रहणानन्तरं वधूवरौ निगदतः—

"समञ्जन्तु विश्वे देवाःसमापो हृदयानि नौ।
सम्मातरिश्वा सं धाता समु देष्ट्रीदधातु नौ ।।4

अपरञ्च—

"गृह्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जरदष्टिर्यथासः।"5

सर्वे मानवा एकीभूय निवसन्तु, व्यवहरन्तु लक्ष्यं प्रति च गच्छन्तु—

"सङ्गच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथापूर्वे सञ्जानाना उपासते ।।6

"समानी प्रपा सह वोऽन्नभागः समाने योक्त्रे सह वो युनज्मि। सम्यञ्चोऽग्निं सपर्यतारा नाभिमिवाभितः ।।7

४—राष्ट्रियभावना-वेदे राष्ट्रभावनाविषयकं विवरणमुपलभ्यते। राष्ट्रस्य राजा तादृशोभवेत् यं सर्वाः प्रजाः वाञ्छेयुः। तद्यथा—

---

१ अथर्ववेदे ११-५-१६
२ अथर्ववेदे ११-५-१७
३ अथर्ववेद १८-१-८
४ ऋग्वेदे १०-८५-४७ ।। पारस्करगृह्यसूत्रे १-४-१४
५ अथर्ववेदे १४-१-५०
६ ऋग्वेदो १०-१९१-२
७ अथर्ववेदे ३-३०-६

'ध्रुवं ते राजा वरुणो ध्रुवं देवो बृहस्पतिः ।
ध्रुवं त इन्द्रश्चाग्निश्च राष्ट्रं धारयतां ध्रुवम् ॥'[1]

"भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदः तपो दीक्षामुपनिषेदुरग्रे । ततो राष्ट्रं बलमोजश्च जातं तदस्मै देवा उपसंनमन्तु ॥[2]

५—काव्यशास्त्रम्–अनेकेऽलंकाराः छन्दोवर्णनं चात्रप्राप्यते । तद्यथा–अनुप्रासः (ऋग्वेदे १०-१५६-५) उत्तराहमुत्तर उत्तरेदुत्तराभ्यः, यमकम्—पृथिव्यां निमिता मिता०, कविभिर्निमिता मिताम्० (ऋ० १०-१४५-३, ६-३-१६) कन्योनामानि (यजु० १-२७, १४-६, १०-१८), पर्यायवाचिनः–अग्निनामानि (यजु० ८-४३) अश्वपर्यायाः (यजु० २२-१६) ।

६—दार्शनिक विचाराः–वेदेषु तत्त्वज्ञानमीमांसामाश्रित्य विषयवर्णनं प्राप्यते । तद्यथा–सृष्ट्युत्पत्तिः (ऋग्वेदे १०-१२६-१-२-३) । "नासदासीन्नो सदासीत् तदानीम्० ।" "न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि० ।" "कामस्तदग्रे समवर्त्तताधि० ।" वाग्वर्णनम् (१०-१२५-१८) तथाहि—

"अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्० ।" 'यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्० ।" अहमेव वात इव प्रवामि० ।" कालमीमांसा (अथर्ववेदे १६-५३-५४) तद्यथा—

"सप्तचक्रान् वहति काल एष सप्तास्य नाभीरमृतं न्वक्षः ।"

"द्वादशप्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत । तस्मिन्त्साकं त्रिशता न शङ्कवोऽर्पिताः षष्ठिर्न चलाचलासः ।"[3]

७—मांसभक्षणनिषेधः, द्यूतनिषेधः, कृषि प्रशंसा च, गोमांस–अश्वमांसभक्षणस्य चात्रनिषेधः । तद्यथा—

"यः पौरुषेयेन क्रविषा समङ्क्ते यो अश्व्येन पशुना यातुधानः । यो अघ्न्याया भरतिक्षीरमग्ने तेषां शीर्षाणि हरसा विवृश्च ॥"[4]

---

१ ऋग्वेदे ३-३०-६

२ अथर्ववेदे ३-३०-६

३ ऋग्वेदे १-१६४-४८

४ ऋग्वेदे १०-८७-१६

'अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित् कृषस्व वित्ते रमस्व बहुमन्यमानः । तत्र गावः कितवस्तत्र जाया तन्मे विचष्टे सविता यमर्यः ॥"[1]

"जायातप्यते कितवस्य हीना माता पुत्रस्य चरतः क्वस्वित् । ऋणावा बिभ्यद्धनमिच्छमानोऽन्येषामस्तमुप नक्तमेति ॥"[2]

एवं विधा उपदेशाः परामर्शाश्चात्र निर्दिष्टाः सन्ति । तेषामनुष्ठानेन मानवस्य नितरां कल्याणं भवति ।

८—नाट्यशास्त्रम्-नाट्यशास्त्रस्य मूलं संवाद ऋग्वेदे, गीतं सामवेदे, अभिनयो यजुर्वेदे, रसाश्चाथर्ववेदे प्राप्यन्ते उक्तञ्च ।

"जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च ।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि ॥[3]

९—मोक्षस्यानन्दः—अत्र मोक्षानन्दस्वरूपस्य विवेचनं प्राप्यते । तद्यथा—

"यत्र ज्योतिरजस्रं यस्मिन् लोके स्वर्हितम् । तस्मिन् मां धेहि पवमानामृते लोके अक्षित इन्द्रायेन्दो परिस्रव ।" (ऋग्वेदे)

१०—पुनर्जन्म-वेदे पुनर्जन्म सम्बन्धि [illegible] तत्त्वं दृश्यते—

"आ यो धर्माणि प्रथमः ससाद [illegible] पुरूणि । धास्युर्योनिं प्रथम आविवेश यो वाचमनुदितां चिकेत ॥" (अथर्ववेदे)

११—आधुनिकविज्ञानम्—वेदे [illegible] वैज्ञानिकोपकरणानां यन्त्राणां च विवरणं प्राप्यते । वेदभगवान् उपदिशति—

"समुद्रं गच्छ स्वाहाऽन्तरिक्षं गच्छ स्वाहा ।"[4]

विमानस्य नामनिदर्शपूर्वकं निर्माणं चर्चितम्—

"सोमा पूषणौ रजसो विमानं सप्तचक्रं रथमविश्वमिन्वम् । विषूवृतं मनसा युज्यमानं तं जिन्वथो

---

१ ऋग्वेदे

२ ऋग्वेदे

३ भरतमुनेः नाट्यशास्त्रे

४ यजु० ६-२१

वृषणा पञ्चरश्मिम् ॥"[1] अस्य मन्त्रस्य भावार्थे स्वामी दयानन्दो लिखति—"मनुष्यैरन्तरिक्षे गमयितारं सप्तकला यन्त्रभ्रामणनिमितं सद्य गमयितारं रथं कृत्वा सुखमाप्तव्यम् ।"

आधुनिककारनिर्माणस्यापि सूचना वेदाल्लभ्यते । 'परि प्रासिष्यदत् कविः सिन्धोरूर्मावधि श्रितः । कारं बिभ्रत् पुरुस्पृहम् ॥"[2]

निम्नलिखितमन्त्रे विमानस्य पनडुब्बीयानस्य च स्पष्टं वर्णनमपि प्राप्यते—"यास्ते पूषन् नावः अन्तः समुद्र हिरण्ययीरन्तरिक्षे चरन्ति । ताभिर्यासि दूत्या सूर्यस्य कामेन कृतश्रव इच्छमानः ॥"[3]

एवं वेदा हि सत्यतायाः सरणयः शुभाशुभनिदर्शकाः, सुखशान्तिसाधकाश्च । प्राचीनानि धर्म-समाज व्यवहार प्रभृतीनि वस्तुजातानि बोधयितुं श्रुतय एव क्षमन्ते ।

---

१ ऋग्वेदे २-४०-३

२ ऋ० ६-१४-१, कारशब्दो वैदिकः ।

३ ऋ० ५-५८-३

मथुरा संग्रहालय संगोष्ठी–२७–२८ जनवरी, १९८३—

मथुरा और मथुरा कला में इन्द्र की पृष्ठभूमि–

—रमेश चन्द्र शर्मा
निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ

इन्द्र का मथुरा तथा मथुरा कला से प्राचीन काल में घनिष्ठ सम्बन्ध था। आज यह देवता भले ही उपेक्षित हो गए हों किन्तु एक समय था जब कि इनका वर्चस्व सर्वोपरि था। प्राचीन साहित्यिक सन्दर्भों में मथुरा को इन्द्रपुर के नाम से स्मरण किया गया है जो इस तथ्य का परिचायक है कि कभी यहाँ इन्द्र पूजा होती थी।

वैदिक वाङ्मय में इन्द्र सर्वाधिक प्रभावी देवता के रूप में प्रतिबिम्बित हुए। ऋग्वेद में २५० मन्त्रों में इन्द्र की कीर्ति का विवरण है। यदि अन्य देवताओं के साथ भी उल्लेख को चर्चा की जाय तो मन्त्रों की संख्या ३०० हो जाती।[2] वैदिक साहित्य में इन्द्र को भिन्न परिस्थितियों व स्वरूपों में वर्णित किया गया है। वह महान पराक्रमी, वज्रधारी (वज्रभृत) और दानवों के संहारक के रूप में प्रधान देवता हैं।[3] कभी-कभी उन्हें धनुष और वाण लिये भी बताया है।[4] एक दो स्थानों पर उनके हाथ में अंकुश की भी चर्चा है।[5]

इन्द्र को न केवल सोम के लिये अत्यन्त तृषित और व्याकुल रूप में चित्रित किया गया है अपितु सोम पान के बाद वह प्रमत्त और विचित्र स्थिति में पहुँच जाते हैं। उनकी सोमपान की क्षमता देवताओं में सर्वाधिक है।[6] सोम पान के बाद उन्हें बैल और भैंसों का आहार करते हुए भी बताया गया है।[7] इस प्रकार इनका स्वरूप किसी दानव से कम नहीं प्रतीत होता। सम्भव है उनकी इस भयानक और गर्हित प्रवृत्ति के कारण इन्हें कभी-कभी असुर की उपाधि भी दी गई है।[8] यह भी चर्चा है कि सोम से अत्यधिक प्रमत्त होने के कारण इन्होंने अपने पिता तक की भी हत्या कर दी।[9]

इन कुछ अवगुणों के होते हुए भी इन्द्र वैदिक युग में मूर्धन्य देवता के रूप में प्रतिष्ठित हैं। वह शौर्य, पराक्रम, वैभव, तेज आदि के प्रतीक हैं और विष्णु उनके विश्वासपात्र सहायक हैं।[10] वैदिक काल में इन्द्र के सोमपायी स्वरूप के प्रति भी उदार दृष्टिकोण अपनाया गया है और कालान्तर में सोम मादक होने पर भी अमृतत्व प्रदान करने वाला मान लिया गया।

मूर्तिशास्त्र और कला के अध्येताओं के लिये वैदिक साहित्य में इन्द्र सम्बन्धी जो आख्यान हैं

उनमें से कुछ विशेष महत्त्व के हैं क्योंकि कालान्तर में यही विवरण लौकिक साहित्य में कुछ भिन्न रूप से अवतरित हुआ है।

१—इन्द्र का वज्र धारण करना स्पष्ट रूप से वैदिक परम्परा है जो न केवल लौकिक साहित्य में प्रचलित रही अपितु माथुरी कला में इसका यथावसर चित्रण होता रहा किन्तु उनका धनुर्धारी रूप लुप्त हो गया।

२—इन्द्र को माता के पार्श्व भाग से अप्राकृतिक रूप से उत्पन्न हुआ बताया गया है।11 विद्वानों का अनुमान है कि मेघों के किनारों से उत्पन्न तड़ित प्रकाश के कारण यह धारणा बनी होगी।12 जो हो बौद्ध दृश्यों में बुद्ध को जन्म के समय माया देवी की कुक्षि के जन्म लेता दिखाते हैं और उस अवसर पर इन्द्र नवजात शिशु को स्वीकार करने की मुद्रा में हैं। वैदिक इन्द्र की जन्म कथा से बुद्ध जन्म कथा किस प्रकार प्रभावित हुई यह एक विचारणीय और रोचक प्रसंग बनता है।

३—ऋग्वेद में इन्द्र ने जिन दैत्यों पर आक्रमण किया है उनमें वृत्र का नाम तो बार-बार आता ही है।13 किन्तु सर्प (अहि) का भी उल्लेख है जो इन्द्र के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है और उसका नियमन करना आवश्यक हो जाता है।14 इस कथा में सम्भवतः भविष्य की बौद्ध कथा के उस प्रसंग का बीज छिपा है जिसमें वज्रपाणि द्वारा अपलाल नाग का दमन किया जाता है और गंधार शिल्पियों के लिये यह एक रोचक विषय बन गया है।15

४—एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण उल्लेख यह है कि इन्द्र पर्वतों को विदीर्ण कर जलधाराएं प्रकट करते हैं और गायों को ले जाते हैं।16 एक स्थान पर इन्द्र को सोम तथा गायों का विजेता कहा है।17 इस वैदिक कथा का विस्तार कालान्तर में इन्द्र द्वारा ब्रज पर निरन्तर वृष्टि के अनन्तर गायों का हरण आदि रूप में हुआ। यहाँ एक उल्लेखनीय है कि जलधाराओं की तुलना रंभाती हुई गायों से की गई है।18 कभी-कभी उषा की रश्मियों को गोशाला से निकलती हुई गायों के समान बताया गया है।19 अन्यत्र इन्द्र को गोपति और गविष्टि (गायों को इच्छा वाला) कहते हुए उनके युद्धों का उद्देश्य गायों का संग्रह माना है।20 एक स्थान पर प्राणियों की गायों को इन्द्र द्वारा बन्दी बनाए जाने का उल्लेख है।21 कुल मिलाकर यह प्रसंग श्री कृष्ण व इन्द्र की प्रतिद्वंद्विता की पृष्ठभूमि तैयार करते हैं जो कालान्तर में बहुत लोकप्रिय हुई और ब्रज के लिये अविस्मरणीय घटना बन गई।

५—वैदिक साहित्य में इन्द्र के वृहत् आकार का भी उल्लेख है तदनुसार पृथ्वी तथा आकाश जैसे असीम लोक उनकी मुट्ठी में समा गये।22 एक स्थान पर दोनों लोकों को इनके अर्धभाग के समान बताया

है।23 आकार में इन्हें आकाश, पृथ्वी व वायु से बड़ा माना है।24 आकाश और पृथ्वी तो इनके कटिबन्ध के लिये भी कम हैं।25 अन्यत्र बताया है कि यदि पृथ्वी दस गुणे आकार को हो तो भी इन्द्र के बराबर ही हो पाती।26 साथ ही यदि इन्द्र के पास सौ पृथ्वी और सौ आकाश होते और एक हजार सूर्य भी इन्द्र के समान होते और दोनों लोक उनके बराबर ही रहते।27 निश्चय ही यह सब प्रसंग आकार की अपेक्षा इन्द्र के प्रभाव व महत्व को सूचित करते हैं तथापि आकार सम्बन्धी इस कल्पना ने आगे विष्णु के त्रिविक्रम रूप को जन्म दिया और इस प्रकार की मूर्ति बनाने का श्रेय सर्वप्रथम मथुरा के शिल्पी को ही मिला।28 इन्द्र के अनेक पराक्रम कालान्तर में विष्णु में समाहित हो गये।

६—ऋग्वेद में इन्द्र की मूर्ति बनाए जाने की भी सूचना मिल जाती है29 और ऐसी स्वर्ण निर्मित मूर्ति का गायों से निष्क्रिय अर्थात् आदान प्रदान का उल्लेख है यद्यपि कुछ विद्वान् और विशेष रूप से श्री जितेन्द्र नाथ बनर्जी इस अभिमत से सहमत नहीं हैं।30 यहाँ वज्रधारी इन्द्र से रक्षा अभिप्रेत है और प्रस्तर में इस प्रकार की मूर्तियां मथुरा कला में आरम्भिक चरण में बनने लगी थी।31

७—यहाँ यह उल्लेख कर देना उपयुक्त होगा कि ईरान के अवेस्ता में इन्द्र का नाम देवेन्द्र है जो दो बार आया है32 किन्तु इसने स्वरूप का अंकन सीमित व संक्षिप्त है। मथुरा क्षेत्र ईरान व अफगानिस्तान की तत्कालीन संस्कृति से अत्यधिक प्रभावित रहा और कला के प्रतीकों व मानकों का पर्याप्त आदान प्रदान हुआ। ऐसी स्थिति में इन्द्र दोनों संस्कृतियों के समानधर्म देवता के रूप में समादृत हुए होंगे।

सर्वोच्च सत्ता वैदिक इन्द्र का महाभारत तक पहुँचते-पहुँचते सिंहासन डगमगाने लगता है। विद्वानों ने इन्द्र की इस अवनति पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वैदिक युग में आर्य स्वयं को व्यवस्थित और स्थिर करने के प्रयास में लगे थे साथ ही उन्हें अपने प्रभाव का भी प्रदर्शन करना था। इसके लिये शारीरिक शक्ति और पराक्रम की अपेक्षा थी और इन्द्र जैसे शक्ति सम्पन्न देवता ही इनके आराध्य थे। उस युग में एक विजयी योद्धा द्वारा समाज का नेतृत्व अभीष्ट था अन्य मानवीय गुणों की इतनी आवश्यकता न थी किन्तु महाकाव्य तक आते आते आर्य स्थिर और निश्चिन्त हो चुके थे। उनके शत्रु समाप्त हो गये थे और जीवन वैभव व सुविधा सम्पन्न था। इन परिस्थितियों में मात्र शारीरिक शक्ति ही वरेण्य न थी अपितु मानवीय गुणों के उत्कर्ष पर अधिक बल दिया गया। फलतः धर्म, नीति, चरित्र आदि के नए मानक समाज में स्थापित हुए और इनकी प्रतिपूर्ति इन्द्र जैसे पात्र द्वारा सम्भव न थी। समाज ने विष्णु और उनके स्वरूपों का इस लक्ष्य के लिये वरण किया।33 यह लगभग उसी प्रकार का

परिवर्तन था जैसे युद्धकाल में चर्चित इंग्लैण्ड में सर्वोच्च नेता के रूप में मान्य रहे किन्तु शान्ति युग में उनका महत्त्व और वर्चस्व स्थिर न रह सका और ऐटली प्रधानमन्त्री बने। महाकाव्य युग में इन्द्र का शौर्य, पराक्रम, आधिपत्य अनेक स्थलों पर अक्षुण्ण रखने का प्रयास किया गया है।34 समस्त देवता उनका अनुगमन और सम्मान करते हैं। 35 ऋषि मुनियों के भी वे आराध्य देव हैं।36 वैदिक काल की भांति महाकाव्य युग में भी इन्द्र का प्रधान आयुध वज्र बना रहता है।37 अनेक दानवों पर इनकी विजय घोषित होती है और वृत्रासुर का वध उनके शौर्य का प्रधान साक्ष्य बना रहता है।38 चेदिराज उपरिचर वसु को इन्द्र से सर्वज्ञ होने के वरदान के साथ बांस की छड़ी, दिव्य विमान तथा वैजयन्ती माला भी प्राप्त हुई।39 इस छड़ी को राजा ने पृथ्वी पर गाड़कर इन्द्र की पूजा आरम्भ की। 40 यही प्रथा कालान्तर में इन्द्र मह इन्द्रयष्टिपूजन अथवा इन्द्र ध्वज के रूप में विकसित हुई। इन्द्र ने हंस के रूप में प्रकट होकर उपरिचर वसु की पूजा भी स्वीकार की।41 इन्द्र के पूजा विधान का यह महत्त्वपूर्ण उल्लेख है और मथुरा में श्रीकृष्ण के विरोध के पूर्व इन्द्र पूजा अधिक लोकप्रिय थी। मथुरा कला मे जिन प्रतीकों का अंकन किया गया है उनमें कुछ को इन्द्र यष्टि के रूप में पहचानने का प्रयास हो सकता है। मौर्य काल से लेकर आगे ब्राह्मण, बौद्ध और जैन देवालयों या धर्म स्थानों में मानस्तम्भ स्थापित करने की प्रथा का उपरिचर वसु की कथा के बीज से अंकुरित हुआ होगा। धर्म, ज्ञान वैभव और उच्चता के प्रतीक यह यष्टि कालान्तर में अनेक रूपों में, प्रतिबिम्बित हुई जिनमें चैत्य वस्तु की छत्रावली, छत्र यष्टि और शिखर प्रणाली सम्मिलित है।

शतक्रतु के नाम से इन्द्र का ऋग्वेद में लगभग ६० बार स्मरण किया गया है42 किन्तु यह सिद्ध नहीं होता कि यह नामकरण उनके द्वारा सौ यज्ञों को सम्पन्न करने के कारण किया गया था। सम्भव है सौ अथवा असीम शक्तियों से युक्त होने के कारण इन्द्र को शतक्रतु कहा गया है।43 महाकाव्य में यह शब्द शत यज्ञ कर्ता इन्द्र के लिये ही प्रयुक्त हुआ है।44 लौकिक साहित्य में भी इन्द्र के लिये शतक्रतु शब्द रूढ़ि बन गया तथा अन्य कोई देवता या व्यक्ति इसका पात्र नहीं रहा।45 लौकिक साहित्य में और विशेष रूप से बौद्ध ग्रन्थों में इन्द्र के लिये बारम्बार शक्र शब्द का प्रयोग हुआ है। 46 यह एक विचारणीय प्रसंग है। सम्भावना यह है कि शक्र शब्द शतक्रतु का सूक्ष्म संस्करण है। शतक्रतु दो शब्दों की संयुक्त उपाधि है शत और क्रतु अर्थात् सौ यज्ञ। इन दो शब्दों में से दोनों के प्रथम अक्षर ग्रहण कर लिये गए प्रतीत होते हैं और दोनों के बाद के दो अक्षर अर्थात् 'त' छोड़ दिए गये। परिणामतः "शतक्रतु" का "शक्र" शेष रह गया। अनुमान है कि यह इन्द्र के अवमूल्यन की प्रक्रिया का एक अङ्ग था। शक्र से इन्द्र के "शतक्रतु" होने का सहसा बोध नहीं होता और यज्ञ विरोधी बौद्ध और जैनों को इन्द्र का शतक्रतु रूप में लोकप्रिय बना रहना अभीष्ट हो भी कैसे सकता था। इस प्रकार "शक्र" शब्द मथुरा के तत्कालीन

समाज की वैचारिक क्रान्ति चिन्तन मन्थन और स्वाभाविक मनोदशा का विस्फोट प्रतीत होता है।

महाकाव्य युग में इन्द्र कुछ संक्रमण की स्थिति में रहते हैं। एक ओर जहाँ उनका पराक्रम, वैभव और रक्षा के प्रधान अधिष्ठातृ देवता के रूप में स्मरण हुआ है वहीं उनके अवगुणों और पराजयों के भी अनेक उल्लेख हैं। वर्चस्व का आसन हिलने से लड़खड़ाते इन्द्र अब आक्रामक और ओजस्वी नहीं रह जाते और वह स्वयं अपनी गद्दी की रक्षा करने व प्रतिष्ठा बनाने में तत्पर प्रतीत होते हैं। उनके अनेक प्रतिद्वन्दी मैदान में उतर आए हैं और उनसे मोर्चा लेने के लिये उन्हें विभिन्न प्रकार की कूटनीति का सहारा लेना पड़ता है जो वैदिक युग के इन्द्र के लिये कल्पनातीत बात थी। विश्वामित्र का तप भंग करने के लिये वह मेनका अप्सरा को भेजते हैं।47 इसी प्रकार त्रिशरा की तपस्या को नष्ट करने के लिये भी उन्हें अप्सराओं का सहारा लेना पड़ा।48 गीता के विभूतियोग नामक दशम अध्याय में देवताओं में प्रधान इन्द्र का वासव नाम से उल्लेख तो है ही [श्लोक 22] साथ ही उनके वाहन ऐरावत [श्लोक 27] और आयुध वज्र को भी स्वतन्त्र विभूति माना गया है [श्लोक 28]

इन्द्र की कामुक प्रवृत्ति का विस्फोट भी महाभारत में कई स्थानों पर हुआ है। तिलोत्तमा के रूप से मोहित होने पर इन्हें सहस्त्रनेत्र होने का शाप भोगना पड़ा। 49 सहस्त्र नेत्र स्वरूप को अभिव्यक्त करती कुछ कलाकृतियाँ कुषाण युग में मथुरा में बनी।50 गौतम ऋषि की पत्नी अहल्या के साथ इन्द्र के बलात्कार की गूंज संस्कृत साहित्य में प्रायः प्रतिध्वनित हुई है और उसका सूत्रपात महाभारत से ही आरम्भ हुआ प्रतीत होता है।51 इस घृणित काण्ड से क्षुब्ध गौतम ने इन्द्र को शाप दिया जिससे उनकी दाढ़ी और मूंछ हरी हो गयी इसी प्रकार विश्वामित्र के शाप से इनका अण्डकोष समाप्त हो गया तथा भेड़े का अण्डकोष जोड़ा गया।52 महर्षि देव शर्मा की पत्नी रुचि के प्रति भी असंयत व्यवहार करने के कारण इन्हें कड़ी डाट पड़ी।53

महाभारत में इन्द्र स्वर्ग से नीचे उतर कर प्रायः लौकिक धरातल पर आ खड़े होते हैं और मनुष्यों के साथ मानवोचित व्यवहार करते हैं। कुन्ती के गर्भ से अर्जुन के जन्म के यही कारण बने।54 उसकी रक्षा एवं विजय के लिये इन्हें ब्राह्मण देश धारण कर कर्ण से कवच और कुण्डल की याचना करनी पड़ी।55 इन्द्र के सम्मान को सबसे अधिक आघात श्रीकृष्ण के साथ प्रतिद्वंद्विता में पहुँचा और वह एक विजित एवं पराभूत सामन्त के रूप में दृष्टिगोचर होते हैं।56 यही नहीं इनका पुत्र अर्जुन भी इन्हें परास्त कर देता है।57 रावण के पुत्र मेघनाथ ने इन्द्र को हराने पर "इन्द्रजीत" उपाधि धारण की थी।58 स्कन्द ने भी इनका मान मर्दन किया।59 इसी प्रकार दधीच ने भी संकट ग्रस्त इन्द्र की अपने बलिदान से रक्षा की।60 कुछ समय के लिये इन्द्र को स्वर्ग से पदच्युत होना पड़ा और नहुष ने स्वर्ग का

राज्य सम्भाला किन्तु इन्द्र बनने पर नहुष की बुद्धि में भी सत्तामद और कामुकता का समावेश हो गया ।61

एक और विचारणीय प्रसंग सोमपान का है । वैदिक युग का सोम मद्य से पृथक् प्रतीत नहीं होता और इन्द्र एक मद्यपायी के रूप में प्रमत्त रहते हैं किन्तु महाभारत में इन्द्र को एक दो स्थानों पर ही सोमपान करते हुए दिखाया गया है । विश्वामित्र के साथ वह सोमपान करते हैं ।62 अनुमान है कि वैदिक युग का सोमरस महाकाव्य युग में अमृत के रूप में रुपान्तरित हुआ है63 और इसके लिये इन्द्र तथा गरुड़ में संघर्ष होता है ।64

मूर्तिशास्त्र की दृष्टि से एक विचारणीय बात यह है कि वैदिक युग में इन्द्र को रथारूढ़ बताया गया है और इस रथ में दो से लेकर ग्यारह सौ तक घोड़ों की संख्या का उल्लेख है ।65 दूसरी ओर महाभारत युग में इन्द्र का प्रधान वाहक ऐरावत है जिसकी प्राप्ति समुद्र मन्थन से हुई बताई गई है ।66 आगे ब्राह्मण तथा बौद्ध ग्रन्थों में इन्द्र के साथ ऐरावत को भी मान्यता मिली67 और मथुरा के शिल्पियों ने इसी रूप में इन्द्र देव का अंकन किया है ।68 बाज रूप में उशीनर से और शिवि से कबूतर के बराबर मांस मांगना69 बौद्ध जातक कथाओं के प्रिय प्रसंग बन गए और मथुरा कला में भी इस प्रकार के कथानकों को स्थान मिला ।70

जैसा कि पहले स्पष्ट किया गया है बौद्ध साहित्य में इन्द्र शक्र के नाम से विख्यात हैं । वह देव गुरु हैं, शची पति हैं, वज्रधारी हैं, देवता तथा नागों द्वारा पूजित हैं ।71 किन्तु अन्य प्रसंगों में वह मात्र लोकपाल के रूप में वर्णित हैं ।72 बुद्ध जन्म के अवसर पर "शक्रो देवानाम् इन्द्रः" बताया है ।73 किन्तु जहाँ यज्ञ, स्वर्ग और देवता समान नहीं पा सके वहाँ इन्द्र ही कैसे प्रतिष्ठित हो सकते थे । फलतः बौद्ध साहित्य और कला में इन्द्र एक पार्श्व या परिचायक देवता के रूप में ही बुद्ध के प्रति नतमस्तक रहे । इस सेवा धर्म का उन्होंने शक्र और वज्रपाणि रूप में निर्वाह किया जिसका मूर्तियां गंधार व मथुरा दोनों शैलियों में बनी ।74 इनमें इन्द्र अपने संगीतज्ञ सखा पंचशिख गन्धर्व के साथ वज्र लिये कभी हाथ जोड़ और कभी अमृत घट लिये रहते हैं । ऊंचा मुकुट उनका मुख्य परिधान है ।

बौद्ध धर्म की भांति जैन धर्म में भी इन्द्र एक उपेक्षित देवता हैं । कल्पसूत्र की परम्परा है कि स्वर्ग के उपभोक्ता इन्द्र के पट्ट महिषियाँ, तीन परिषद्, सात सेना आदि हैं ।75 इन्द्र पूजा का विवरण इन्द्र मह के नाम से जैन साहित्य में मिलता है76 जो आषाढ़ पूर्णिमा को होता था । इसमें लोग भरपूर खाते-पीते, नृत्योत्सव व आमोद प्रमोद करते थे77 जिसे आज की भाषा में रंगारंग कह सकते हैं । काम्पिल्यपुर में इन्द्र महोत्सव के लिये राजा दुर्मुख ने नागरिकों से इन्द्र केतु स्थापित कराया जो अनेक

प्रकार से अलंकृत व सुशोभित किया गया ।78 यह इन्द्र केतु पूर्व चर्चित इन्द्र ध्वज या इन्द्र यष्टि की भांति ही रहा होगा। वृहद्कल्प भाष्य के अनुसार हेमपुर में भी इन्द्र मह का आयोजन होता था जिसमें कुमारियां अपने सौभाग्य के हेतु बलि, पुष्प, धूप आदि से इन्द्र की पूजा करती थी ।79 अन्तःवृद्दशा के अनुसार पोलासपुर में भी इन्द्र महोत्सव होता था ।80 इन्द्र मह के आमोद प्रमोद की तुमल ध्वनि से जैन साधु स्वाध्याय नहीं कर पाते थे ।81 जैन परम्परा के अनुसार भारत चक्रवर्ती को इन्द्र ने अलंकारों से सज्जित अपनी उंगली दी। उसी विशेष घटना को लेकर आठ दिन तक उत्सव मनाया गया ।82

आरम्भिक मथुरा कला में जैन शिल्प में इन्द्र नहीं दिखाई देते। किन्तु महावीर के जन्म का ऐसा प्रसंग अवश्य है जिसमें इन्द्र के पदाति सेनापति नैगमेश ब्राह्मणी देवदत्ता के गर्भ से क्षत्रियाणी त्रिशला के गर्भ में महावीर के भ्रूण की स्थापना इन्द्र के आदेश से करते हैं और इन्द्र को इसकी सूचना देते हैं किन्तु इस प्रस्तर खण्ड में दुर्भाग्य से इन्द्र का प्रदर्शन अब शेष नहीं बचा ।83 जैन चैत्यालयों के समक्ष महेन्द्र ध्वज या इन्द्र ध्वज स्थापित करने का विधान था ।84 रायपसेणिय में इस प्रकार के अनेक स्तम्भों का उल्लेख है और यह अनुमान सही है कि इस आगम ग्रन्थ के रचयिता ने मथुरा का कंकाली स्थित विशाल जैन स्तूप अवश्य देखा होगा ।85 जैसा कि पहले संकेत किया जा चुका है मथुरा के जैन शिल्प में इन्द्र यष्टि का अनुमान लगाया जा सकता है ।86 डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल ने तो स्थापनाचार्य या स्थापना को इन्द्र यष्टि या वैजयन्ती माना है ।87

मेरे विचार से श्रीवत्स और कंडयूकस पहचाने वाले कुछ मंगल चिन्हों में इन्द्र यष्टि का प्रभाव सुस्पष्ट है।

जैन धर्म में इन्द्र एक सहायक देवता के रूप में ही प्रतिष्ठा पा सके हैं और बौद्ध धर्म की भांति जैन धर्म में भी उन्हें पर्श्वचर्या परिचायक रूप में स्वीकार किया है ।88

ब्राह्मण, बौद्ध और जैन धर्मों के साहित्य व शिल्प में इन्द्र से सम्बन्धित विहङ्गम सर्वेक्षण के अनन्तर मथुरा शैली में बनी इन्द्र की प्रतिमाओं का अवलोकन कर लिया जाय। इनमें से कुछ को आज ही इन्द्रासन पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया जा रहा है।

यदि विद्वान् मूर्तियों से इन्हें समर्थन की शक्ति मिली तभी इन्हें यह गौरव प्राप्त हो सकेगा अन्यथा नहुष की भांति इन्हें पुनः धरातल देखना पड़ सकता है। इन्द्र की यही स्थिति होती रही है अतः उनकी प्रतिमाएं भी शिखर पर आरूढ़ न हो सकें तो कोई विशेष बात नहीं है।

मैं विभिन्न आयोजनों के लिये अपने मित्र मथुरा संग्रहालय के निदेशक डॉ० अरविन्द कुमार

श्रीवास्तव व उनके समस्त सहयोगियों के अथक प्रयास के लिये आभार व्यक्त करता हुआ सफलता की कामना करता हूँ तथा मूर्तिशास्त्र, कला व पुरातत्व के महान् शोधपीठ मथुरा संग्रहालय का हृदय से सम्मान करता हूँ। इसकी वीथिका व सुरक्षित संकलन से स्पन्दित ज्ञान के प्रकाश की रश्मियों से मैं भी यत्किंचित आलोकित व लाभान्वित हो सका हूँ अतः यह संस्कृति तीर्थ वास्तव में वन्दनीय एवं अभिनन्दनीय है।

सन्दर्भ

१ आवश्यक चूर्णि २ पृष्ठ १९३ तथा जगदीश चन्द्र जैन कृत जय आगम साहित्य में भारतीय समाज पृ० १८३

२ A. A. Macdonal-Vedic Mpthology 1971 p. 54

३ ऋग्वेद १.३२. ६.१८

४ वही ८.४५

५ वही ८.१७ तथा अथर्ववेद ६.८२

६ ऋग्वेद २.१६, १.१०४

७ वही १०.२८, ६.१७, ८.६६

८ वही १.१७४,८.७९

९ वही ४.१८

१० वही १७,४४

११ वही ४.१८

१२ संदर्भ संख्या २ पृष्ठ ५६

१३ ऋग्वेद १.६८

१४ वही १.६४

१५ N. P. Joshi & R. C. Sharma, Catalogue of Gandhar Sculpture in the State Museum, Lucknow PP. 65-66, fig. 20

१६ ऋग्वेद १.५७, १०.८९

१७ वही १.३२, २.१२

१८ वही १.३२

१९ वही १.३३, १.६१

२० वही १.१६, १.१०१

२१ वही १०.६७

२२ वही ३.३०

२३ वही ६.३०, १०.११९

२४ वही ३.४६

२५ वही १.१७३

२६ वही १.५२

२७ वही ८.८९

२८ मथुरा संग्रहालय, संख्या ७०.५८ (गुप्त काल), लखनऊ संग्रहालय संख्या ने० ६१२ (कुषाण काल) N. P. Joshi, Catalegue of Bramanical Sculptures in the State Museum, Lucknow, 1972, p.80, fig.1

२९ ऋग्वेद ४.२४

30 Development of Hindu Iceenegraphy, 125*, p.53-54

३१ मथुरा संग्रहालय संख्या ई० २४

३२ संदर्भ संख्या २ पृ० ६६

33 S. M. Gajendragadkar, Indra In the epic proceedings and Transanion of All India oriental Conference Nagpur University, 1951, p. 79

३४ महाभारत आदि पर्व २०७.२५, सभापर्व ४४.-६६, शान्ति पर्व ६४.४

३५ उद्योग पर्व ६४.४१

३६ उद्योग पर्व १३१.२६

३७ उद्योग पर्व ६५.६

३८ उद्योग पर्व १०.३६

३९ आदि पर्व ६३, १२-१७

40 K. D. Bajpai, Indra in Early Literature and art (RITAM) July 1059 p. 128

४१ आदि पर्व ६३.२२-२५

४२ संदर्भ संख्या २ पृ० ५८

४३ वही

४४ शल्य पर्व ४६.२-४

४५ रघुवंश ३.४६

४६ ललित विस्वर ६.२७, ७.२६-२७, १५.८१, १५, १२१, १५, १५२

४७ आदि पर्व ७१. २६-२६

४८ उद्योग पर्व ६.६-१२

४९ आदि पर्व २१०.२७

५० मथुरा संग्रहालय संख्या १५.११७८

५१ शान्ति पर्व २६६.४७-५१

५२ वही २४२.२३

५३ वही २८७

५४ आदि पर्व ६३.११६, १२२.३५

५५ वही ६७.१४४-४५

५६ सभापर्व ३८.२६

५७ आदि पर्व २२७.२३

५८ वन पर्व २२८.७

५९ वही २८७

६० वही ६२.६

६१ उद्योग पर्व ११.६-१६ तथा १५.२२

६२ वन पर्व ४७.१७

६३ संदर्भ संख्या ३३ पृष्ठ ८२

६४ आदि पर्व ३२

६५ ऋग्वेद २.१८, ४.४६, ६.४७ ८.१

६६ आदि पर्व १८.४०

६७ कुमार संभव ५.८०

६८ मथुरा संग्रहालय मूर्ति संख्या एम०३ और ४६. ३२२६

६९ वन पर्व १३१.२३-२४, १६७.२०

७० मथुरा संग्रहालय सं०

७१ ललित विस्तर १५.१५२

७२ वही १:२७, ७.२७

७३ वही ७.२७ (गद्य)

७४ लखनऊ संग्रहालय सं० बी० १६, बी० २३, और बी २०७ का भाग। तीनों कलाकृतियाँ मथुरा शैली की हैं।

७५ जगदीश चन्द्र जैन कृत जैन आगम साहित्य में भारतीय समाज, १९६५, पृ० ४३०

७६ आवश्यक चूर्णि पृ० २१३

७७ निशीथ सूत्र १६,११-१२

७८ ज्ञातृ धर्म कथा १, पृ० २५
७९ वृहत्कल्प भाष्य ४.५१५३
८० अन्तःवृद्दशा ६, पृष्ठ ४०
८१ संदर्भ संख्या ७५ पृष्ठ ४३१ .
८२ संदर्भ संख्या ७६
८३ लखनऊ संग्रहालय संख्या जे० ६२६, Smith's Jain Stupa pl: XVIII
84 U. P. Studies in Jaina Art, 1955, p. 57–58
85 R. C. Sharma, Art Date in Rayapaseniya, Bulletin of Museums & Archaeology in U. P. No.2, June 1972
86 Smith's Jain Stupa etc. pl. XXXVIII a fig. 2,3 pl. LXXII, fig. 2, 5, pl. LXXXII, fig. 3, 4.
८७ संदर्भ संख्या ८४ पृष्ठ ८०
88 U. P. Shah, Begimings of Jaina Icon' graphy, Bulletin of Museums & Archaeology in U. P. No. 9, June 1972, p.ll.

सन् १८५७ के गदर में दयानन्द सरस्वती की भूमिका—

—डॉ० रामेश्वर दयाल गुप्त

एम. ए., बी. एस. सी., पी. एच. डी., रामेश्वर कुञ्ज ज्वालापुर

अपनी गुरुकुल पत्रिका [जौलाई १६८२] के अङ्क में जाटों को सर्वखाप पंचायत जिला मुजफ्फर नगर से प्राप्त अभिलेखों के आधार पर यह दिखाया है कि १८५७ के स्वातन्त्र्य युद्ध की मूल प्रेरणा चार वेदज्ञ सन्यासी सर्वश्री स्वामी ओमानन्द, तद्शिष्य स्वामी पूर्णानन्द, उनके शिष्य दंडी स्वामी निरजानन्द और विरजानन्द के शिष्य स्वामी दयानन्द सरस्वती थे। यह साक्षियां निर्दोष और निष्पक्ष हैं। उनकी पुष्टि ३ और स्रोत हैं। उनकी क्रमशः गुरुकुल पत्रिका में सविस्तार देते हैं।

प्रथम स्रोत—

स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा अपने जीवन की गतिविधियों का १८५५ से १८६३ तक का वृत्तान्त जो उन्होंने बंगाल के राष्ट्रीय नेताओं यथा महर्षि देवेन्द्र नाथ ठाकुर (रवीन्द्र नाथ ठाकुर के पिता) एवं केशवचन्द्र सेन प्रभृति के पास गोपनीय कह कर छोड़ा था।

स्व० पं० दीनबन्धु उपाध्याय ने कलकत्ता में महर्षि के समवर्ती बंगाली महाशयों के घरों से सामग्री इकट्ठी कर के संकलित किया और जिसे अब स्वामी सच्चिदानन्द योगी ने १६७२ ई० में नारायण आश्रम नैनीताल से प्रकाशित किया है। उनमें पृष्ठ १८० के बाद जो वर्णन दिये है उनसे तत्कालीन स्थिति का बोध होता है। दयानन्द सरस्वती का यह नवीनतम प्रकाशित आत्म चरित्र है। उसी से उद्धरण देते है।

अजमेर के अनुभव—रास्ते में मन्दिरों में, बाजारों में, दुकानों में, नहाने के घाटों में और अतिथि शालाओं में अर्थात् सर्वत्र स्वदेश और स्वयं की रक्षा के लिये आन्दोलन और आलोचना व्यापक रूप से चल रही थी।

सभी जगह चर्चा थी कि विदेशी मगरमच्छों से स्वदेश की रक्षा करनी चाहिये। अजमेर आने से पहले मारवाड़ में भी अनुभव मिला था कि जनता स्वधर्म और स्वदेश की रक्षा हेतु किसी

व्यक्ति शाली और धार्मिक राजा को ढूंढ रही थी। उपयुक्त नेता और संचालक मिलने से युद्ध करने के लिये भी तैयार थी।

(पृष्ठ १८१) जयपुर से दिल्ली—

मालूम हुआ है कि दिल्ली महा समाधि में निमग्न हैं। दिल्ली में भी रास्ते में, बाजारों में, दुकानों में, पथवरी यात्रियों में, साधु संन्यासियों में तथा कर्मचारियो मे, मुख्य रूप से यही चर्चा थी कि अब सहन करना कठिन है। अब तो जीवन की बाजी में रखकर भी और स्वधर्म का उद्गार करना ही चाहिये।

यहाँ एक लड़के ने व्यग्य में कहा कि देखो देश दुःखी है और यह साधु लोग केवल पेट पूजा ही में व्यस्त हैं। देश और धर्म की रक्षा के लिये कुछ नहीं करेंगे। अन्य साधु तो वृद्ध हुये, पर इसने मेरी आँख खोल दी। मुझे यह देवदूत लगा।

पता लगने पर ज्ञात हुआ कि लगभग ३४ वर्ष पूर्व इस लड़के के पिता माता योद्धादयाराम हाथरस के जमींदार थे और हाथरस के किले की रक्षा के समय लार्ड हैंटिंगज के अविराम बम्ब वर्षा के सम्मुख युद्ध कर के वीरगति को प्राप्त हुये थे। (प्रसिद्ध क्रान्तिकारी राजा महेन्द्र प्रताप इन्हीं दयाराम के वंशज हैं—लेखक)

(पृष्ठ १८३) में लालकिले के सम्मुख बैठा था। एक साधु आया और कहा कि जाओ हरिद्वार में शुद्ध हो आओ। पर देश को राहु और केतु ने ग्रसा हुआ है। उसकी रक्षा का व्रत लो।

इस साधु से एकान्त में मेरी बहुत समय तक बात हुई थी। आगे ज्ञात हुआ कि वह एक मराठी पंडित साधुवेश मे था। यह भी बताया कि कोई एक सो पंडित इसी वेश मे घूम रहे है।

(पृष्ठ १८५) एक दक्षिण भारतीय साधु से बैलोर विद्रोह का मर्मान्तिक वृत्तान्त और उसे दबाने की प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही मुझे ज्ञात हुई।

(पृष्ठ १८६) बंगाली साधु द्वारा बीस वर्ष पूर्व घटी बारिकपुर की घटना का वर्णन मिला यहीं ओलों की गोली से देवी सैनिक भूने गये थे।

(पृष्ठ १८७) आबू से हरिद्वार तक पैदल जाने पर मैंने देखा कि सब आवाल वृद्ध पलासी युद्ध की पराजय का बदला लेने को उत्सुक हैं। सभी जगह गुप्त समितियां स्थापित हो गई। क्रान्तिकारी लोगों में आपस में सांकेतिक और गुप्त भाषाओं का प्रयोग होता था।

(मूल पृष्ठ १८६) तथा प्रस्तावना पृष्ठ १०६ से ११३ तक)

हरिद्वार में नील पर्वत पर ठहरा। एक दिन पांच आगन्तुक मेरी कुटी के सामने जाकर खड़े हो गये। यह थे द्वितीय बाजी राव पेशवा के दतक पुत्र धुन्धु पन्त (नाना साहब), द्वितीय थे उन के साथी जतीमुल्ला खां, तृतीय थे उनके भाई बाला साहब, चतुर्थ थे तांत्या टोपे और पंचम थे जगदीशपुर के जमींदार कुंवरसिंह। नाना के प्रश्न के उत्तर में मैंने कहा कि किसी विदेशी राज को किसी विदेश पर हकूमत चलाने का हक नहीं है। भारत असभ्य देश नहीं है। अंग्रेज भारतीय से ज्यादा सुसभ्य नहीं है। इनके राज्य को अधिक सहन करना महापाप है। बाला जी के दूसरे प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि रजवाड़ों की अनेक्यता और हमारा आत्मविरोध ही हमारी हुई दुर्दशा का कारण है। तांत्या टोपे, अजी मुल्ला, कुंवरसिंह के प्रश्नों का उत्तर दिया था और कहा था कि युद्ध १०० वर्ष तक चल सकता है।

(पृष्ठ १६५) में इन लाखों साधुओं को संगठित करूंगा। शेष जनता को तुम संगठित करो। सामरिक जनता में प्रचार के लिये कमल पुष्प और असामरिक जनता में प्रचार के लिये चपातियों का व्यवहार होगा। पर विद्रोह की कोई तिथि निश्चित कर देनी चाहिये। नाना ने मुझे विठूर जाने का निमन्त्रण दिया जो मैंने स्वीकार कर लिया।

(पृ० २००) चारों मठों के साधुओं ने हमारे संगठन को जगन्मिथ्या कहकर टाल दिया। (पृष्ठ २०१) वैष्णव सम्प्रदाय के साधुओं ने भी दूसरे ढंग की भाषा का प्रयोग कर के मुझकों निराश किया। उन्होंने कहा कि भगवान के स्थान में देश-समाज राष्ट्र की सेवा करना महापाप है।

(पृष्ठ २०५) दो एक रोज के बाद ही झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई और उनकी सहचरी रानी गंगाबाई ने तीन कर्मचारियों के साथ आकर प्रणिपात किया। रानी ने श्वसुर कुल का राज्य न देने की बात कही और युद्ध के लिये आशीर्वाद मांगा। मैंने कहा स्वदेश और स्वधर्म की रक्षा के लिये जो अपने अस्थाई शरीर को देते हैं वे कभी नहीं मरते। हम भगवान से आपके लिये शुभ और कल्याण की कामना करते हैं। उन्होंने एक हजार रुपया मेरे सम्मुख रख कर सम्मान दिखाया।

(पृष्ठ २०६) नाना साहब और नये अपरिचित सज्जन सात आठ रोज के बाद फिर हमसे मिलने आये। मैंने राजा गोबिन्द नाथ राय तथा रानी लक्ष्मीबाई के दिये सब रुपये उन्हें दे दिये। उन्होंने स्वातन्त्र्य युद्ध के लिये आशीर्वाद मांगा। मैंने आशीर्वाद दिया और उपदेश भी।

(पृष्ठ २०८) साधु लोग आते रहे और मैं स्वदेश रक्षा के लिये उन्हें तैयार करता रहा। साधु

लोगों ने कहा कि करीब ढाई सौ साधुओं के नामों की तालिका बनाई है। यह स्वदेश रक्षा के लिये तैयार हैं। मैंने कहा सैन्यावासों की अब और सब दिशाओं में फैल जाओ। कमलपुष्प और चपाती का फैलना आवश्यक है। मैंने इंगित मात्र में कहा कि उत्तर भारत में मेरठ की तरफ, पूर्व भारत में बारीकपुर की तरफ और दक्षिण भारत में वेलौर की तरफ जाना। और दिल्ली के योग माया मन्दिर के पुरोहित त्रिशूल बाबा से सम्पर्क रखियेगा। वहां से नियमित समाचार मिलेगा और आप लोगों के समाचार हमें वहां से मिलने चाहियें।" हरिद्वार से ऋषिकेश तथा टिहरी गढ़वाल की राजधानी श्रीनगर गये। वह यात्रा यों हुई—

केदारनाथ-रुद्रप्रयाग, शिवपुरी, गुप्तकाशी, गौरीकुण्ड, भीमयुग का, त्रियुगी नारायण, तुंगनाथ, जोशीमठ, बद्रीनारायण वसुधारा, रामपुर (श्रीनगर के पास), काशीपुर।

फोटोस्टेट पत्र में भी स्वामी जी महाराज के यत्र-तत्र वर्णित स्थलों के आधार पर उनका निम्न स्थानों पर निम्नतिथियों का होना लिखा है—

द्रोण सागर काशीपुर=नवम्बर-दिसम्बर १८५६
सम्भल-मुरादाबाद=जनवरी-फरवरी १८५७
गढ़मुक्तेश्वर=मार्च-१८५७
मैं कानपुर में कैन्टोनमैन्ट वाली सड़क से होकर प्रविष्ट हुआ।
कानपुर और इलाहाबाद के बीच इन पांच महीनों में रहा।
मिर्जापुर-मई, जून, जौलाई सन् १८५७।
विन्ध्याचल-सितम्बर १८५७
बनारस-अक्टूबर १८५७
चाण्डालगढ़=१० दिन
बनारस=मध्य नवम्बर १८५७
तदनन्तर नर्मदा स्रोत की ओर चला गया।

(उक्त इतिहास की भूमिका में पृष्ठ १०२)

अब इन तिथियों का मिलान गदर की तिथियों से करें तो सिद्ध होगा कि जिस जिस दिन उस नगर में १८५७ का विद्रोह-युद्ध हुआ, स्वामी जी वहां उपस्थित थे। गदर के घटना चक्र की तिथियां थी—

२९ मार्च को सार्जेन्ट ह्यूमन को मंगल पाण्डे ने गोली मारकर निश्चित तिथि ३१ मई से पहले ही (Premature) युद्ध छेड़ दिया।

१० मई को मेरठ में विद्रोह प्रारम्भ हुआ जो मुक्तेश्वर के पास है।
१८ मई को मुरादाबाद मे विद्रोह।
३१ मई को लखनऊ मे विद्रोह।
५ जून को कानपुर मे विद्रोह का समारम्भ तथा ६ जून को अधिकार।
१५ जून को फतेहपुर में विद्रोह।
२५ जून को अंग्रेजों का समर्पण।
२७ जून को अंग्रेजों का नावों मे इलाहबाद को प्रस्थान और मैस्कर घाट पर आक्रमण।
१ जौलाई को बिठूर मे नाना का राजतिलोत्सव।
१५ जौलाई को फतेहपुर के विद्रोह का दमन
१५ जौलाई को बीबीपर (कानपुर) मे अंग्रजो का हत्याकाण्ड (मेमोरियल वैल में)।
१६ जौलाई को हैवलाक का शिवराजपुर के पास बाघेरों आदि से युद्ध।
३१ जौलाई को विठूर महल और मन्दिरो का तोप से उडाया जाना।

यह स्पष्ट है कि कानपुर मे स्वामी जी ५ जून को विप्लवारम्भ वाले दिन भी थे। २२ जून कोकेन्टोन्मैन्ट के उत्तरी पूर्वी भाग मे स्थित मैस्कर घाट पर भी थे। १५ जौलाई और ३१ जौलाई को वे बिठूर मे थे जब वाघेर वीरता से लडे और महल तोप से उडाये गये। यह सजीव चित्रण १८७० मे अपने द्वारा लिखित सत्यार्थ प्रकाश में उन्होने (अधिक विवरण दिये बिना) यों किया है—

"जब संवत १८१४ ई० के पूर्व मे तोपो के मारे मन्दिर–मूर्तिया अंग्रेजो ने उडा दी थी तब मूर्ति कहाँ गई थी ? प्रत्युत बाघेर लोगो ने जितनी वीरता की और लडे, शत्रुओ को मारा, परन्तु मूर्ति एक मक्खी की टाग न तोड सकी। जो श्रीकृष्ण के सदृश कोई होता तो उनके धुर्रे उडा देता और ये भागते फिरते।"
(सत्यार्थ प्रकाश समु० ११)

इससे अधिक १८७० ई० मे लिखा नही जा सकता था। इसमे आँखो देखा वर्णन है, पराभव पर मर्मान्तिक पीडा है और भारतीय शौर्य पर महान् गौरव की अनुभूति और विदेशी सत्ता के प्रति आक्रोश। बाघेर क्षत्रिय बिठूर के आसपास रहते हैं। इनको आबू के यज्ञ पर प्रगट किया गया था। ये गुजरात से निकलकर फैले थे। और रीवा का राजवश इन्ही का था।

कानपुर क्षेत्र में विजय लाभ न होते देख नाना साहब तो गंगा पार के बरेली क्षेत्र में युद्ध सञ्चालन हेतु चले गये और स्वामी जी मिर्जापुर, चान्दालगढ और बनारस को। जहाँ सिक्ख फौज ने विद्रोह दबा दिया था। स्वामी जी नर्मदा के स्त्रोत अमरकन्टक की ओर चले गये जो बाघेर राजा रीवा वाले की सीमा

में था। रीवां की सेना ने भी नवम्बर-दिसम्बर सन् १८५७ में विद्रोह किया, पर परास्त हुई। मध्य भारत क्षेत्र में दो वर्ष तक स्वामी जी और तात्यां टोपे रहे। अप्रैल १९५९ में तात्यां टोपे की शक्ति समाप्त हो गई। आगे पं० दीनबन्धु जी की पुस्तक में पृष्ठ २३६ पर यों वर्णन है—

मैं धनुष कोटि से कन्याकुमारी आया। यहां रामेश्वरम् के भव्य मन्दिर में ठहरा। मन्दिरों में घूम-घूम कर साधु संगठन कार्य का प्रयत्न किया। संगठन पूरा न होने से विफल रहा। जो पचास हजार सैनिक गये थे वे नेपाल में प्रविष्ट हुये, पर जंग बहादुर सिंह राना ने कड़ी भाषा में आश्रय देने से इन्कार कर दिया। अचानक एक दिन कुछ साधु आये और कहा हम दिल्ली के योगमाया मन्दिर से समाचार लाये हैं। ये मुण्डित और गेरुवावस्त्रधारी थे। उनमें से एक नाना साहब को पहिचान लिया। मैंने कहा युद्ध, पराजय और नेपाल प्रवेश तक मैंने सब सुन लिया है। पर हताश या निराश होने का कोई कारण नहीं है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिये युद्ध में जय या पराजय दोनों ही लाभदायक है। दूसरे सज्जन तात्यां टोपे और तीसरे मेरे साथी दुर्जन राव थे। नाना साहब ने आत्महत्या को कहा। मैंने कहा आत्महत्या पाप है।" भारत के पश्चिमी सीमा की तरफ किसी मठ-मन्दिर में रहकर जनसेवा के लिये जीवनदान कीजिये। मैंने नाना साहब को सन्यास देकर उनका नाम दिव्यानन्द स्वामी रख दिया। शेष दोनों ने सन्यास लेने का साहस नहीं किया।

आगे भूमिका के पृष्ठ १४४ पर भाष्यकार की एक और खोज तथा सूचना है कि नाना साहब मोर्वी में अर्थात् स्वामी दयानन्द की जन्मभूमि में नगर सेठ की हवेली में प्रच्छन्न रूप में रहे। और वहीं उनको समाधि है। मरने पर राजसी ठाठबाट से उनका क्रियाकर्म उस अथाह रकम से हुआ था जिसे वह अपनी छड़ी में शिवालय के पुरोहित के पास छोड़ गये थे।

सन् १८५७ के युद्ध की बात वे किसी को भी न बता सके। यदि बता देते तो फाँसी पर लटका दिये जाते। हां अपने बाद के जीवन में उन्होंने श्याम जी कृष्ण वर्मा को जर्मनी बम्ब बनाना सीखने को भेजा था। श्याम जी कृष्ण वर्मा ने लाला हरदयाल और वीर सावर कर को इस हेतु सन्नद्ध किया था। दोनों से अस्त्र-शस्त्र भारत में भेजे थे। सावरकार ने अपने दादागुरु की आज्ञानुसार सन् ५७ के स्वातन्त्र्य युद्ध का इतिहास भी लिखा था, पर वह जब्त कर लिया गया था।

१८६० ई० के लगभग जब अंग्रेज शासक विद्रोह का पूर्णतया बदला ले चुके थे और वे शान्ति स्थापना का ढोंग रचने लगे थे तो दयानन्द सरस्वती उत्तरी भारत की स्थली में पुनः प्रगट हुये। सन् ५७ के युद्ध में जाटों और राजपूतों ने कोई विशेष भाग नहीं लिया था। वे जाटों की रियासत मुरसान में पहुँचे। वहाँ के शासक दयाराम को एक युद्ध में तोप से उड़ा दिया गया था। दयाराम ने वंशज एक युवक

ने ही उन्हें दिल्ली में भर्त्सना देकर क्रान्तिकारी बनाया था। जिन बंधुओं को वहाँ का राज्य स्वपक्ष में कर के अंग्रेजों ने वहाँ की गद्दी दी थी, उनसे सम्पर्क किया। बाद में वहाँ के उत्तराधिकारी राजा महेन्द्र प्रतापसिंह प्रसिद्ध क्रान्तिकारी बने और अंग्रेजों ने उन्हें देश से निर्वासित कर दिया था।

मुरसान में उन्हें कुछ ऐसा भान हुआ कि कुछ समय और गुप्त रहना आवश्यक है। अस्तु वे गुरु विरजानन्द की कुटी में मथुरा पहुँचे और वेदाध्ययन की ओर ध्यान दिया। यों गुरु विरजानन्द ने स्वयं इस क्षेत्र में विद्रोह का बीज वपन किया था।

वहाँ एक सजातीय औदीच्य गुजराती ब्राह्मण अमर लाल ने उनके भोजनाच्छादान का प्रबन्ध कर दिया। वे ३ वर्ष तक वहाँ रहे। १८६३ में गदर के फलस्वरूप रानी विक्टोरिया ने भारत का राज्य ईस्ट इन्डिया कम्पनी से हस्तान्तरित करके ब्रिटिश ताज (Crown) के मातहत ले लिया और घोषणा की कि हम भारतीय प्रजा को माता-पिता-वत पालन करेंगे। इसका उत्तर दयानन्द सरस्वती ने १८७० में प्रथम प्रकाशित सत्यार्थप्रकाश के ६ठे समुल्लास में दिया कि "विदेशी शासन, चाहे प्रजा पर माता-पिता वत प्यार का शासन करे, परन्तु वह विदेशी ही है और प्रजा को स्वराज्य ही श्लाघनीय है।" भारतीय कांग्रेस को पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पास करने में ४५ वर्ष और लगे [१८८५ से १६३० तक], जब कि लाहौर कांग्रेस में १६३० में पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पास किया गया। तब तक तो वे अंग्रेजो के मातहत औपनिवेषक स्वराज्य ही को अपना ध्येय मानते थे। दयानन्द सरस्वती ने पूर्ण स्वराज्य को बात १८७० में कह डाली थी।

दूसरा श्रोत—

जिला सिहोर (मध्यप्रदेश) का गजेटियर तथा खोजें जिनमें नाना साहब का वहाँ बसने तथा वहाँ से स्वामी दयानन्द की जन्मभूमि टंकारा (मौरवी) में जाकर स्वर्गस्थ होने और अपने खेत में स्वर्णमुद्रायें आदि छोड़ने की कथा है। इसे पत्रिका के अगले अंक में सविस्तार देंगे।

तीसरा श्रोत—

अपने डॉ० सत्यकेतु विद्यालङ्कार ने लन्दन की इन्डिया हाउस लायब्रेरी में वैलोर विद्रोह की फाइल का अध्ययन किया है। वहाँ १८५८ में हुये एक कोर्ट मार्शल का पूरा विवरण है जिसमें गिरफ्तार किये एक साधु प्रचारक का बयान है कि मूल नामक उदासी साधु जो पूर्णानन्द का शिष्य है, महरौली स्थित मन्दिर से सारे विद्रोह का संचालन कर रहा है। मूलशंकर की यह कथा अभी लिखने से श्री सत्यकेतु ने मना कर दिया है क्योंकि हरिद्वार के उदासी साधुओं के रैकर्ड देखे जा रहे है। जब यह पूरी खोज आर्य जगत के सामने आवेगी तो वे भावविह्वल हो जावेंगे और अपने स्वामी के जीवन के इन गुप्त ४ वर्षों का गौरवमय इतिहास पढ़ेंगे। थोड़ी प्रतीक्षा करें।

श्री स्वामी श्रद्धानन्द के गुरुकुल कांगड़ी में—

—श्री वीरेन्द्र
प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब,

स्वामी श्रद्धानन्द और गुरुकुल इन दो शब्दों का घनिष्ठ सम्बन्ध है। जब हम श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज को याद करते हैं, तो उनके गुरुकुल की भी याद आ जाती है। और जब गुरुकुल की बात करते हैं तो श्री स्वामी श्रद्धानन्द का जिकर किये बगैर नहीं रह सकते। यद्यपि आज सारे देश में कई स्थानों पर गुरुकुल खुल गये हैं, परन्तु गुरुकुलीय आन्दोलन के प्रवर्तक श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी ही थे। उन्होंने सबसे पहले १६०२ में हरिद्वार से लगभग १० मील दूर कांगड़ी ग्राम के समीप अपने गुरुकुल की आधार शिला रखी थी। और यही संस्था हमारे देश के लिये एक प्रकार से प्रकाश स्तम्भ का काम करने लगी है। क्योंकि इससे पहले इस प्रकार की कोई और संस्था न थी। इसने हमारी शिक्षा प्रणाली को भी एक नयी दिशा दी और हमें नये सिरे पर विचार करने का एक अवसर मिल गया। श्री स्वामी जी महाराज ने अपने इस गुरुकुल को सफल बनाने के लिये अपना तन, मन, धन सब कुछ दे दिया। और दूसरे के सामने एक उदाहरण रखने के लिये अपने ही दो सुपुत्रों को लेकर यह गुरुकुल कांगड़ी प्रारम्भ कर दिया।

गुरुकुल कांगड़ी १६०२ में प्रारम्भ हुआ था। १६०२ से लेकर १६२४ तक यह एक विशाल विश्वविद्यालय के रूप में चलता रहा। इसे देखने के लिये एक बार भारत के वायसराय भी वहाँ गये। वर्तानीय के प्रधानमन्त्री रैम्जेमैक्डानल भी वहां गये और महात्मा गांधी भी वहाँ गये। जो भी वहाँ गया वह उससे प्रभावित होकर आया। और यह संस्था अपने देशवासियों का मार्गदर्शन करती हुई बड़ी सफलता पूर्वक चलती रही। इसकी सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण इसके वे योग्य स्नातक हैं, जिन्होंने अपनी योग्यता, परिश्रम तप और त्याग से अपने धर्म, देश और समाज की सेवा की है।

१६०२ से लेकर १६२४ तक यह गुरुकुल वहीं चलता रहा। १६२४ में गंगा में बाढ़ आई और इस गुरुकुल के कई भवन बहा ले गई। उसके पश्चात् इसको स्वामिनी संस्था आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने इसे वहां से हरिद्वार में कनखल के निकट लाने का फैसला किया और वहीं इस समय गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के नाम से एक संस्था चल रही है।

मैंने इस लेख का शीर्षक श्री स्वामी श्रद्धानन्द के गुरुकुल कांगड़ी में इसलिये रखा है कि श्री

स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज वाला गुरुकुल गंगा के पार कांगड़ी ग्राम के पास ही रह गया। जो दूसरा गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार में कनखल के समीप चल रहा है, वह गुरुकुल अवश्य है, परन्तु वह स्वामी श्रद्धानन्द का गुरुकुल नहीं है। मैं नहीं कह सकता कि किन परिस्थितियों में गुरुकुल को एक यूनिवर्सिटी बनवाया गया था, परन्तु उसने इस संस्था का रूप ही बदल दिया है। जब हम उसे स्वामी श्रद्धानन्द का गुरुकुल बन ना चाहें, तो न बना सकेंगे। इसलिये इस समय में पाठकों को केवल पुराने गुरुकुल की तरफ ले जाना चाहता हूं। जो कांगड़ी ग्राम के समीप श्री स्वामी जी महाराज ने स्थापित किया था। उस स्थान को अब हम पुण्य भूमि के नाम से याद करते हैं। १६२४ में जब उस स्थान को छोड़ दिया गया, तो उसके पश्चात् लगभग ५० वर्ष किसी ने उधर ध्यान नहीं दिया। इसका एक परिणाम यह हुआ कि कई पुराने भवन गंगा की बाढ़ में बह गये। कई टूट गये और कुछ लोगों ने तोड़ दिये। और एक ऐसी स्थिति पैदा हो गई कि वहां कोई नया गुरुकुल न चल सकता था। उसमें एक कठिनाई यह भी रही है कि वर्षा ऋतु के चार मास में वह चारों तरफ से पानी से घिर जाता है। और वहाँ पहुँचना भी कठिन हो जाता है। परन्तु अब सरकार ने कांगड़ी ग्राम के नजदीक से एक सड़क निकाल दी है। जो बिजनौर तक जाती है, इसलिये आना-जाना कुछ आसान हो गया है। फिर भी वर्षा ऋतु के दिनों में वहां पहुँचना इस समय भी असम्भव है।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा ने यह सोचकर कांगड़ी ग्राम के नाम पर यह संस्था शुरु हुई थी और इसी नाम से विख्यात हुई। इसके लिये क्यों न हम पहले कांगड़ी ग्राम का पुनरुद्धार करें। इसके लिये वे वहाँ गये। अपने साथ गुरुकुल के कुछ अध्यापक ले गये, सारी स्थिति को देखा और गुरुकुल ने उस ग्राम को अपना लिया। अब वहाँ एक सड़क बन गयी है। एक बच्चों का स्कूल खुल गया है। एक पुस्तकालय भी बन गया है। सरकार के कई उच्चाधिकारी वहाँ दो-तीन बार हो आये है। और उन्होंने यह आश्वासन भी दिया है कि वे इस ग्राम को धीरे-धीरे उभारने का प्रयत्न करेंगे। पिछले दिनों बिजनौर के अधिकारियों ने कहा कि यदि गुरुकुल की ओर से दस हजार रुपया दे दिया जाय तो ४० हजार रु० सरकार देगी। इस तरह धीरे-धीरे इसके लिये रुपया मिलता रहेगा। और यह ग्राम उन्नति करता जायेगा। गुरुकुल के कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा ने धन एकत्रित करना शुरु किया। इसके लिये पांच हजार रुपया आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने दिया। ५ हजार आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली ने दिया। २ हजार रुपया आर्य वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर के निवासियों ने दिया और दो हजार के लगभग गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अध्यापक वर्ग ने दिया। इस प्रकार अब वहां सड़क भी बन रही है। हरिजनों के लिए कच्चे मकान भी बन रहे हैं। दो गैस प्लांट भी लग रहे हैं। पिछले वर्ष गुरुकुल के अध्यापकों ने वहाँ जाकर कोई एक हजार नये पेड़ पौधे लगाये थे। और आगे के लिये भी

उनका बहुत बड़ा कार्यक्रम है। इस प्रकार वे कांगड़ी ग्राम को अपना कर उसका जीवनोद्धार कर रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी लिख दूं कि वहाँ कुछ वे व्यक्ति भी अभी वहां बैठे हैं, जिन्होंने प्रारम्भ में श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी के साथ मिलमर गुरुकुल के भवन बनवाये थे। एक व्यक्ति अर्जुन सिंह जिसकी आयु १०२ वर्ष हो गयी है, वे कई बार स्वामी जी को याद करके रोने लगते हैं और कहते है कि उनके साथ ही मिलकर वह नये भवन बनवाने के लिये ईंटे उठाकर ले जाया करता था। दो वर्ष हुए जब गुरुकुल कांगड़ी के वार्षिकोत्सव पर उसको वहां लेकर सम्मानित किया गया था।

परन्तु गुरुकुल के अधिकारियों का लक्ष्य केवल कांगड़ी ग्राम ही नहीं वह पुण्यभूमि भी है जहां पहले गुरुकुल प्रारम्भ किया गया था। कुछ दिन हुए जब गुरुकुल के कुलपति बलभद्र कुमार हूजा तीन दिन वहाँ जाकर रहे, ताकि सारी स्थिति का अनुमान लगा सकें। वे इस परिणाम पर पहुँचे हैं कि पुण्य भूमि को फिर बसाने के लिये जो कुछ भी हो सकता है, हमें करना चाहिये। इस दिशा में उन्होंने अगला पग २१ दिसम्बर को उठाया, जबकि वहाँ राष्ट्रीय सेवा योजना का एक शिविर १० दिन के लिये लगाया गया है। इसमें गुरुकुल के ५० विद्यार्थी उस पुण्यभूमि में रहते हैं। २१ दिसम्बर ८२ को जब इस शिविर का उद्घाटन हुआ, मैं भी उस समय वहीं था और बिजनौर के जिलाधीश भी वहाँ आये थे। आर्य वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर से बहुत सी माताएं और कई वृद्ध पुरुष भी वहां पहुंचे थे। बिजनौर के जिलाधीश महाविद्यालय के भवन को देखकर इससे प्रभावित हुए कि उन्होंने मुझ से कहा कि पुण्यभूमि और उस पर खड़े सब भवन उनके हवाले कर दिये जायें। वे इस पर जितने भी रुपये की भी आवश्यकता होगी, रु० लगाकर इसे या तो एक कृषि शिक्षा केन्द्र या युवक केन्द्र या योग साधना केन्द्र या किसी और रूप में इसका प्रयोग करेंगे। मैंने उसे कहा कि इस भूमि और इस पर खड़े इस भवन के साथ आर्यसमाज का इतिहास और उसकी भावनाएं इतनी अधिक संबन्धित है कि हम इसे किसी और को नहीं दे सकते। परन्तु यदि सरकार रास्ते में पड़ने वाले नालों पर किसी प्रकार से सड़क बना दे तो हम यहां कोई और संस्था प्रारम्भ कर देंगे। उसने कहा कि वे इसके लिए भी तैयार हैं। परन्तु पहले उन्हें यह पता होना चाहिये कि हम इस भूमि और इस पर खड़े भवन का क्या प्रयोग चाहते है। जिस दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का उद्घाटन हुआ तो वहाँ हवन यज्ञ भी किया गया। बिजनौर के जिलाधीश और दूसरे अधिकारी भी उसमें सम्मिलित हुए और उसी समय उन्होंने घोषणा की कि पुण्य भूमि पर कोई संस्था प्रारम्भ करने के लिये सरकार से जो भी सहायता मांगी जायेगी वह देगी।

मैं शिविर के तीसरे दिन फिर वहाँ उन युवकों को मिलने गया, जो वहां १० दिन के लिए रहेंगे। उनके उत्साह को देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई कि वे कई-कई घण्टे कांगड़ी ग्राम में जाकर वहां लोगों

की सेवा करते है। उन्हें पढ़ाते हैं, उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास करते हैं। कुछ युवकों ने मुझे यह भी कहा कि गुरुकुल को यहीं क्यों नहीं ले आते। मैंने उनके सामने अपनी कठिनाईयां रखी, और सबसे बड़ी कठिनाई यह है कि चार मास यह पुण्यभूमि बाकी के संसार से कट जाती है। इसके पास के जङ्गल से रात्री को हाथी और कई दूसरे जङ्गली जानवर भी वहां आ जाते हैं। इसलिये जब तक पूरा प्रबन्ध न हो कोई संस्था वहां प्रारम्भ करना आसान न होगा।

मैंने श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी के गुरुकुल कांगड़ी का एक संक्षिप्त चित्र पाठकों के सामने रखा है। मैं चाहता हूं कि आर्य जनता इस पर विचार करे कि उस पुण्यभूमि पर हम फिर कोई जीती जागती संस्था कैसे खड़ी कर सकते हैं। अप्रैल १६८३ में गुरुकुल का वार्षिकोत्सव होगा। हमारा विचार है कि इस बार एक अधिवेशन वहीं किया जाय। ताकि वहां जाकर आर्य जनता को पता चल सके कि किन परिस्थितियों में श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ने वहां यह गुरुकुल प्रारम्भ किया था। मैं वर्तमान गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति और उनके अध्यापक वर्ग को बधाई देता हूं कि उन्होंने एक भूली कहानी को फिर से याद दिला दिया है, और हमारा ध्यान पुण्यभूमि की ओर खींच दिया है। यदि हम सब मिलकर इस समस्या का कोई समाधान ढूंढ सकें तो यह श्री स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज की वास्तविक यादगार बनेगी।

"मथुरा कला की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ"—

—डॉ॰ बी॰ सी॰ सिन्हा,

अध्यक्ष प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

कला का उद्‌भव और विकास मानव की सौन्दर्य-भावना का परिचायक है। "भारतीय कला भारतवर्ष के विचार, धर्म तत्वज्ञान और संस्कृति का दर्पण है।" भारतीय जन-जीवन की पुष्कल व्याख्या कला के माध्यम से हुई है।1 और इस दृष्टि से मथुरा कला का एक विशिष्ट स्थान है। प्राचीन काल में चीन ने मुख्य रूप से आकृति प्रधान (Formal) यूनान ने प्रतिकृति प्रधान (Repre Sentahne) और भारत ने अभिव्यक्ति प्रधान (Expressiv) कला को अपनाया। भारतीय रचनाओं में बाह्य सौन्दर्य प्रदर्शित करने की अपेक्षा आन्तरिक भावों के अकंन को विशेष महत्व दिया गया। भारतीय कला में प्रतिकृति मूलक कृतियों का सर्वथा अभाव हो, ऐसी बात नहीं, किन्तु प्रधानता भाव-व्यञ्जना की ही रही है। "काव्य की भांति कला की आत्मा भी रस ही मानी जाती थी। रस की अभिव्यक्ति ही कला का परम लक्ष्य था। इसके अभाव में यूनानी तथा पश्चिमी कला चित्ताकर्षक होते हुए भी निष्प्राण और निर्जीव है। भारतीय कल. कई बार उतनी यथार्थ और नयनाभिराम न होते हुए भी प्राणवान् और सजीव है।"2

उत्तरप्रदेश मे यमुना नदी के तट पर अवस्थित मथुरा एक प्राचीन नगर है। मधु दैत्य के नाम पर सम्भवतः इसका प्राचीन नाम मधुवन था। परम्परा प्रचलित है कि मधु दैत्य का संहार करके शत्रुघन ने इस नगर को बसाया था। ईसा पूर्व छठी शती में यह शूरसैन जनपद की राजधानी थी। योगेश्वर कृष्ण जन्म-भूमि मथुरा अति प्राचीन काल से हिन्दुओं का पवित्र तीर्थ रहा है और आज भी वैष्णव धर्म का यह एक प्रसिद्ध स्थान है।

मौर्यों के पतन से गुप्तों के उत्कर्ष तक भारतीय कला का इतिहास अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इन शताब्दियों में भरहुत, सांची और बोध-गया का निर्माण हुआ। इसी काल में मथुरा गान्धार तथा अमरावती आदि स्थानों की कला भी मुखरित हुई। शुंगकाल में जब ब्राह्मण धर्म का पुनरुत्थान हो रहा था तो कला के क्षेत्र में देश के अनेक केन्द्रों में पाषाण-घटित शिल्प और स्थापत्य का व्यापक प्रचार हुआ। स्तूप, तोरण-वेदिका तथा मूर्तियों की रचना के लिये पत्थर का प्रयोग सामान्य बात हो गई। यक्ष तथा नाग

---

१ वासुदेव शरण अग्रवाल, भारतीय कला पृष्ठ १।

२ हरिद्वार वेदालङ्कार, भारत का सांस्कृतिक इतिहास पृष्ठ १७७-१६८।

आदि लोक देवताओं का अंकन भी पत्थर पर किया जाने लगा। हम सब कहते हैं कि शुंगकाल में ब्राह्मण धर्म के पुनरुत्थान में मथुरा कला की भूमिका सशक्त नहीं होगी। शुङ्गकला की यह विशेषता है कि उसमें सैकड़ों भागों से लोक के प्राणवन्त जीवन को अभिव्यक्त होने का स्थान मिला।" 1ब्राह्मण धर्म से सम्बन्धित अनेक अलकंरण जीवन्त हो उठे। इसमें श्री लक्ष्मी, पूर्णघट, कल्पवृक्ष, मकर, कच्छप, यक्ष-यक्षी, नाग-नागी, वृक्ष, बैल, सिंह, हाथी और घोड़ा विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। ये अभिप्राय प्राचीन धार्मिक मान्यताओं के सूचक थे। शुङ्गकला में जितने अधिक अलंकरण हैं उनका वर्गीकरण और संग्रह करने पर भारतीय कला की एक पूर्ण सौन्दर्य संहिता ही निर्मित हो जाती है।

शुङ्गकालीन मथुरा में भरहुत की लोक कला और सांची की विशिष्ट शैली दोनों साथ-साथ चल रही थी। मथुरा के शिल्पकारों ने भरहुत और सांची के कलाकारों से प्रेरणा ली थी, किन्तु सांची की अपेक्षा यह भरहुत से ज्यादा सम्बन्धित थी।"2 कुमार स्वामी ने लिखा है कि मथुरा में यक्ष और यक्षणियों की जो आरम्भिक मूर्तियां बनी, वे कालान्तर में अन्य देवताओं के निर्माण के लिये आधार बन गयी।"६ इसी प्रसंग में यह एक उल्लेखनीय बात है कि शुङ्गकालीन मथुरा कला ने अपने को यक्ष तथा पाषाण वैष्टिनी की कला तक ही सीमित नहीं रखा वरन् ऋणमूर्तियों के निर्माण में भी उल्लेखनीय योगदान दिया।"4 मथुरा के शिल्पियों ने ब्राह्मण-धर्म से सम्बन्धित जिन देवताओं को शिल्प पर उकेरा, उनमें बलराम की एक बड़ी मूर्ति बड़ी ही मनोहारी है। लखनऊ के राज्य संग्रहालय में यह आज भी सुरक्षित है।

उत्तरी भारत में मथुरा कला का एक महान् केन्द्र था। उसकी समृद्धि का मुख्य समय प्रथम शती ईसा पूर्व से तीसरी शती ई० तक स्वीकार किया जा सकता है, किन्तु उसके बाद भी लगभग चार सौ वर्षों तक मथुरा के शिल्प वैभव का युग बना रहा। शुङ्गकाल में परखम यक्ष जैसी महकाय प्रतिमाओं का निर्माण मथुरा में किया जा चुका था। उसी परम्परा को कुषाण युग में और आगे बढ़ाया गया। मथुरा, ब्राह्मण, बौद्ध और जैन तीनों धर्मों का केन्द्र था। अतः तीनों कलाओं के अवशेष यहां भारी संख्या में प्राप्त हुए हैं। कुषाण-वंश का उत्कर्ष काल मथुरा कला का स्वर्णयुग था। इस युग की श्रेष्ठता की तुलना बहुत कम युगों से की जा सकती है। मथुरा के शिल्पियों ने भरहुत और सांची की कला को आत्मसात कर

१ भारतीय कला, पृष्ठ १५५।

२ बी० सी० सिन्हा, हिस्ट्री आफ दी शुङ्ग डायनेस्टी, पृष्ठ-१५३

३ यक्षाज, पृष्ट ३६

४ हिस्ट्री आफ दी शुङ्ग डायनैस्टी, पृष्ठ १५३।

उसे और भी विकसित किया। वे नये रूप, नयी शैली और नये विषय में कार्य करने लगे। उनके हाथों में शिल्प कला ललित कला बन गई और उसी शोभा का मानदण्ड बहुत ऊंचा उठ गया।[1] बुद्ध की प्रतिमा तो मथुरा शिल्पियों की सबसे बड़ी मौलिक देन है ही, ब्राह्मण धर्म सम्बन्धी देवी-देवताओं की मूर्तियों के प्रथम निर्माण का श्रेय भी उन्हें प्राप्त है।

ऐसा प्रतीत होता है कि बुद्ध मूर्तियों से पहले भी मथुरा के शिल्पियों ने ब्राह्मण धर्म की मूर्तियों की ओर ध्यान दिया। विष्णु, लक्ष्मी, दुर्गा तथा कार्तिकेय आदि की सबसे प्राचीन मूर्तियां मथुरा में ही प्राप्त हुई हैं। भागवत् धर्म के प्रभाव से ये मूर्तियां सबसे पहले बननी आरम्भ हुई। भक्ति आन्दोलन का आरम्भ मथुरा से होकर धीरे-धीरे सम्पूर्ण उत्तरी भारत में व्याप्त हो गया। यह सरलता से कहा जा सकता है कि मथुरा की सामग्री का अध्ययन किये बिना ब्राह्मण धर्म सम्बन्धी देव-मूर्तियों का अध्ययन पूर्ण नहीं हो सकता। कला के माध्यम से ब्राह्मण धर्म के प्रचार में मथुरा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। मथुरा की लाल चित्तीदार मूर्तियों का निर्यात, सांची, सारनाथ, कौशाम्बी, श्रावस्ती, वैराट, बंगाल और अहिच्छत्रा आदि स्थानों को हुआ।

मथुरा कला में यक्ष यक्षी, नाग-नागी तथा श्री लक्ष्मी आदि की बहुसंख्य मूर्तियां मिली है। मथुरा की मृणमूर्तियों से सिद्ध होता है कि वह माता देवी की उपासना का भी महत्वपूर्ण केन्द्र था। मातृपूजा की परम्परा में कितनी ही देवियां मथुरा कला में पायी जाती हैं। इनमे लक्ष्मी, महिषासुर-मर्दिनी, भद्रा, हारीती और सप्तमातृकायें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मथुरा की धार्मिक सहिष्णुता वहां की कला में पूर्ण रूप से प्रतिबिम्बित है। अपनी मौलिकता सुन्दरत्व और रचनात्मक विविधता एवं बहुसंख्यक सृजन के कारण मथुरा कला का पद भारतीय कला में बहुत ऊंचा है।[2]

मथुरा कला में श्री लक्ष्मी की एक बहुत ही सुन्दर खड़ी हुई मूर्ति मिली है। देवी पूर्णघट पर खड़ी हुई दाहिने हाथ से स्तन को बढ़ाकर दूध की धारा बहा रही है। मथुरा कला में नाग और यक्ष मूर्तियों का बड़ा समूह लोकधर्म से सम्बन्धित है। यक्ष पूजा की परम्परा कुबेर मूर्तियों के रूप में आगे बढ़ी। मथुरा कला में कुबेर की अनेक लम्बोदर मूर्तियां मिली हैं, जिनमें दोनों हाथ भारवहन मुद्रा में ऊपर उठे हुए हैं।

---

१ भारतीय कला, पृष्ठ १५६

२ भारतीय कला, पृष्ठ २६४।

ब्राह्मण धर्म को सहिष्णुता प्रदान करने की दिशा में मथुरा कला ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। देवी हारीती और धन के देवता कुबेर का अंकन साथ-साथ किया गया है। इसी प्रकार बौद्ध देवी हारीती और ब्राह्मण देवी भद्रा की धार्मिक परम्परा भी जुड़ गयीं और इन दोनों को कुबेर की पत्नी मान लिया गया। मथुरा कला में नाग मूर्तियों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। मथुरा में बहुत पहले से बलराम की पूजा प्रचलित थी और उन्हीं के साथ नाग देवताओं को भी मान्यता मिल गई।

मथुरा शिल्प की बहुसंख्यक मूर्तियों से ब्राह्मण धर्म की मूर्तिपूजा को बड़ा बल मिला। कुषाण काल के आरम्भ में ब्राह्मण धर्म के अनेक देवी-देवताओं की मूर्तियां मथुरा शिल्प में बनाई गई। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ी और गुप्तकाल में अपने पूर्ण विकास पर पहुँच गई। शिव, सूर्य और गज-लक्ष्मी की मूर्तियां शुङ्गकाल में बनाई जा चुकी थीं। ब्रह्मा, शिव, कार्तिकेय, गणपति विष्णु, सूर्य, इन्द्र, बलराम, कामदेव और कुबेर, कुषाण काल की प्रमुख मूर्तियां हैं।

देवी मूर्तियों में लक्ष्मी, हारीती, दुर्गा और सप्तमातृका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। (सप्तमातृता ब्राह्मणी, वैष्णवी, माहेश्वरी, इन्द्राणी, कांमारी, वाराही, नरसिंही, और चामुण्डा)। गुप्तकालीन स्वर्णयुग में भारतीय कलाओं ने अभूतपूर्व उन्नति की। गुप्त राजाओं के समय शिल्प और कला चरम उत्कर्ष पर पहुँच गई। सौन्दर्य और कला-जीवन में इतनी समाविष्ट हो चुकी थी कि वह अपने युग की सर्वांगपूर्वा कृतियों की तन्मयता में डूबकर साकार हुई।[1]

गुप्त युग से शेषशायी विष्णु की मूर्तियां अत्यन्त ही लोकप्रिय हुई। इस समय श्रीकृष्ण की जीवन लीलाओं का भी मूर्तरूप में प्रदर्शन होने लगा। गोवर्धन लीला और कालिय मर्दन लीला का अंकन मथुरा की कला में सजीव हो उठा है। मथुरा के एक खण्डित शिला-पट्ट पर कृष्ण के मथुरा से गोकुल ले जाने का दृश्य बड़ा ही मनोहारी है।

मथुरा शैवों के पाशुपत धर्म का भी बड़ा केन्द्र बन गया था। पाशुपत लोगों में लिंगार्चन का बड़ा महत्व था। इसीलिये मथुरा में अनेक शिवलिङ्गों की स्थापना हुई। गुप्त-युग में लिंगार्चन की पूजा पद्धति का मथुरा में और भी विकास हुआ। शैव धर्म की लोकप्रियता मथुरा की अनेक मूर्तियों से सूचित होती है।

धर्म के क्षेत्र में कला मनुष्य के उन प्रयत्नों का प्रतीक है, जिसके अन्तर्गत उसने परम सत्ता को साकार रूप देने का प्रयत्न किया है। इस दृष्टि से ब्राह्मण धर्म को मथुरा कला की देन अनुपम है।

—◆◆—

१ शची रानी गुर्टु, कला दर्शन, पृष्ठ ३२६।

योग क्या है ?

—प्रो० ज्ञानचन्द शास्त्री
प्रवक्ता हिन्दी विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

चित्त की वृत्तियों (मन, बुद्धि, अहङ्कार) का निरोध ही योग है। योग का अर्थ हुआ 'मिलना' अर्थात् (ईश्वर प्राप्ति) और ईश्वर से तभी मिल सकता है जब वह काम वासना, आसक्ति और संस्कारों का परित्याग कर दे। जब हमारी वाणी, कार्य और सत्ता भगवन्मय हो जाती है, उसी अवस्था का जीव और बल का मिलन अर्थात् योग प्राप्त होता है।

चित्त में रज, तज, सत्वगुणों का प्राधान्य होता है। पर चित्त सत्यप्रधान प्रकृति परिणाम है। सात्विक गुण की अधिकता से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। जब चित्त में लेशमात्र भी बल नहीं रहता तो सत्यप्रधान चित्त स्वरूप में प्रतिष्ठित होकर प्रकृति पुरुष विवेक ज्ञान प्राप्त कर लेता है। योग का उद्देश्य है आत्मा को अपने यथार्थ स्वरूप का ज्ञान कराना, जिससे वह अपने मानसिक विचारों से पृथक् समझ सके। चित्त की वृत्तियों के निरोध होने पर ही यह स्थिति सम्भव होती है। चित्त की पांच अवस्थाये होती है, क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, एकाग्र, निरूद्ध।

(क) क्षिप्तता में रजोगुण की अधिकता के कारण चित्त चंचल बना रहता है। इसमें सुख-दुखादि विषयों की ओर स्वतः प्रवृत्त रहता है। यह अवस्था योग के अनुकूल नहीं है।

(ख) मूढावस्था में तमोगुण की प्रधानता होती है। इसमें निद्रा, आलस्यप्रमाद का प्रादुर्भाव होता है।

(ग) विक्षिप्तावस्था में चित कुछ समय के लिये एक विषय पर केन्द्रीभूत होता है पर ध्यान अन्य विषयों पर चला जाता है। इसमें चित्त की आंशिक स्थिरता होती है। यह अविद्या से उत्पन्न दुःखों को दूर नही कर सकता है।

(घ) एकाग्रावस्था में चित्त बहुत समय तक एक विषय पर लगा रहता है। यह अवस्था चित्त के केन्द्रीकरण की है। इस अवस्था में चित्तवृत्तियों का पूर्ण निरोध नही होता है।

(च) निरूद्धावस्था अन्तिम अवस्था है। इस अवस्था में चित्त की सभी वृत्तियों का लोप हो जाता है। इस अवस्था में चित्त स्वाभाविक स्थिरता एवं शान्ति को प्राप्त कर लेता है। चित्त की वृत्तियां प्रधानता पाँच है—प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा, स्मृति।

(छ) प्रमाण-सत्यज्ञान, प्रत्यक्षज्ञान, प्रमाण कहलाता है।

(ज) विपर्यय-मिथ्या ज्ञान, विपर्यय कहलाता है।

(झ) विकल्प—शब्दज्ञान से उत्पन्न होने वाला, परन्तु सत्यवस्तु से शून्यज्ञान विकल्प है। खरगोश के सिङ्ग का शाब्दिक अर्थ तो हम समझ जाते हैं परन्तु इसमें वास्तविकता नहीं होती। यह केवल शाब्दिकज्ञान है। अर्थ से हीन होने से आर्थिक नहीं।

(ट) निद्रा- तम के आधिक्य पर अवलम्बित होने वाली वृत्ति निन्द्रा है, जिसमें जाग्रत और स्वप्न वृत्तियों का अभाव रहता है। गहरी निद्रा का भान हो ज्ञान होने पर होता है।

(ठ) स्मृति—अनुभव किये गये विषयों का बिना परिवर्तन के ठीक स्मरण आना ही स्मृति है। चित्त के समस्त व्यापारों का अवस्थाओं का अन्तर्भाव इन्हीं पाँचों के भीतर किया जा सकता है। जब चित्त चंचल लहरों का उठना बन्द हो जाता है तब इन अवस्थाओं को समाधि योग कहा जाता है।

समाधि दो प्रकार की होती है—सम्प्रज्ञात तथा असम्प्रज्ञात। पर विषयगत विभाजन करने से चार अवस्थाएं होती हैं। सवितर्क समाधि में किसी स्थूल भौतिक विषय पर चित को एकाग्र किया जाता है उदाहरणार्थ किसी मूर्ति पर ध्यान एकाग्र करना। दूसरी समाधि सविचार कहलाती है। इस अवस्था में सूक्ष्मदशा का ध्यान किया जाता है। उदाहरणार्थ-तन्मात्र का ध्यान। तृतीय समाधि सानन्द कहलाती है। इस अवस्था में और भी सूक्ष्मदशा में ध्यान जमाया जाता है। इसमें विषय का यथार्थ स्वरूप प्रकट हो जाता है, उदाहरणार्थ—इन्द्रिय। चौथी समाधि (सास्मित) कहलाती है। इस समाधि में अस्मिता या अहङ्कार पर ध्यान जमाया जाता है। इस अन्तिम अवस्था में आत्मा का साक्षात्कार हो जाता है। साधक को यह अनुभव हो जाता है कि आत्मा, शरीर, मन, अहङ्कार, सबसे भिन्न है। इस प्रकार विवेक ज्ञान होने पर चित्त सभी अन्य विचारों से अपना सम्बन्ध त्याग देता है। यही असम्प्रज्ञात समाधि अथवा परम योग कहलाता है। यही अन्तिम अवस्था है। इस अवस्था को प्राप्त होने पर योगी समस्त सांसारिक विषयों से मुक्त हो जाता है।

आत्मा शुद्ध, बुद्ध, चैतन्य स्वरूप ही कैवल्य या मोक्ष का आनन्द प्राप्त करता है। यह अवस्था दुःखों से अत्यन्त निवृति है। अर्थात् इस अवस्था को कोई बन्धन जन्य क्लेश नहीं रह जाता मनुष्य जीवन के चरम पुरुषार्थ को प्राप्त कर लेता है। जब तक पूर्वजन्म का संस्कार चलता रहता है तब तक चित्त की वृत्तियों का पूर्ण निरोध सम्भव नहीं होता और जब तक वृत्तियों का पूर्ण निरोध नहीं होता तब तक पुन-र्जन्म की सम्भावना का नाश नही हो जाता है। भूत संस्कार से वर्तमान जीवन तथा वर्तमान संस्कार से भविष्य जीवन होता है। अतः संस्कारों के स्थूल विनाश के लिये निरन्तर योगाभ्यास की आवश्यकता है।

चित्त अनेक क्लेशों का भाजन है जिन्हें दूर करने से ही वह योग मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। ये समग्र क्लेश पाँच प्रकार के होते है—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष, अभिनिवेश।

१—अनित्य, अपवित्र, दुःख तथा अनात्म में क्रमशः नित्य, पवित्र, सुख तथा आत्म बुद्धि रखना अविद्या कहलाती है।

२—मन और वृद्धि को आत्मा मान लेना अस्मिता है। सुख, दुःख का अनुभव साक्षात् रूप से बुद्धि करती है। इसी कारण पुरुष को मांग की उपलब्धि होती है।

३—सुखोत्पादक वस्तुओं में जो लोग या तृष्णा उत्पन्न होती है, उसे राग कहते हैं।

४—दुःख की स्मृति के साथ जो क्रोध होता है, वह द्वेष कहलाता है।

योग के तीन प्रमुख मार्ग हैं—ज्ञानयोग, भक्तियोग और कर्मयोग।

१—हम अपनी बुद्धि, स्वभाव तथा योग्यता के अनुरूप ही किसी योग का सहारा लेते हैं, जिनकी निष्ठा ज्ञान में अधिक है, वे ज्ञान योग का सहारा लेते हैं तथा आत्मा के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान करते हैं। जो शरीर इन्द्रिय और मन से भिन्न हैं, इसी तरह उनकी आत्मा-परमात्मा से मिल जाती है, यही ज्ञानयोग है।

२—भाव-प्रधान व्यक्तियों के लिये भक्तिमार्ग है, जो ईश्वर के चरणों में सब कुछ न्यौछावर कर देता है। इस आत्मसमर्पण से ही उसे भगवत् प्रणति कहते हैं।

३—जो लोग कठिन कर्मों की साधना में विश्वास करते हैं उनके लिये कर्मयोग हैं। इस योग के तीन प्रमुख अङ्ग हैं—तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्राणिधान। इस मार्ग से भी ईश्वर प्राप्ति हो जाती है। जब साधक अनासक्त हो ईश्वर को ही साक्षी समझ सभी कर्मो को करता है, तो वह ईश्वर से मिल जाता है।

महापुरुषों के वचन—

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति ।। कठोपनिषद् ।।

अर्थ :—हे मनुष्यों ! उठो जागो–सावधान हो जाओ और श्रेष्ठ महापुरुषों को पाकर उन के द्वारा उस परम पिता परमेश्वर को जानो । क्योंकि ज्ञानीजन उस पथ को छुरे की तीक्ष्ण दुस्तर धारा के सदृश दुर्गम बतलाते हैं ।

हे मनुष्यों । तुम जन्म-जन्मान्तर से अज्ञान निद्रा में सो रहे हो । अब तुम्हें सौभाग्य से यह मानव चोला मिला है । अतः इसे पाकर एक भी क्षण आलस्य-प्रमाद में मत खोओ श्रेष्ठ ज्ञानी विद्वानों के समीप जाकर उन से अपने कल्याण का मार्ग समझो-प्राणप्रिय प्रभु को पाने का रहस्य जानो । वह परम तत्व बड़ा गहन है, उस का बोध महापुरुषों की संगति और प्रभु कृपा के बिना नहीं हो पाता । वह पथ ऐसा ही तीक्ष्ण है जैसे कि छरे की धार अतः किसी श्रेष्ठ ज्ञानी महापुरुष के संरक्षण में ही इस पथ पर चलना चाहिये ।

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ।।

अर्थ :—वहाँ (ईश्वर में) न तो सूर्य प्रकाशित होता है, न चन्द्रमा और न ही ये तारों का समूह और न ही ये बिजलियां ही वहां प्रकाशित होती हैं । फिर यह अग्नि तो वहां कैसे प्रकाशित हो सकती है । क्योंकि उस के प्रकाशित होने पर ही ये सब सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशित होते हैं । उसी के प्रकाश से ही यह सम्पूर्ण जगत् प्रकाशित होता है ।

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।
तत्स्वयं योगसंसिद्धिः कालेनात्मनि विन्दति ।। (गीता ४.३८ ।।)

हे अर्जुन ! ज्ञान के सदृश दूसरी कोई पवित्र वस्तु नहीं है । परन्तु यह ज्ञान केवल उपदेश से नहीं मिलता जब मनुष्य कर्मयोग में प्रवृत्त होकर बलिदान करता है तो समय पाकर उस स्वयं इस ज्ञान को पवित्रता का साक्षात्कार हो जाता है और बड़े से बड़ा पापी भी इस मार्ग पर चलकर अपने अन्दर एक चमत्कार पाता है । (समर्पण भाष्य)

श्रद्धावांल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेन्द्रियः ।

ज्ञानं लब्ध्वा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति ।। गीता ४.३६ ।।

हे अर्जुन ! आरम्भ में तो दूसरों के अनुभव से श्रद्धा पाकर ही मनुष्य वह ज्ञान प्राप्त करता है, परन्तु जब वह जितेन्द्रिय होकर उस ज्ञान को आचरण में लाने तत्पर हो जाता है तो शीघ्र ही उस श्रद्धा जन्य शान्ति से भी बढ़कर साक्षात्कार जन्य शान्ति प्राप्त हो जाती है। क्योंकि वह अनुभव से ज्ञान पा लेता है। (समर्पण भाष्य)

महापुरुष चरितम्—

महर्षि दयानन्द—

निखिलनिगमवेत्ता, पापतापापनेता, रिपुनिचयविजेता, सर्वपाखण्डभेत्ता ।

अतिमहिततपस्वी, सत्यवादी मनस्वी, जयति स समदर्शी, वन्दनीयो महर्षिः ।।

महापुरुष कीर्तनम् ।।

सम्पूर्ण वेदों को जानने वाले, पाप ताप को दूर करने वाले, विपक्षि दल पर विजय प्राप्त करने वाले, पाखण्ड का खण्डन करने वाले अति पूजनीय तपस्वी, सत्यवादी, मनस्वी, समदर्शी वन्दनीय महर्षि दयानन्द की जय हो।

विमलचरितयुक्तः, पापमुक्तः, प्रशस्तः, सकलसुकृतकर्त्ता, कर्मराशावसक्तः,

दलितजनसुधारे, सर्वदा दत्तचित्तः, जयति स कमनीयो वन्दनीयो महर्षिः ।। महापुरुष कीर्तनम् ।।

शुद्ध चरित्र वाले, निष्पाप, प्रशंसनीय, परोपकारी, कर्मों में अनासक्त, दलित वर्ग के सुधार में दत्तचित्त, सब के वन्दनीय महर्षि दयानन्द की जय हो।

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

यो विद्वान् प्रतिमान्वितः शुभगुणैः सर्वत्र पूज्योऽभवत् ।

स्वातन्त्र्यं समवाप्तुमेव सततं, यो यत्नशीलोऽभवत् ।

त्यागी देशहितार्थमत्र विविधाः सहिता हि यातनास्तं

सिंह नृषु लोकमान्यतिलकं, श्रद्धान्वितो नौम्यहम् ।। महापुरुष कीर्तनम् ।।

जो प्रतिभाशाली विद्वान् अपने उत्तम गुणों से सब जगह पूजनीय बने, जो देश को स्वतन्त्र कराने के लिये निरन्तर प्रयत्न करते रहे, जिन त्यागी महानुभावों ने देशहित के लिये अनेक कष्टों को सहन किया, ऐसे पुरुषों में सिंह के समान लोकमान्य तिलक को मैं श्रद्धापूर्वक नमस्कार करता हूँ।

गीताया विदधे प्रमोद जनकं भाष्यं विपश्चिद्वरो,
यो नित्यं शुभकर्मयोगनिरतः, सद्देशभक्ताग्रणीः ।
आसीद् यो जनता हृदामविरतं, सम्राड् बुधः सेवया,
तं सिंहः नृषु लोकमान्यतिलकं, श्रद्धान्वितो नौम्यहम् ॥ महापुरुष कीर्तनम् ॥

जिन उत्तम कर्मयोग में तत्पर, देशभक्तों के नेता महाविद्वान् तिलक जी ने गीता का अत्यन्त प्रसन्नता जनक भाष्य 'गीता रहस्य' के नाम से किया, जो अपनी सेवाओं के कारण जनता के हृदयों के निरन्तर सम्राट् थे, उन पुरुषसिंह लोकमान्य तिलक जी को मैं श्रद्धापूर्वक नमस्कार करता हूँ।

महात्मा "मोहन दास" गान्धी—

सत्ये रतोऽहर्निशमत्र योऽभूत्, परोपकारेऽर्पितचित्तवित्तः ।
प्राणिष्वहिंसाव्रतभृत् सुवृत्तः गान्धीमहात्मा सकलैः स वन्द्यः ॥ महापुरुष कीर्तनम् ॥

जो दिन रात सत्य में तत्पर रहे, परोपकार में जिन्होंने अपने तन मन, धन को अर्पित कर दिया, जो प्राणीमात्र में अहिंसाव्रती रहे ऐसे पूर्ण सदाचारी महात्मा गान्धी सब के वन्दनीय हैं।

सत्याग्रहस्यायुधस्यप्यमोघं प्राचारयद् यो भुवि शुद्धचेताः ।
तेनाद्भुतान्दोलनकारिवर्यः, गान्धी महात्मा सकलैः स वन्द्यः ॥ महापुरुष कीर्तनम् ॥

जिन्होंने शुद्ध चित्त होकर संसार में व्यर्थ न जाने वाले अहिंसा शस्त्र का प्रचार किया, इस के द्वारा अद्भुत् आन्दोलन करने वालों में श्रेष्ठ महात्मा गांधी सब के पूजनीय है।

भारतीय इतिहास लेखन पद्धति-एक सर्वेक्षण—

—ललित पाण्डेय
प्रवक्ता इतिहास विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

भारतीय अतीत के अध्ययन का प्रारम्भ अठारवीं शताब्दी में हो चुका था। ये अध्ययन मुख्य रूप से जेसुईट तथा ब्रतानीयों ने किया था। इन विद्वानों में सर विलियम जोन्स और चार्ल्स विल्किन्स प्रमुख थे। शीघ्र ही इस क्षेत्र में कार्य करने वाले विद्वानों की संख्या में वृद्धि होने लगी। १९वीं शताब्दी के आरम्भ में भारतीय भाषा-विज्ञान, प्रजाति विज्ञान और प्राच्य विद्या के अन्य क्षेत्रों में अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्य हुआ। यूरोप के अनेक लेखकों ने भारतीय विद्या में रुचि लेनी आरम्भ कर दी। इन विद्वानों में विद्वान् मैक्समूलर का नाम अग्रणी है। मैक्समूलर ने १८५६ में ए हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर पुस्तक लिखी। इस पुस्तक में मैक्समूलर ने यह मत प्रकट किया कि भारतीय का इहलौकिक घटनाओं के प्रति कोई ध्यान नहीं था। वे सदा पारलौकिक समस्याओं में ही उलझे रहते थे। परन्तु यह स्थिति अधिक समय तक नहीं रह सकी और शीघ्र ही भारतीय इतिहास में अध्ययन की नवीन धाराओं का विकास प्रारम्भ हो गया।

सर विलियम जोन्स ने १५ जून १७८४ ई० को ही कलकत्ता में एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल की स्थापना की थी, परन्तु इस क्षेत्र में उन्नीसवीं शताब्दी में शासन द्वारा भी सहयोग दिया जाने लगा था। इसका परिणाम यह हुआ कि १८६१ में भारत सरकार ने पुरातत्व विभाग की स्थापना की और कनिंघम को उसका कार्यभार सौंपा। इस विभाग की स्थापना से भारतीय अतीत के अध्ययन का क्षेत्र और अधिक विकसित हो गया। परन्तु इस प्रारम्भिक युग में भारतीय इतिहास के लेखन का क्षेत्र अत्यधिक सीमित था। प्रारम्भिक इतिहासकारों ने केवल राजनीतिक इतिहास और धार्मिक घटनाओं पर ही अपना ध्यान केन्द्रित रखा। भारतीय अतीत के आर्थिक इतिहास का लेखन भारत में अत्यधिक सीमित रहा। भारतीय अतीत के आर्थिक इतिहास का लेखन करने वाले प्रथम विद्वान् क्रिस्चियन लेसन थे। आपने १८४७ और १८६१ में भारतीय उद्योग और वाणिज्य पर चार खण्ड की एक पुस्तक लिखी। लेखन का कार्य भी मुख्य रूप से राजनीतिक इतिहास ही था। आर्थिक इतिहास पर इस पुस्तक में आंशिक रूप से ही लिखा गया। इसके पश्चात् रिचर्ड फिक ने १८९७ में जर्मन भाषा में एक पुस्तक लिखी। इस पुस्तक में फिक ने उत्तर पूर्वी भारत में जाति व्यवस्था का वर्णन करते हुए बुद्ध के समय में विद्यमान व्यापारिक

---

१ ए हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर १८५६ पृष्ठ ३

संघों का वर्णन किया है। फिक के इस कार्य को श्रीमती राइस डेविड्स ने और अधिक आगे बढ़ाया। उन्होंने १९०१ में छठी शदी ई० पू० के आर्थिक जीवन का लेखन किया।[1] परन्तु यह समस्त लेखन किसी एक विशेष क्षेत्र तक ही सीमित था। इस लेखन ने भारतीय आर्थिक इतिहास लेखन-पद्धति के क्षेत्र में किसी विशेष दृष्टिकोण को भी विकसित नहीं किया था।

यहां पर उल्लिखित किया जाना आवश्यक है कि १९वीं शताब्दी व २०वीं शताब्दी में अधिकांश भारतीय इतिहास लेखन दो विशिष्ठ विचारधाराओं से प्रभावित होकर किया जा रहा था। यह विचारधाराएं निम्न थी—

प्रथम विचारधारा के पोषक वे इतिहासकार थे जो ब्रितानी साम्राज्यवादी उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिये इतिहास का लेखन कर रहे थे। इन इतिहासकारों में जेम्समिल (१८१७) एल्फिनस्टोन आदि थे।

द्वितीय विचारधारा के पोषक वे भारतीय इतिहासकार थे जो राष्ट्रवादी आन्दोलन से प्रभावित होकर भारतीय इतिहास का लेखन कर रहे थे।

प्रथम विचारधारा के इतिहासकारों में विन्सिएण्ट स्मिथ का नाम महत्वपूर्ण है। स्मिथ प्रारम्भिक इतिहासकारों में सर्वाधिक निपुण इतिहासकार थे, जो इतिहास पद्धति से परिचित थे। आपके अधिकांश लेखन प्राचीन भारत के सामान्य इतिहास से सम्बन्धित है। परन्तु १९०४ में आपने एक महत्वपूर्ण विचार प्रतिपादित किया। आपके मत में प्राचीन भारत में राजा समस्त राज्य की भूमि का स्वामी होता था। यह एक ऐसा विचार था जो तत्कालीन ब्रितानी शासकों के हितों को पूर्ण करने में अत्यधिक सहयोगी था। इसके आधार पर ब्रितानी शासक भारतीय भूमि में अपने हितों के अनुकूल परिवर्तन करने में सफल हो सकते थे।

स्मिथ के अतिरिक्त इसी मध्य १९१६ में एच० जी० राविल्सन ने इन्टरकोर्स बिटवीन इण्डिया एण्ड द वेस्टर्न वर्ल्ड पुस्तक लिखी। इस पुस्तक में भारत व ग्रीकों-रोमन साम्राज्य वाणिज्यिक सम्बन्धों का विस्तृत अध्ययन किया गया था। इस समस्त लेखन का उद्देश्य यह सिद्धान्त स्थापित करना कि भारत

---

१ श्रीमती राइस डेविड्स, "नोट्स आन अर्ली इकोनॉमिक कंडिशन्स इनमार्थ इण्डिया जे० आर० ए० एस० १९०१, बाद में इस लेख को केम्ब्रिज हिस्ट्री आफ इण्डिया में सम्मिलित कर दिया गया।

के सदा ही यूरोपिन राज्यों से व्यापारिक सम्बन्ध रहे हैं और वर्तमान में ब्रितानी साम्राज्य को भारतीय आर्थिक स्रोतों के दोहन का अधिकार है।

इस ब्रितानी ऐतिहासिक विचारधारा को भारतीय राष्ट्रवादी शक्तियों द्वारा आलोचना की गयी। इन इतिहासकारों में दादाभाई नौरोजी व आर० सी० दत्ता का नाम महत्वपूर्ण है। भारतीय इतिहास के आर्थिक अध्ययन को करने वाले विद्वानों को इन उपर्युक्त लेखकों ने अत्यधिक प्रभावित किया।

इस राष्ट्रवादी ऐतिहासिक चिन्तन के क्षेत्र में १९०५ के बंगाल विभाजन ने उत्प्रेरक का कार्य किया। १९११ में एन० एस० सुब्बाराव ने इकोनामिक एण्ड पालिटिकल कन्डीशन्स इन एंशियन्ट इण्डिया तथा वेंकट रमन अय्यर ने टाउन प्लानिंग इन एशियन्ट इण्डिया पुस्तक लिखी। १९१२ में विद्वान राधा-कुमुद मुखर्जी ने इन्डियन शिपिंग एण्ड मेरिटाईम एक्टीविटी नामक पुस्तक लिखकर ब्रितानी इतिहासकारों को भारतीय आर्थिक इतिहास के सम्बन्ध में एक नई दिशा सुझाने का प्रयत्न किया। उन्होंने यह मत प्रतिपादित किया कि 'प्राचीन भारतीयों ने प्रकृति द्वारा प्रदत्त समस्त अवसरों का यथेष्ट उपयोग किया तथा अपनी सामुद्रिक शक्ति का विकास करके अन्य एशियायी देशों में अपनी औपनिवेशिक बस्तियाँ स्थापित की।"1

बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भिक दशक के मध्य १९०५ में आर. शामाशास्त्री ने कौटल्य के अर्थ-शास्त्र का अन्वेषण कर उसे १९०६ में प्रकाशित किया। इस पुस्तक ने भारतीय आर्थिक इतिहास लेखन के क्षेत्र में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान दिया। १९१० से १९३० के मध्य अधिकांश भारतीय लेखकों ने इस पुस्तक के आधार पर अनेक पुस्तकें व लेख लिखे। इस समस्त लेखन का उद्देश्य प्रारम्भिक भारतीय आर्थिक जीवन को गौरवान्वित कर भारतीयों में राष्ट्रवाद व गर्व की भावना को विकसित करना था। अर्थशास्त्र के आधार पर आर्थिक चिन्तन करने वाले विद्वानों में एच० सी० रे का नाम सम्भवतः प्रथम है। एच० सी० रे० ने कोटल्य की अनेक सामाजिक और आर्थिक नीतियों का उल्लेख करने हुए उनकी तुलना जर्मनी में बिस्मार्क के काल में विकसित हुए राज्य-समाजवाद से की है। इसी से मिलता जुलता कार्य राव बहादुर रंगास्वामी आयंगर ने १९२७ में किया। उन्होंने कौटलीय अर्थशास्त्र में प्रतिपादित सामाजिक-आर्थिक विचारों को राज्य-समाजवाद व लेसज पेयर नीति का मिश्रित स्वरूप बतलाया है।2

---

१ डी० एन० झा० स्टडीज इन अर्ली इण्डियन इकोनोमिक हिस्ट्री, पृष्ठ ५

२ आर० एस० शर्मा, आस्पेक्ट्स आफ एंशियन्ट इण्डिया थोट, पृष्ठ १४८-१४६

राष्ट्रवादी इतिहासकारों में ब्रितानी साम्राज्यवादियों को विचलित करने वाले इतिहासकार विद्वान् के० पी० जायसवाल थे। उनको अपने राष्ट्रवादी विचारों के कारण १६१२-१३ में कलकत्ता विश्वविद्यालय से त्यागपत्र प्रदान करना पड़ा था।

उन्होंने माडर्न रिव्यू में १६१२ से १६१५ के मध्य अनेक लेख लिखे, जो ११२४ में हिन्दू प.लिसी पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुए। उन्होंने स्मिथ के इस मत का प्रबल खण्डन किया कि प्राचीन भारत में भूमि राजा की सम्पत्ति थी। इसके विपरीत उन्होंने प्राचीन भारत में व्यक्तिगत स्वामित्व के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया।

१६१६ से १६२५ का काल भारतीय इतिहास लेखन की दृष्टि से अत्यन्त महत्व का काल है। इस समय राष्ट्रवादी और क्रान्तिकारी आन्दोलन अपनी चरम सीमा पर थे। इस मध्य अनेक ऐसे शोध लेख लिखे गये जिनमें प्रारम्भिक भारतीय आर्थिक संस्थाओं का वर्णन किया गया। इन कार्यों में आर. सी. मजूमदार की पुस्तक कारपोरेट लाइफ इन एशियेन्ट इण्डिया का प्रमुख स्थान है। यह पुस्तक १६६८ में प्रकाशित हुई। इस पुस्तक में यह विचार प्रतिपादित किया गया कि प्राचीन भारतीय अपने सार्वजनिक जीवन के प्रति भी काफी सचेत थी, आर्थिक क्षेत्र में उन्होंने ऐसी अनेक संस्थाओं का निर्माण कर लिया था। इस कार्य के दो वर्ष पश्चात् ही राधाकुमुद मुखर्जी ने लोकल गवर्नमेन्ट इन एंशियेन्ट इण्डिया पुस्तक लिखी। इस पुस्तक में उन्होंने दक्षिणी भारतीय अर्थ व्यवस्था का प्रमुख रूप से अभिलेखों के आधार पर वर्णन किया। यद्यपि इस क्षेत्र में के. आर. आर. शास्त्री का लेखन अधिक महत्वपूर्ण है। विद्वान् शास्त्री ने साउथ इन्डियन विल्डस नामक पुस्तक १६२५ में लिखी। दक्षिण भारत पर किया गया यह प्रथम कार्य था।

उपर्युक्त लेखन के अतिरिक्त एन. सी. बन्दोपाध्याय 1एस. के. दास, प्राणनाथ,2 और एम. एच. गोपाल3 का कार्य भी काफी महत्वपूर्ण है। यू. एन. घोषाल बीसवीं शदी के तृत य दशक के सम्भवतः ऐसे प्रथम इतिहासकार थे जिन्होंने हिन्दू कर प्रणाली का एक गम्भीर अध्ययन किया। उन्होंने भारतीय कर व्यवस्था को १७वी-१८वीं शदी की यूरोपीय कर व्यवस्था के समान बतलाकर हिन्दू कर व्यवस्था की श्रेष्ठता स्थापित की।4

---

१ इकोनोमिक लाइफ एण्ड प्रोग्रेस इन एंशियन्ट इण्डिया, कलकत्ता, १६२५।

२ एस्टडी इन द इकोनामिक कंडीशन आफ एंशियन्ट इण्डिया, लन्दन, १६२६।

३ मौर्यन पब्लिक फिनान्स, लन्दन, १६३५।

४ हिन्दू रेवन्यू सिस्टम, पृष्ठ २७३-२७६।

इस समस्त राष्ट्रवादी इतिहास लेखन का उद्देश्य जनता आत्मविश्वास की भावना विकसित करना था। राष्ट्रीय आन्दोलन के विकास व सफलता के लिये यह आवश्यक भी था। परन्तु इसका एक परिणाम यह भी हुआ कि राष्ट्रवादी आर्थिक इतिहास पद्धति से हमें अनेक ऐसे तथ्यों का पता चला, जो काफी महत्वपूर्ण थे। इन खोजों के परिणामस्वरूप श्रेणी व्यवस्था व्यवसायों, धन उधार देने की प्रथाओ, सिचाई व्यवस्था तथा भूमि पर स्वामित्व के विभिन्न प्रकारो आदि का ज्ञान प्राप्त हो सका। इस राष्ट्रवादी आर्थिक इतिहास पद्धति ने जहाँ एक ओर हमारे ज्ञान मे सवर्धन किया, वही इस विचारधारा के इतिहास-कारो ने सामाजिक असमानताओ को अस्पष्ट दार्शनिक विचारो द्वारा छिपाने का भी प्रयत्न किया। यह स्थिति इतिहास की दृष्टि से प्रशसनीय नही थी।

इसी मध्य अनेक ऐसे इतिहासकारो का भी उदय हुआ जो अस्पष्ट रूप से समाजवादी विचारो के पोषक थे तथा भौतिकवादी इतिहास पद्धति से प्रभावित थे। इन इतिहासकारो मे ए. एन बोस का नाम अग्रणी है। विद्वान् बोस ने १८४२-४३ मे सोशल एण्ड रुरल इकोनोमी आफ नोर्दर्न इण्डिया (६०० ई० पू० २०० ई०) पुस्तक लिखी। इस लेखन ने अपनी मार्क्सवादी इतिहास पद्धति के प्रति कही भी अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित नही की है। केवल उपसहार मे विद्वान बोस ने वर्ग, वर्ग-चेतना, वर्ग सघर्ष का वर्णन किया है। राष्ट्रवादी इतिहास लेखको के विपरीत इस लेखक ने यह मत प्रकट किया है कि प्राचीन भारत मे सब कुछ अच्छा नही था तथा जातक कथाओ के अनुसार राजा किसानो का शोषण करते थे। बोस के अतिरिक्त बी. एन. दत्ता ने, जो बगाल के उग्रवादी आन्दोलन के सदस्य थे, १९४४ मे स्टडीज इन इण्डियन सोशल पालिटी पुस्तक लिखी। १९४९ मे डागे ने इण्डिया फ्राम प्रिमिटिव कम्यूनिज्म टू स्लेवरी नामक पुस्तक लिखी।

विद्वान् एस. के. मैयती ने नोर्दर्न इण्डिया इन द गुप्ता पीरियड पुस्तक १९५७ मे लिखकर यह मत प्रतिपादित किया कि गुप्तकाल स्वर्णयुग नहीं था।1 इस सन्दर्भ में लल्लन जी गोपाल का कार्य इकॅनोमिक लाइफ इन नदर्न इण्डिया (७०७-१२०० ई० भी महत्वपूर्ण है। इन समस्त लेखको ने भारतीय आर्थिक जीवन का एक नये दृष्टिकोण से प्रतिपादन किया, जो राष्ट्रवादी विचारधारा से अलग था। परन्तु इन लेखकों में विद्वान लल्लन जी गोपाल के अतिरिक्ति अन्य विद्वान मार्क्सवादी इतिहास पद्धति से परिचित भी नही थे।

---

1 आर० एस० शर्मा, लाईट आन अर्ली इण्डियन सोसाइटी एण्ड इकोनॉमी, पृष्ठ १०२-१३५।

मार्क्सवादी इतिहास पद्धति के आधार पर लिखने वाले इतिहासकारों में विद्वान डी. डी. कौशाम्बी का नाम महत्त्वपूर्ण है।1 सामान्यतः अधिकांश भारतीय इतिहास वेत्ता मार्क्सवादी इतिहास की व्याख्या के प्रति कुछ संकोच रखते हैं। यह सत्य है कि कुछ मार्क्सवादी इतिहासकारों ने भारतीय इतिहास का मार्क्स व लेनिन के पी. एस. एफ. सी.2 सिद्धान्त के आधार पर व्याख्या करने का प्रयास किया है, जो उपयुक्त नहीं है। कौशाम्बी ने भी यह मत व्यक्त किया है कि भारतीय इतिहास का कठोर मार्क्स व लेनिन के द्वारा प्रतिपादित मान दण्डों के आधार पर अध्ययन करना उपयुक्त नहीं है।3 कौशाम्बी के मत में भारतीय समाज की किसी भी अवस्था को दास प्रथा के अन्तर्गत नहीं रखा जा सकता है। यद्यपि यह सत्य है कि कुछ व्यक्ति वर्तमान समय तक भी स्वतन्त्र नहीं हैं।

विद्वान हबीब ने भी इसी प्रकार के विचार व्यक्त किये हैं। उनके मत में यह सत्य है कि समस्त मानव समुदाय का विकास आदिम साम्यवादी अवस्था से प्रारम्भ हुआ तथा समाज के विकास की अन्तिम अवस्था पूंजीवादी व्यवस्था है या होगी। भारत के सन्दर्भ में हबीब ने भी यह मत प्रकट किया है कि भारतीय इतिहास में आदिम साम्यवाद, दास प्रथा, सामन्ती प्रथा, पूंजीवादी के कठोर मार्क्सवादी सामाजिक विकास के उपकरण को स्थापित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने यह भी मत व्यक्त किया है कि भारतीय समाज की किसी भी अवस्था में दास प्रथा नहीं रही है।4 इसके अतिरिक्त कौशाम्बी ने मार्क्स के इस मत को भी स्वीकार नहीं किया है कि समस्त एशिया में उत्पादन की प्राग्विधि अपरिवर्तित रही जिसके फलस्वरूप सम्पूर्ण एशिया का समाज स्थिर तथा अपरिवर्तनीय रहा। भारतीय ग्राम आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भर थे। इस मूल कारण ने भी भारतीय ग्रामों में परिवर्तन को रोके रक्खा। रोमिला थापर ने भी इसी मत को स्वीकार किया है। उनके मत में भारतीय इतिहास की प्रमुख समस्या यह है कि भारत में सामाजिक परिवर्तन कब हुए।5

---

१ द कल्चर एण्ड सिविलाइजेशन आफ एंशियेन्ट इण्डिया इन हिस्टोरिकल आउट लाईन लन्दन, १९६५

२ पी. एस. एफ. सी. तात्पर्य समाज की आदिम साम्यवादो, दास प्रथा सामन्ती तथा पुन्जीवादी अवस्थाओं से है।

३ द कल्चर एण्ड सिविलाइजेशन आफ एंशियेन्ट इण्डिया, पृष्ट २५

४ विपिन चन्द्र, कार्ल मार्क्स, हिज थ्योरीज आफ एशियन सोसाइटीज एण्ड कोलोनियल रूल, पृष्ठ ६३

५ रोमिला थापर, पास्ट एण्ड प्रिजूडिस, पृष्ठ ४१-४६

प्राचीन भारतीय ग्रामीण समाज मे परिवर्तन की अवस्था को सुगमता से खोजा जा सकता है। यह सत्य है कि भारतीय समाज मे आर्थिक परिवर्तन राजनीतिक परिवर्तनो की भाति सुगमता व शीघ्रता से नही हुए परन्तु उनका प्राचीन भारत मे पूर्ण अभाव भी नही था। हम सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय आर्थिक जीवन मे घुमन्तु और कृषि प्रधान अर्थ व्यवस्था, लोहे के विस्तृत प्रयोग के फलस्वरूप विकसित हुई पूर्व मोर्यकालीन आर्थिक अवस्था मोर्यकालीन राज्य संरक्षित अर्थ व्यवस्था, मौद्रिक अर्थ व्यवस्था तथा गुप्त काल मे विकसित हुए आंशिक समान्तीकरण और उत्पादन की स्थानीय ईकाईयो के विकास को निश्चित कर सकने हैं। यह परिवर्तन उपकरणो मे तथा उत्पादन के सम्बन्धो मे ज्ञान के विकास के अभाव मे होने सम्भव नही थे।[1] इसके अतिरिक्त कोशाम्बी ने यह मत व्यक्त किया है कि भारतीय ग्राम कभी भी आत्म-निर्भर नही रहे। इसके समर्थन मे यह तर्क देते है, कि सम्पूर्ण भारतीय गाव द्वारा नमक व धातु उत्पन्न करने का कोई प्रमाण नही मिलता है। मार्क्सवाद के अनेक सिद्धान्तो के असहमत होते हुए भी वे मार्क्स-वाद के द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद को ही कौशाम्बी के अध्ययन का एक वैज्ञानिक चिन्तन स्वीकार करते है। कोशाम्बी इतिहास की परिभाषा करते हुए कहते है कि उत्पादन के साधनो व सम्बन्धो मे क्रमिक परि-वर्तनो का कालक्रम से विवरण ही इतिहास है।[2] कौशाम्बी इतिहास के अध्ययन मे साहित्यिक साधनो, पुरातात्विक साधनो के साथ-साथ प्रजाति विज्ञान को भी एक आवश्यक साधन मानते है। परन्तु कोशाम्बी की तकनीक की भारतीय इतिहास मे प्रगति अत्यन्त धीमी है।

अभी तक इतिहास के अध्ययन मे वेबर के महत्व को किसी भी इतिहासकार स्वीकार नही किया है। परन्तु वेबर ने समाज का आर्थिक अध्ययन करते हुए कुछ नवीन सिद्धान्त प्रतिपादित किये जो काफी महत्वपूर्ण हैं। वेबर के मत मे किसी भी समाज की आर्थिक सरचना व उसके नैतिक मूल्यो मे घनिष्ठ सम्बन्ध होना है। वेबर ने मार्क्स के इस मत को स्वीकार नहीं किया है कि आर्थिक कारण ही समाज के समस्त सम्बन्धो कला, साहित्य सामाजिक और राजनीतिक सरचना, विज्ञान दर्शन तथा धर्म प्रभावित करने है। वेबर के मत मे, नैतिक मूल्य और आर्थिक संरचना एक दूसरे को प्रभावित करते है और कभी-कभी नैतिक सिद्धान्त आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते है।[3]

---

१ आ० एस० शर्मा, लाईट आन अर्ली इण्डियन सोसाइटी एण्ड इकोनेमी, पृष्ठ ८८-८६

२ द कल्चर एण्ड सिविलाइजेशन आफ एंशियन्ट इण्डिया, पृष्ठ १०

३ आर० एन० मुखर्जी, ए हिस्ट्री आफ सोशल थोट, पृष्ठ १६१

वेबर के उपर्युक्त मत के परिपेक्ष्य में यदि मार्क्स के द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद के आधार पर इतिहास का विश्लेषण किया जाए तो वह अधिक उपयोगी होगी। इस आधार पर जिन ऐतिहासिक परिणामों को प्राप्त किया जा सकेगा वें सत्य के अधिक निकट होंगे। अन्त में यही कहा जा सकता है कि इतिहास को लिखने से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इसको किस प्रकार से वस्तुपरक होकर लिखा जाए। इस दिशा में प्रारम्भ से अनेक दार्शनिकों ने अपने अपने मत व्यक्त किये जा सकते हैं जो उसने लगभग १०० वर्ष पूर्व व्यक्त किये थे। मार्क्स के मत में अभी तक अनेक दार्शनिकों ने विश्व की अपने-अपने दृष्टिकोण से व्याख्या की है, जिन सभी का यह मुख्य ध्येय रहा कि किस प्रकार से विश्व को परिवर्तित किया जाए।[1]

१ डी० एन० झा, स्टडीज इन अर्ली इण्डियन एकोनोमिक हिस्ट्री, पृष्ठ ५२

स्वामी श्रद्धानन्द की लेखनी से-
(७५ वर्ष पूर्व गुरुकुल वृतान्त)

प्रस्तुतकर्ता—जगदीश विद्यालङ्कार

गर्मी इस वर्ष बहुत ही अधिक पड़ी। ११० दर्जे तक गर्मी का पारा पहुँच गया था। दो बार सप्ताह में अधिक दिनों के लिये नियमपूर्वक पढ़ाई बन्द करनी पड़ी। गङ्गा की गुरुकुल धारा भी इस वर्ष बहुत देर से आई, किन्तु अब गङ्गा धारा गुरुकुल भूमि से टकराती, लहराती हुई चलती है। स्नान का गुरुकुल निवासियों को बहुत आनन्द है। यद्यपि गर्मी दिन को बहुत पड़ी तथापि तीन बार के सिवाय रातें बहुत ठण्डी रहीं। गुरुकुल की रातें पहिले से ही शान्तिदायक प्रसिद्ध उनकी प्रसिद्धि में न्यूनता नहीं हुई। अब बादल आ रहे हैं ठण्ड हो गई है और सब काम निर्विघ्न चल रहे हैं।

ब्रह्मचारियों का स्वास्थ्य वैसे तो अच्छा रहा है किन्तु अष्टम श्रेणी के चन्द्रकेतु को हो (Typhoid) मुहरका नामी ज्वर हो गया। एक समय उस की अवस्था ऐसी शोचनीय हो गई थी कि डॉ० चिरंजीव भारद्वाज जी को तार देकर बुलाना पड़ा। डॉ० सुखदेव के इलाज को उन्होंने भी पसन्द किया, किन्तु रोगी की अवस्था को शोचनीय ही बतलाया। रोगी की अवस्था अब बहुत अच्छी है बुखार उतर भी चुका है। निर्बलता अधिक है जो भी दूर हो जायेगी। प्रथम श्रेणी के प्राणनाथ ब्रह्मचारी को भी यही ज्वर हो गया किन्तु उसी समय उसका इलाज किया गया। उसको अधिक कष्ट नहीं हुआ और अब वह भी स्वस्थ हो चला है। यदि ११ से लेकर ७ श्रेणी तक के ब्रह्मचारी रोगी के पास दिन रात बैठ कर सहायता न देते तो जिस प्रकार रोगी की खबर ली गई है वह नहीं ली जा सकती। यदि ब्रह्मचारीगण अपने कर्तव्य को समझने में उन्नति करेंगे तो इस स्थान से सर्व विघ्न दूर हो जायेंगे।

दर्शक बहुत आते रहे हैं। योग्य पुरुषों ने गुरुकुल के प्रबन्ध की प्रशंसा भी की है, किन्तु जिन त्रुटियों को दूर करने की आवश्यकता है उन्हें मैं ही जानता हूँ। सर्व धर्म प्रेमीजन यदि सहायता करेंगे तो सम्भव है गुरुकुल अपने उद्देश्य को पूर्ण कर सके। महाविद्यालय की पक्की इमारत बन रही है। छः कमरों पर छत भी पड़ गई है। २५ वा २६ सहस्र की लागत का मकान सेप्तेम्बर के अन्त तक तैयार हो जावेगा यह सब कुछ ठीक है किन्तु प्रश्न फिर वहीं उपस्थित है कि बिना धन के क्या होगा। इन २६ सहस्र से कुछ ही अधिक धन मिला हुआ है, शेष के लिये महाशय केदारनाथ जी ने अपील की। किसी के कान पर

जूं तक नहीं रेंगी। अब दिनों दिन धन की आवश्यकता हो रही है और धन का आना सर्वथा बन्द सा हो रहा है। जहाँ नित्य १५०) वा २००) रुपया दान का (शुल्कादि से अतिरिक्त) आता था वहाँ १५) वा २०) तक नौबत पहुँच चुकी है। पिछले दशहरे पर बजट के समय मुख्याधिष्ठाता के पेश किये हुए व्यय से ७ वा ८ सहस्त्र अधिक पास करने में सभा ने तनिक भी संकोच न किया, किन्तु जिस समय उसी मुख्याधिष्ठाता ने यह पूछा कि रुपया कहां से आवेगा तो सभा विसर्जन की गई और मुख्याधिष्ठाता की विनति सुनने को थोड़े ही सभासद बैठे जिन्होंने कुछ भी निश्चय न किया कि धन किधर से आवेगा। मैंने तंग आकर समाचार पत्र द्वारा सभासदों की सेवा में अपील की है।

(सन्दर्भ प्रचारक २४ जून १६०८)

गतांक से आगे—

महाभाष्योक्त ज्ञापक और उनके मूल स्रोतों का अध्ययन—

—रामप्रकाश शर्मा

—प्रवक्ता, संस्कृत विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

११—न प्रगृह्य संज्ञायां प्रत्यय लक्षणं भवति 'ईदूदेद्विवचनं प्रगृह्यम्'।

सूत्र के भाष्य में सूत्रार्थ के निर्णय के संदर्भ में विचार किया गया है कि ईकार, ऊकार, एकार रूप जो द्विवचन इस तरह का अर्थ करना चाहिये, अथवा ईकाराद्यन्त जो द्विवचन, इस तरह का अर्थ करना चाहिये। दोनों पक्षों का रहस्य यह है कि यदि 'ईदूदेत्' को संज्ञी माना जाय तो द्विवचन ही विशेषण रहेगा। ईकारादि में द्विवचनान्तत्व संभव न होने के कारण तदन्त विधि की प्रवृत्ति न होने से द्विवचनस्वरूप ईकार ऊकार एकार की प्रगृह्य संज्ञा होगी। यदि द्विवचन को ही संज्ञी माना जाय तो उसका विशेषण ईदूदेत् होगा, तदन्त विधि द्वारा ईदाद्यन्त जो द्विवचन उसकी प्रगृह्य संज्ञा होगी। इन दोनों पक्षों में दोष की सम्भावना देखकर प्रश्न किया गया [illegible] पुनरिदं विज्ञायते–ईदादयो यद् द्विवचनमिति, आहोस्विदीपदाद्यन्तं यद् द्विवचनमिति। इन दोनों पक्षों में प्रथम पक्ष में दोष दिखाकर द्वितीय पक्ष को स्वीकृत किया गया–'अस्तु तर्हि ईदाद्यन्तं यद् द्विवचमिति। इस द्वितीय पक्ष में भी पचेते इति, पचेथे इति इन प्रयोगों में एकारान्त द्विवचन होने के कारण प्रगृह्य संज्ञा में कोई बाधा न होने पर भी खट्वे इति माले इति इन प्रयोगों में दोष हो ही सकता है, क्योंकि खट्वे आदि में एकाररूप द्विवचन होने पर भी एकारान्त द्विवचन नहीं है। इस तरह दोष की आंशका कर 'न वाद्यन्तवत्वात्' वार्तिक द्वारा आद्यन्तवदेकस्मिन् सूत्र की सहायता से खट्वे आदि में भी प्रगृह्य संज्ञा का उपपादन किया गया। इस तरह इस पक्ष के निर्दुष्ट होने पर भी आद्यन्तवद्भाव का आश्रयण न करने मात्र के लिये तीसरे पक्ष का भी निरूपण भाष्य में किया गया—"अथवा एवं वक्ष्यामि ईदाद्यन्तं यद् द्विवचनान्तमिति। प्रत्यय ग्रहणे यस्मात्सविहितस्तदादेस्तदन्तस्य ग्रहणम्" इस परिभाषा द्वारा द्विवचन से द्विवचनान्त का ग्रहण किया गया। पश्चात् 'ईदूदेत् को द्विवचनान्त का विशेषण मानकर तदन्तविधि द्वारा ईदाद्यन्त जो द्विवचनान्त, ऐसा व्याख्यान हो सकता है। इस तरह की व्याख्या से खट्वे इति आदि प्रयोगों में आद्यन्तवद्भाव के आश्रयण के बिना ही प्रगृह्य संज्ञा सिद्ध हो

सकती है। क्योंकि खट्वे एदन्त भी है तथा द्विवचनान्त भी है। इस तीसरे पक्ष भी कुमार्योरगारं = कुमार्यगारं वध्वोरगारं = वध्वगारम्' इन प्रयोगों में अतिव्याप्ति की आशंका से दोषोपन्यास किया गया है – ईदाद्यन्तं द्विवचनान्तमिति चेल्लुकि प्रतिषेधः अर्थात् ईदाद्यन्त जो द्विवचनान्त इस तरह की व्याख्या करने पर कुमार्योः अगारम् कुमार्यगारम् वध्वोः अगारं=वध्वागारम् यहाँ समास होने पर कुमारी+अगारम् वधू+अगारम् इस अवस्था में कुमारी ईकारान्त वधू ऊकारान्त भी है तथा 'प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम्' सूत्र की सहायता से द्विवचनान्त भी हो रहा है। ऐसी स्थिति में यहाँ भी प्रगृह्य संज्ञा हो जायगी तो कुमार्यगारम्, वध्वागारम् आदि प्रयोग सिद्ध नहीं हो सकेंगे इस तरह इस तृतीय पक्ष में दोष दिखाकर इस दोष के उद्धारार्थ प्रस्तुत ज्ञापक का आश्रय लिया गया—'न प्रगृह्य संज्ञायां प्रत्ययलक्षणं भवति इति।' 'इद्वतौ च सप्तम्यर्थे' सूत्र में 'ईद्वतौ च सप्तमी' मात्र होने पर भी सप्तमी में तदन्त विधि द्वारा इदन्त जो सप्तम्यन्त ऐसी व्याख्या हो सकेगी, इसी व्याख्या से सोमो गौरी अधिश्रितः इत्यादि प्रयोग की सिद्धि हो जायगी। क्योंकि गौरी ईकारान्त भी है प्रत्यय लक्षण द्वारा सप्तम्यन्त भी है। इस तरह प्रयोग सिद्धि होने पर भी जो आचार्य ने 'ईदूतौ च सप्तम्यर्थे' सूत्र में अर्थ ग्रहण किया है इससे यह ज्ञापित किया है कि प्रगृह्य संज्ञा के प्रकरण में प्रत्यय लक्षण नहीं होता है। अतः ईदाद्यन्तं यद् द्विवचनान्तम् ऐसी व्याख्या के पक्ष में भी कोई दोष नहीं हो सकता है। इस तृतीय पक्ष के समर्थन मात्र के लिये इस ज्ञापक का उपन्यास किया गया है। आद्यन्तवद्भाव का आश्रयण न करने मात्र के लिये यह तृतीय पक्ष भाष्य में उपन्यस्त हुआ है। इस तृतीय पक्ष में भी दोषोद्धार के लिये 'ईदूतौ च सप्तम्यर्थे' सूत्र में अर्थ ग्रहण को ज्ञापकार्थ स्वीकार करने को गौरवपूर्ण मानकर भाष्य में चौथे पक्ष का भी उपन्यास किया है। ईदाद्यन्तं यद् द्विवचनं तदन्तमीदाद्यन्तमिति। इस सूत्र में चार पक्षों का उपन्यास किया गया है। इन चार पक्षों में भाष्यकार ने अन्त में द्वितीय पक्ष को ही सिद्धान्तित किया है—तृतीय तथा चतुर्थ पक्ष में द्विवचन में तदन्त विधि की गई है, जो कि सर्वथा असम्भव है। क्योंकि 'सुप्तिङन्त पदम्' सूत्र में अन्तग्रहण से यह ज्ञापित होता है कि 'संज्ञाविधौ प्रत्यय ग्रहणे तदन्तग्रहणं नास्ति' इस परिभाषा द्वारा द्विवचन से तदन्त ग्रहण का प्रतिषेध हो जाने के कारण तृतीय तथा चतुर्थ पक्ष असम्भव ही है। क्योंकि ईदूदेत् द्विवचनं प्रगृह्यम्। सूत्र भी संज्ञाविधि है। इसमें द्विवचन द्वारा तदन्तविधि सम्भव नहीं होगी। इसलिए द्वितीय पक्ष ही उचित होगा। ईदूदेदन्तं यद् द्विवचनमिति। आद्यन्तवद्भाव का आश्रयण भी इस पक्ष में आवश्यक ही है। भाष्यकार स्पष्ट कहते हैं—"अवश्यं खल्वस्मिन् पक्षे आद्यन्तवद्भाव एषितव्यः। 'तस्मादस्तु मध्यमः पक्षः' इस तरह यह प्रस्तुत ज्ञापक एक असिद्धान्त पक्ष के समर्थन में उपन्यस्त होने के कारण शास्त्रशेष नहीं हो सकता है केवल प्रासंगिक विचार में उपन्यस्त हुआ है।

१२—इयमिह् परिभाषा भवति–आद्यन्तवदेकस्मिन्निति, इयं च न भवति येन विधिस्तदन्तस्येति ।

इस ज्ञापक को 'निपात एकाजनाङ्' सूत्र में एकाज् शब्द की व्याख्या के प्रसंग में भाष्यकार ने उपन्यस्त किया है–एकाज् ग्रहण का फल प्रेदं ब्रह्म प्रेदं क्षत्रम् इन प्रयोगों में प्र+इदम् इस अवस्था में प्रगृह्य संज्ञा का अभाव बताया गया। इस पर यह आशंका की गई कि एकाज् ग्रहण करने पर भी यहां प्रगृह्य संज्ञा होनी ही चाहिये, क्योंकि 'प्र' निपात भी एकाज् है ही ? इसके उत्तर में कहा गया कि एकाज् शब्द में बहुव्रीहि समास (एकोऽज्यस्मिन् सोऽयमेकाच्) नहीं समझना चाहिये किन्तु एकः—अच् एकाच् समानाधिकरण तत्पुरुष समास समझना चाहिये। इस तरह तत्पुरुष समास स्वीकार करने पर प्रेदम् प्रयोग में प्रगृह्य संज्ञा की प्रसक्ति नहीं होगी।

इस पर यह आक्षेप दिया गया कि यदि एकाच् पद में समानाधिकरण तत्पुरुष स्वीकार करना है, तो एक ग्रहण अनावश्यक हो जायगा। अज्रूप जो निपात ऐसी व्याख्या द्वारा प्रेदं ब्रह्म आदि प्रयोगों में दोष सम्भव नहीं हो सकेगा। अज्ग्रहण के सामर्थ्य से अज्रूप निपात ही गृहीत होगा। यदि अजन्त का ग्रहण किया जाय तो अज्-ग्रहण व्यर्थ हो जायगा। क्योंकि हलन्त निपात की प्रगृह्य संज्ञा में कोई फल सम्भव नहीं है। अन्यथा अजन्त निपात की ही प्रगृह्य संज्ञा प्राप्त होगी। अज्ग्रहण व्यर्थ ही हो जायगा। तत्सामर्थ्यात् अज्रूप निपात की ही प्रगृह्य संज्ञा होगी। प्रेदं ब्रह्म आदि प्रयोगों में कोई दोष नहीं होगा। इस आक्षेप को लेकर भाष्य में पुनः यह प्रत्याक्षेप किया गया कि जैसे अज्ग्रहण की सामर्थ्य से निपात को अच् के प्रति विशेष्य न मानकर 'येन विधिस्तदन्तस्य' इस परिभाषा का बाध कर रहे हैं उसी तरह निपात को अच् के प्रति विशेष्य मानकर तदन्त विधि द्वारा अजन्त मात्र का ग्रहण स्वीकार कर 'आद्यन्तवदेकस्मिन्' परिभाषा का बाध क्यों नहीं कर रहे हैं। इस तरह अजन्त निपात की ही प्रगृह्य संज्ञा होगी, अज्रूप निपात की प्रगृह्य संज्ञा नहीं हो सकेगी। अर्थात् अज्ग्रहण की सामर्थ्य से येन विधिस्तदन्तस्य का ही बाध होगा, आद्यन्तवदेकस्मिन् का बाध नहीं होगा, इस व्यवस्था में कोई कारण नहीं है। इस तरह के प्रत्याक्षेप के निराकरण में भाष्यकार ने इस ज्ञापक का उपन्यास किया है—आचार्य प्रवृत्तिर्ज्ञापयति-इयमिह परिभाषा भवति आद्यन्तवदेकस्मिन्निति, इयं च न भवति येन विधिस्तदन्तस्येति, यदयं अनाङिति प्रतिषेधं शास्ति। अर्थात् आङ् की प्रगृह्य संज्ञा निषेध से यह ज्ञापित हो रहा है कि निपात को अच् के प्रति विशेष्य न मानकर येनविधिस्तदन्तस्य परिभाषा की प्रवृत्ति न की जाय, किन्तु तदन्त विधि का अभाव होने के कारण फलतः आद्यन्तवदेकस्मिन् परिभाषा की प्रवृत्ति हो मानी जाय। यहां यद्यपि तदन्त विधि का अभाव होने के कारण आद्यन्तवद्भाव की भी प्रवृत्ति सम्भव नहीं है तथापि आद्यन्तवद्

भाव द्वारा अच् मात्र ग्रहण में फल की समानता की दृष्टि से ही कहा गया कि—इयमिद् परिभाषा भवति आद्यन्तवदेकस्मिन्निति। कैयट ने यहां यह स्पष्ट कर दिया है—लिङ्गादज्ग्रहणं निपातेन विशेष्यत इति विशेष्येण यदन्तविधेरभावादतिदेशस्याऽपि माभूत्प्रवृत्तिः। तन्मात्र संपन्या तुक्तं-परिभाषा भविष्यतीति।

१३—अन्यत्र वर्णग्रहणं जातिग्रहणं भवति।

उतर्युक्त क्रम से निपात एकाजनाङ् सूत्र में अनाङ्ग्रहण द्वारा आङ् की प्रगृह्य संज्ञा का जो प्रतिषेध किया गया है उससे यह ज्ञापित हुआ कि अजन्त निपात की प्रगृह्य संज्ञा नहीं होगी किन्तु अज्रूप निपात की ही प्रगृह्य संज्ञा होगी। इस तरह निपात एकाजनाङ् सूत्र मे अज्ग्रहण मात्र से ही अज्रूप निपात गृहीत हो सकता है, एक ग्रहण व्यर्थ होने पर भी पुनः जो एक ग्रहण किया गया है, इससे आचार्य ने यह ज्ञापित किया है कि—वर्णग्रहणे जाति ग्रहणं भवति इति। अर्थात् जैसे स्वाङ्ग समुदाय में स्वाङ्गत्व व्यवहार नहीं होता है उसी तरह अच् समुदाय में अच्त्व व्यवहार न होने के कारण अच्-समुदाय की प्रगृह्य संज्ञा एक ग्रहण के बिना भी नहीं हो सकती है, अतः यह एक ग्रहण 'वर्णग्रहणे जाति ग्रहणं भवति' इस शास्त्रशेष सिद्धान्त का ज्ञापक हो रहा है। इस सूत्र में एक ग्रहण के रहने से अच् द्वारा एक ही अच् गृहीत होगा परन्तु अन्यत्र जहां कहीं वर्ण का ग्रहण किया गया है वहां सर्वत्र वर्ण-गत-जात्याश्रय अनेक वर्णों का ग्रहण होगा। अतएव भाष्य में कहा है कि अन्यत्र वर्णग्रहणे जाति ग्रहणं भवति।' ज्ञापक का यह स्वभाव है कि स्वांश से चरितार्थ होकर अन्यत्र फल का साधक होता है। इस तरह एक ग्रहण भी स्वांश से चरितार्थ होकर अन्यत्र ही फल का साधक होगा। जैसे दम्भ् धातु से सन् प्रत्यय में दम्भ इच्च सूत्र से दम्भ् के अकार के स्थान में इकार आदेश करने पर 'सनीवन्तर्धभ्रस्ज दम्भुसृस्वृमृणुभरज्ञपि सनाम्' सूत्र द्वारा वैकल्पिक इागम के अभाव पक्ष में हलन्ताच्च सूत्र से सन् को कित् किया गया है। यदि वर्ण ग्रहण से एक वर्णमात्र का ग्रहण किया जाय तो दिम्भ+स इस अवस्था में इक् के समीप जो मकार (मूलतः नकार) है, उससे अव्यवहित पर झलादि सन् नहीं है, जिसमें वर्ण से अव्यवहित पर झलादि सन् है, वह इक् समीप नहीं है। इस तरह हलन्ताच्च सूत्र से सन् प्रत्यय के कित्व का अभाव होने से 'अनिदितां हल उपधायाः क्ङिति, सूत्र से नलोप न होने के कारण 'धिप्सति' प्रयोग सिद्ध नहीं हो सकेगा, अतः वर्ण ग्रहणे जातिग्रहणम्' इस ज्ञापकसिद्ध वचन द्वारा हलन्ताच्च सूत्र में हल् से हल्त्वजात्याश्रय अनेक हल् का ग्रहण किया गया। इस तरह दिम्भ्+स इस अवस्था में इक् के समीप हल् से 'दिम्भ' में मकार (मूलतः नकार) तथा मकार दोनों हल गृहीत हुए। उससे अव्यवहित पर झलादि सन् को कित् हो गया। धिप्सति प्रयोग की सिद्धि हुई। 'निपात एकाजनाङ् सूत्र में एक ग्रहण होने से अच् से अच्त्वजात्याश्रय अच् का समुदाय नहीं गृहीत होता है। अन्यथा अ इ उ=अपेहि इस प्रयोग में अइउ निपात समुदाय की एक ही प्रगृह्य संज्ञा हो जायगी। इस तरह 'प्लुतप्रगृह्य अचि नित्यम्' सूत्र से अलोन्त्यस्य सूत्र के अनुसार समुदाय

के अन्त में विद्यमान उ मात्र का ही प्रकृति भाव होकर यणादेश का अभाव हो सकता है। समुदाय के पूर्व के वर्णों अ इ में गुण होने लगेगा। अतः अच् समुदाय के ग्रहण की आंशका के निरास के लिये एक ग्रहण स्वांश में सार्थक सिद्ध हुआ। यदि ऐसी आंशका की जाय कि-प्रत्येक अच् की निपात संज्ञा होने के कारण अच् समुदाय में प्रगृह्य संज्ञा प्रवृत्त नहीं हो सकती अतः अइउ+अपेहि प्रयोग में उक्त दोष की सम्भावना नहीं हो सकती है, तो यह ठीक नहीं है क्योंकि अच् समुदाय के ग्रहण के अनुसार ही अ इ उ इस निपात समुदाय को भी एक प्रगृह्य संज्ञा हो ही सकती है क्योंकि निपात संज्ञक अच् समुदाय सम्भव ही नहीं होगा। अतः अन्यथा अच् समुदाय से निपात समुदाय का ग्रहण होने से पूर्वोक्त दोष हो ही जायगा। अतः निपात एकाजनाङ् सूत्र में एक ग्रहण आवश्यक ही है। कैयट ने स्पष्ट कहा है-अच् समुदाय परिग्रहानुरोधित्वाच्च निपातसमुदायो गृह्येत, एक निपातस्याच्समुदायस्याभावात्।

१४—नोञ्कादेश उञ्ग्रहणेन गृह्येत।

उञ ऊँ सूत्र से उञ् निपात के स्थान में ऊँ आदेश किया जाता है। इस पर भाष्य में आहो इति उताहो इति इन प्रयोगों में आह×उ=इति इस अवस्था में उ (उञ्) के स्थान में ऊं आदेश क्यों नहीं होता है, इस शंका का भाष्यकार ने समाधान किया कि उञ् के स्थान में ऊं आदेश विहित है आहो इति इस अवस्था में उञ् नहीं है अतः कोई दोष नहीं है। इस समाधान पर भाष्यकार ने आह=उ इस अवस्था में में गुण होने के बाद अन्तादिवच्च सूत्र से परादिवद्भाव द्वारा उञ् मान कर ऊं आदेश होना ही चाहिये। इस तरह का आक्षेप दिखाकर कहा है कि-आचार्य प्रवृत्तिर्ज्ञापयति-नोञेकादेश उञ्ग्रहणेन इति। इस तरह ज्ञापन का आश्रय लेकर आहो इति में ऊं आदेश की प्रसक्ति दूर की गई है। ओत् सूत्र द्वारा ओदन्त निपात को प्रगृह्य संज्ञा विधान द्वारा आचार्य ने यह ज्ञापित किया है कि उञ् के साथ एकादेश उञ् के ग्रहण से गृहीत नहीं होता है। अन्यथा आहो इति में परादिवद्भाव द्वारा उञ् निपात मानकर निपात एकाजनाङ् सूत्र से प्रगृह्य संज्ञा सिद्ध हो सकती है। ओत् सूत्र व्यर्थ हो जायगा। अतः इस सूत्र से आचार्य ने यह ज्ञापित किया कि-उञ् के साथ हुआ एकादेश उञ् के ग्रहण से गृहीत नहीं होता है। अतः आहो इति इस प्रयोग में ऊँ आदेश की प्रसक्ति नहीं हो सकती है।

वस्तुतः यह ज्ञापक एकदेशीय विचार के प्रसंग में ही उपन्यस्त है क्योंकि ओत् सूत्र के भाष्य में ओत् सूत्र को 'प्रतिसिद्धार्थोऽयमारम्भः कह कर ओत् सूत्र की सार्थकता सिद्ध की गई है। आहो इति इस प्रयोग में दोष की व्यावृत्ति आहो इसे एक निपात स्वीकार कर के की गई है। 'नोञेकादेश उञ्ग्रहणेन गृह्यते' इसे स्वीकार करने पर भाष्य में दोष भी बताया गया है। जानु=उ अस्य रुजति, जानू अस्य

सजति, जान्वस्य सजति यदि उञेकादेश उञ् ग्रहण से गृहीत न हो तो जान्वस्य सजति इस प्रयोग में मय उञो वो वा सूत्र की प्रवृत्ति ही सम्भव नहीं होगी। अतः यह ज्ञापक प्रांसगिकमात्र है। शास्त्रशेष नहीं है।

१५—न प्रगृह्यसंज्ञायां प्रत्ययलक्षणं भवति इति

ईदूतौ च सप्तम्यर्थे—सूत्र में अर्थ ग्रहण के प्रयोजन के विचार के प्रसंग में-सोमो गौरी अधिश्रितः इस प्रयोग में सप्तमी के लुक् हो जाने पर भी प्रगृह्य संज्ञा के सिद्धयर्थ अर्थग्रहण की आवश्यकता बताकर भाष्यकार ने पुनः 'ईदूतौ च सप्तमी' वचन के सामर्थ्य से तदन्तविधि द्वारा सप्तमी के सप्तम्यन्त अर्थ का लाभ होने से ईकारान्त सप्तम्यन्त का ग्रहण कर सोमो गौरी अधिश्रितः में दोष का निराकरण किया। इस तरह अर्थ ग्रहण का खण्डन कर पुनः सिद्धान्ति भाष्य ने अर्थग्रहण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि प्रगृह्य संज्ञा के प्रकरण में प्रत्यय लक्षण की प्रवृत्ति नहीं होती है। 'ईदूतौ च सप्तमी' सूत्र के सामर्थ्य से यदि सप्तमी के सप्तम्यन्त ग्रहण किया जाय तो कुमार्योरगारं कुमार्यगारम् बध्वोरगारं=बध्वगारं इन प्रयोगों में भी कुमारी+अगारम्. वधू+अगारम् समास के बाद सप्तमी का लुक् हो जाने पर प्रगृह्य संज्ञा होने लगेगी। अतः संज्ञाविधौ प्रत्ययग्रहणे तदन्तग्रहणं नास्ति इस परिभाषा के अनुसार तदन्तविधि स्वीकार करना उचित नहीं होगा। इस तरह यदि ईदूतौ च सप्तमी वचन के सामर्थ्य से तदन्त विधि का ज्ञापन किया जाय तो अर्थ ग्रहण के सामर्थ्य से यहाँ तदन्त विधि का अभाव ही जानना चाहिये। अतएव कुमार्यगारम् आदि प्रयोगों में प्रगृह्य संज्ञा नहीं हो सकती। इस तरह इस सूत्र में अर्थ ग्रहण भी सार्थक हो रहा है। अर्थ ग्रहण करने पर अर्थ ग्रहण के सामर्थ्य से सप्तम्यर्थ मात्र में पर्यवसन्न जो इदूदन्त शब्द होंगे उन्हीं की प्रगृह्य संज्ञा होगी। समास स्थल में पूर्वपद उत्तरपदार्थ से संसृष्ट हो स्वार्थ का बोधक होने के कारण सप्तम्यर्थ मात्र में पर्यवसन्न नहीं है। अतः कुमार्यगारम्, बध्वगारम्, वाप्यश्वः इत्यादि प्रयोगों में प्रगृह्य संज्ञा नहीं होती है। इस तरह का अर्थ अर्थग्रहण के रहने पर ही उसके सामर्थ्य से प्राप्त किया जा सकता है। अर्थ ग्रहण की आवश्यकता सिद्ध हो जाने पर 'न प्रगृह्यसंज्ञायां प्रत्ययलक्षणं भवति' इस ज्ञापन की कोई आवश्यकता ही नहीं है।

—◆◆—

बलराम-कृष्ण-आदि कला अंकन--

—डा० परमेश्वरी लाल गुप्त

बलराम और कृष्ण मथुरा और उसके आस-पास के क्षेत्र में चिर-परिचित हैं, उनका जन्म इसी भूमि पर हुआ, यहीं उनका बचपन बीता और यहीं उनकी रंगस्थली रही है। यहां के लोक-मानस के कण-कण में उनका चरित्र व्याप्त है। महाभारत और पुराणों में उनकी विस्तृत चर्चा हुई है। इस व्यापकता के होते हुए भी आश्चर्य की बात है कि मथुरा की प्रारम्भिक कला में बलराम और कृष्ण किसी भी रूप में मुखर दिखाई नहीं पड़ते।

बलराम-कृष्ण का पुरातात्विक उल्लेख सबसे पहले हमें मथुरा क्षेत्र से बाहर ही मिलता है। चित्तौड़ (उदयपुर) के नागरी ग्राम के निकट हाथीवाड़ा नामक ध्वंसावशेष है। वहां से उपलब्ध एक लेख के अनुसार, जिसका समय ईसा पूर्व की पहली शती का उत्तरार्ध आंका जाता है, यह स्थान नारायण-वाटिका थी। इसे सर्वतात नामक राजा ने संकर्षण-वासुदेव के निमित बनवाया था। इसमें उसने संकर्षण-वासुदेव की प्रतिष्ठा किस रूप में की थी इसका उल्लेख नहीं है। अतः हम निश्चय पूर्वक नहीं कह सकते कि उसमें उनकी किसी प्रकार की मूर्ति प्रतिष्ठित की गई थी। यदि मूर्ति ही रही हो तो उसका स्वरूप अज्ञात है।

बलराम (संकर्षण) और कृष्ण (वासुदेव) की मूर्ति का अंकन सर्वप्रथम हमें सिक्कों पर प्राप्त होता है।

अभी कुछ वर्ष पूर्व फ्रांस के पुरातत्वविदों के एक दल ने अफगानिस्तान और रूस की सीमा पर स्थित वक्षु नदी के कांटे में अई-खानुम नामक स्थान के पुरावशेषों की खुदाई की थी। वहां सिक्कों के एक निखाल में भारत के यवन (यूनानी) शासक अगथुक्लेय का समय ईसा पूर्व १५० के आस-पास आंका जाता है। इन सिक्कों पर एक ओर मूसल और हल धारण किये बलराम का और दूसरी ओर चक्रधारी वासुदेव (कृष्ण) का अंकन हुआ है।

इन सिक्कों ने प्रकाश में आकर भारतीय कला मर्मज्ञों की इस धारणा की पुष्टि की कि ब्राह्मण (हिन्दू) देवी-देवताओं के मूर्तन की कल्पना हमें यवन (यूनानियों) से प्राप्त हुई है। कारण, भारत के यवन शासकों के सिक्कों पर हिन्दू (ब्राह्मण) देवताओं के अंकन का यह एकाकी उदाहरण नहीं है। इन सिक्कों

की जानकारी से पूर्व अम्बा (पार्वती) के मूर्त-स्वरूप का ज्ञान यूनानी भारत के सोने के एक सिक्के से हो चुकी थी, जो लन्दन के ब्रिटिश संग्रहालय में है। इस सिक्के पर एक खड़ी नारी का अंकन है और किनारे पर खरोष्ठी लिपि में उसका परिचय पुखलावती नगर देवदा के रूप में दिया हुआ है। अर्थात् यह सिक्का पुष्कलावती की नगर-देवता अम्बा (पार्वती) का है। इस सिक्के के दूसरी ओर शिव-वाहन वृषभ का अंकन और (वृषभ) लेख है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि देवी शैव हैं।

इसी क्रम में हमें शक-पहलव शासक अय के सिक्के पर पहली बार अभिषेक लक्ष्मी का चित्र देखने को मिलता है। अतः हिन्दू देवी-देवताओं के मूल में विदेशी कल्पना का अनुमान होना स्वाभाविक है।

भारत के भू-भाग पर भी हिन्दू देवताओं का जो अद्य-तम मूर्तन हमें प्राप्त होता है वह कुषाण काल (पहली-दूसरी शती ई०) काल का है। यह मूर्तन उनके सिक्कों पर शिव, स्कन्द महासेन, विशाख और कुमार के नाम से कार्तिकेय के रूप में प्राप्त होता है। मूर्ति कला में भी इसी काल में हिन्दू-देवी-देवताओं की मूर्तियां देखने में आती है जो मथुरा से प्राप्त हुई है। कुषाण विदेशी थे उनके शासन काल में इस प्रकार का मूर्तन भी उनको कल्पना विदेशी होने के ओर ही संकेत करता है। अस्तु,

इस काल की मथुरा से मिली कुछ चतुर्भुज मूर्तियां ऐसी है जिसके तीन हाथों में शंख, चक्र और गदा है और चौथा हाथ खाली है। इन मूर्तियों को सामान्य रूप से विष्णु का समझा जाता है। किन्तु विष्णु-पुराण, हरिवंश और भागवत में जहां भी आयुध धारी कृष्ण-वासुदेव की चर्चा हुई है। उनके इन्हीं तीन आयुधों शंख, चक्र और गदा के धारण करने की चर्चा है। इस प्रकार ये मूर्तियां विष्णु को न होकर वासुदेव कृष्ण की हैं और इन मूर्तियों के परिपेक्ष्य में कृष्ण वासुदेव को पहली बार हम मथुरा की कला से जुटा पाते हैं।

इसी काल में वासुदेव-कृष्ण और संकर्षण-बलदेव की मूर्तिया कुछ अन्य रूप में भी उपलब्ध होती हैं। उनमें एक प्रकार की कुछ मूर्तियां मथुरा संग्रहालय में भी हैं। उनमें संकर्षण-बलदेव और कृष्ण-बलदेव के साथ बीच में एक पनारी का अंकन हुआ है, जिन्हें एकानशा नाम से पहचाना जाता है। पुराणों के अनुसार एकानशा नन्द-यशोदा की पुत्री थीं। जिन्हें कृष्ण से बदल कर वसुदेव कंस के कारागार में ले गये थे और जिन्हें कंश ने उठाकर पटक दिया था। वे आकाश में उड़ गयी थीं। इस प्रकार वे कृष्ण और बलराम की बहन कहीं जाती हैं। एकानशा के साथ संकर्षण बलदेव और कृष्ण वासुदेव का अंकन बहुत पीछे-दसवीं-ग्यारहवीं शती ई० तक होता रहा और आज भी जगन्नाथ पुरी में पूजित हैं अन्तर इतना है कि एकानशा को यहां सुभद्रा समझ लिया गया है।

कहने का अभिप्राय यह है कि मथुरा कला में अब तक बलराम-कृष्ण-कुषाण-काल (पहली-दूसरी शती ई०) से पहले अनजाने रहे हैं और यह कुछ आश्चर्यजनक सी बात है।

वस्तुतः मथुरा कला के साथ बलराम-कृष्ण का सम्बन्ध कुषाण-काल के बहुत पहले ईसा पूर्व की दूसरी शती के आस-पास ही जुड़ चुका था। इस तथ्य के साक्ष्य की ओर अब तक हमारा ध्यान नहीं गया था। उसकी ओर ध्यान आकृष्ट करना ही प्रस्तुत लेख का ध्येय है।

हम जिस साक्ष्य की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं वह सिक्कों-आहत सिक्कों में उपलब्ध है। आहत मुद्राएं इस देश के प्राचीनतम सिक्के हैं। उनका आविर्भाव ईसा-पूर्व की आठवीं-सातवीं शती में हो चुका था, ऐसी मेरी अपनी धारणा है। इन सिक्कों पर लेख का सर्वथा अभाव है। उन पर केवल लक्षण टंकित पाये जाते हैं। इस प्रकार के नन्द मौर्य काल के जो सिक्के कहे जाते हैं उन पर पांच लांछन अर्थात् चिन्ह अलग-अलग बिम्ब टंकों से टंकित किये गये हैं। ये बिम्ब (लांक्षण) विविध प्रकार के हैं और उनकी संख्या कई सौ हैं।

आहत-मुद्राओं पर अंकित इन बिम्बों का अभिप्राय क्या है। ये किस तथ्य की अभिव्यक्ति करते हैं, यह अभी तक समझा नहीं जा सका है। अब तक इतना अनुमान किया जा सका है कि ये पांच चिन्ह पाँच भिन्न तथ्यों के प्रतीक होंगे जिनमें टकसाल-स्थल, राज-वंश, राज आदि का अभिव्यक्ति की गई होगी।

इन बिम्बों (लांछणों) में कुछ मानव आकृतियां भी हैं इन मानव आकृतियों में से एक की ओर यहां हम ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं।

इस आकृति के दोनों हाथ ऊपर को उठे हैं। उसके दाहिने हाथ में स्पष्टतः हल सरीखा आयुध है। उसके बाये हाथ में दण्ड सरीखा आयुध दिखाई देता है जिसे मूसल अनुमान किया जा सकता है। हल और मूसलधारी आकृति इस को हलधर, बलदेव, संकर्षण के रूप में पहचानना कठिन नहीं है। सिक्के पर अंकित इस आकृति के साक्ष्य से निस्संकोच भाव से कहा जा सकता है कि संकर्षण के मूर्त रूप की कल्पना ने इस देश में कुषाण काल से बहुत पहले ईसा से कम से कम डेढ़ शताब्दी पूर्व रूप धारण कर लिया था।

इसके परिप्रेक्ष्य में हम यह भी कहना चाहेंगे कि मूर्तन की कल्पना इसी मथुरा में प्रसूत हुई थी। यह बात भी इसी सिक्के पर अंकित एक अन्य लांछण से प्रकट होती है। यह लांछण केवल आहत मुद्राओं पर सीमित नहीं है। वरन् आहत मुद्राओं के अन्त हो जाने के बाद भी यह लांछन मौर्त्तान्तिरकाल के मित्र, दत्त और क्षत्रिय वंशीय उन शासकों के सिक्कों पर भी जो कुषाणों के आने से पूर्व लगभग दो शती

तक मथुरा पर शासन करते रहें, देखा जाता है। लांछन देश के अन्य भागों से उपलब्ध होने वाले इस परवर्ती काल के किसी भी सिक्के पर किसी रूप में भी प्राप्त नहीं होता। इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि इसका मूलतः जो भी तात्पर्य रहा हो यह मथुरा का निजस्व था। इस प्रकार इसे हम मथुरा का प्रतीक कह सकते हैं। उसी भाव को यह चिन्ह आहत–मुद्राओं पर भी व्यक्त करता रहा होगा। अतः यह अनुमान करना अनुचित न होगा कि उक्त आहत मुद्रा भी मथुरा के ही टकसाल में बनी होगी। इस प्रकार यह मथुरा–कला में संकर्षण के उद्‌भव की स्पष्ठ अभिव्यक्ति है।

संकर्षण के बिम्ब से लांछित इस भांति के आहत मुद्राओं के अतिरिक्त एक–दूसरे भांति का सिक्का भी द्रष्टव्य है। इस भांति के सिक्के पर एक लांछन के रूप में अगल-बगल खड़े दो आकृतियों का संयुक्त अंकन हुआ है और दोनों के खड़े होने की भंगिमा एक सी है। बायीं ओर खड़ी आकृति ठीक पूर्व कथित संकर्षण वाली आकृति की तरह ही ऊपर उठे हाथों में मूसल और हल लिये है, इस प्रकार इसे भी संकर्षण का ही अंकन के रूप में पहचानना होगा। इसके बगल में दायीं ओर जो आकृति है उसके ऊपर उठे दोनों हाथों में से दाहिने हाथ में एक गोल वस्तु है, जिसे सहज भाव से चक्र के रूप में पहचाना जा सकता है और इसी के परिप्रेक्ष्य में बायें ऊपर उठे आयुध को गदा अनुमान करना कठिन नहीं है। इस प्रकार इस भांति के सिक्के पर संकर्षण–बलदेव और कृष्ण वासुदेव का एक साथ अंकन हुआ है। यह युगल-मूर्ति हाथीबाड़ा वाले लेख में उल्लखित संकर्षण-वासुदेव की याद दिलाता है जिसकी चर्चा हमने ऊपर की है और इन दोनों का संयुक्त उल्लेख परवर्ती नागेघाट स्थित सातवाहन अभिलेख में भी हुआ है।

इस भांति का सिक्का भी मथुरा का ही है, यतः इन पर उपलब्ध मथुरा प्रतीक से स्वतः सिद्ध है। साथ ही इस बात की पुष्टि एक–दूसरे सूत्र से भी होती है। अब तक मैंने देश के चतुर्दिक विभिन्न भागों से प्राप्त पैंतीस–चालीस हजार आहत मुद्राओं का निरीक्षण–परीक्षण किया होगा। इस भांति के कुल पांच सिक्के ही मेरे देखने में आये। और ये पांचों इसी मथुरा संग्रहालय में है और मथुरा में ही क्रय किये गये हैं। एक के समन्वय में तो निश्चित जानकारी उपलब्ध है कि वह चौरासो से प्राप्त हुआ था।

निष्कर्ष यह है कि कृष्ण–वासुदेव और संकर्षण–बलदेव के मूर्तन का आरम्भ उनके क्रीड़ास्थली से ही हुआ था।

—◆◆—

नदी का दर्प—

—कुमार हिन्दी

नदी ने भगवान् से कहा–
तूने मेरे इर्द गिर्द किनारे बांधकर
मुझे कैदी बना दिया है।
भगवान् ने कहा–
अच्छा, बेटी लो मैंने तेरे
किनारे तोड़ दिये।
किनारे टूटे,
नदी नाची,
उच्छृखल हुई,
तूफान आये,
तुगयानी आई,
नगर बरबाद हुये,
खेत उजड़े,
जहाँ तहाँ जोहड़ बन गये,
बदबू पैदा हुइ,
मच्छरों का आंतक फैला।
मनुष्य चौंका,
उसने नदी को फिर बांधना शुरू किया।
अब नदी शीतल सलिल हो
खेती को निहाल करती है,
भूमि सरसब्ज करती है,
उर्जा के भण्डार उत्पन्न करती है।
संसार का उपकार करती है।

पदमञ्जोकार-हरदत्त का नवोन वैयाकरणों पर प्रभाव

ले० डा० रामप्रकाश शर्मा

प्राध्यापक : संस्कृत विभाग गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

पदमंजरीकार का प्रभाव नव्याचार्यों पर जितना पड़ा है उतना अन्य प्राचीन व्याख्याकारों का प्रभाव नहीं पड़ा है। पदमंजरी का अनुसरण भट्टोजि दीक्षित ने भी किया है। जबकि भट्टोजि दीक्षित कैयट के अनुगामी के रूप में विशेष प्रसिद्ध है। श्री नागेश भट्ट ने तो पदमंजरी का ही अनुसरण करके तत्तत्स्थलों पर कैयट के ग्रन्थ का खण्डन भी किया है। माधवीय धातुवृत्ति में भी पदमंजरीकार का बहुशः अनुसरण हुआ है। व्याकरण शास्त्र में इस समय प्राचीन तथा नव्य दो प्रकार के वाद प्रचलित है। श्री भट्टोजिदीक्षित को वैयाकरण निकाय के विद्वान् प्राचीन मत की संज्ञा देते हैं। श्री नागेश भट्ट के वाद के वैयाकरण निकाय के विद्वान् नवीन मत कहते हैं। यद्यपि भट्टोजिदीक्षित तथा नागेश दोनों नव्याचार्य ही हैं। इन दोनों वादों में भट्टोजिदीक्षित पर कैयट का प्रभाव विशेष पड़ा है। यही कारण है कि नागेश भट्ट की दीक्षित के मत में जहां सहमति नहीं थी वहाँ नागेश भट्ट ने "इदं कैयटानुरोधेन"—यह कह कर दीक्षित के मत को अस्वीकृत किया है। यह निश्चित है कि प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सभी नव्याचार्य पदमंजरीकार के ऋणी है। इसी सम्बन्ध में कतिपय उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करने का प्रयास करना चाहता हूँ। जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि पदमंजरी का प्रभाव कितना नव्यचार्यों पर पड़ा था। "तस्यादि-तमुदात्तमर्धह्रस्वग्रहणमतन्त्रम्" कहकर ह्रस्वग्रहण को अविवक्षित किया है। इस सम्बन्ध में लक्ष्यदर्शन तथा प्रातिशाख्य को प्रमाण रूप में प्रस्तुत किया गया है। परन्तु नागेश भट्ट ने यह पक्ष स्वीकार नही किया है। किन्तु पदमंजरीकार के मत का अनुसरण करते हुए दीक्षित के ग्रन्थ "ह्रस्वग्रहणमतन्त्रम्" का व्याख्यान "ह्रस्वपदघटितग्रहणमित्यर्थः । अतन्त्रम्=स्वशास्त्रसंकेतितरूपेणबोधमित्यर्थः, किन्त्वर्धमात्रारूपार्थबोधक-मित्यर्थः" ।— ऐसा किया है। इस तरह दीर्घादिस्वरित स्थल में आदि अंश अर्धमात्रारूप ही उदात्त होता है। पदमंजरीकार ने इसी अर्थ को स्पष्ट किया है।

अर्धह्रस्व शब्द की व्याख्या करते हुए लिखा है कि ह्रस्वस्य हि मात्रा भवति अतोऽर्धह्रस्वग्रहणे-नार्धमात्रोपलक्ष्यते"। अर्थात् अर्धह्रस्व शब्द अर्धमात्रा का बोधक है। पदमंजरीकार का प्रभाव न केवल नागेश भट्ट पर ही पड़ा है किन्तु भट्टोजिदीक्षित पर भी बहुत पड़ा है। किन्तु भट्टोजिदीक्षित पर भी बहुत

पड़ा है। "कृतद्धित समासाश्च" सूत्र में समासग्रहण को नियमार्थक स्वीकार किया गया है। नियम का आकार भट्टोजिदीक्षित ने बताया है कि "यत्र संघाते पूर्वो भागः पदम् तस्य चेत्तर्हि समासस्यैव, यद्यपि इस आकार में कुछ दोष भी व्याख्याकारों से दिखाये हैं। तथापि "यत्र संघाते पूर्वोभागः पदम्" यह शब्दावली पदमंजरीकार के प्रभाव से ही उपन्यस्त हुई प्रतीत हो रही है। पदमंजरीकार ने "अर्थवत्समुदायानां समासग्रहणम् नियमार्थम्" इस वृत्तिकार के ग्रन्थ की व्याख्या के प्रसंग में लिखा है कि "तुल्यजातीयस्य च नियमेन व्यावृत्तिः, कश्च तुल्यजातीयो, यस्यार्थवत्समुदायस्य पूर्वोभागः पदम्।" अनेक तरहों के समासों का उदाहरण देकर अन्त में यह भी बताया है कि "सर्वत्रात्रपूर्वोभागस्तात्पदम्"। इस तरह यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि भट्टोजिदीक्षित वे० सिद्धान्त कौमुदी में समासग्रहण के नियम के आकार के निर्धारण में पदमंजरीकार से प्रभावित थे।

"सर्वादीनि सर्वनामानि" सूत्र के विषय में भी पदमंजरी का प्रभाव भट्टोजिदीक्षित पर पड़ा है। सर्वादिगण में उभ, उभय, ये दो शब्द पढ़े गये हैं। इनमें उभ शब्द द्वित्वविशिष्ट का वाचक है, अतः उभ, शब्द को द्विवचनामात्र विषयक माना गया है। पदमंजरीकार ने लिखा है कि "अतति द्विवचनेनेव प्रयुज्जति"—अर्थात् उभ शब्द का प्रयोग द्विवचन परे रहते ही होता है। यही बात भट्टोजिदीक्षित ने "उभयोऽन्यत्र" वार्तिक का उदाहरण देकर बताया है। इस वार्तिक का तात्पर्य यह है कि द्विवचनपरत्व के अभाव में उभ शब्द का प्रयोग नहीं होता है किन्तु उभ के स्थान में उभय शब्द प्रयुज्यमान होता है। अर्थात् उभ शब्द से अत्यन्त स्वार्थिक अयच् प्रत्यय नित्य होता है। द्विवचनपरत्वाभाव की स्थिति में उभ की स्थिति में उभ शब्द अयच् प्रत्यान्त होकर ही प्रयुज्यमान होगा। अतएव पदमंजरीकार ने कहा है कि "न हि भवति उभौ पुत्रावस्य उभपुत्र इति, उभयशब्दोऽत्र तत्स्थाने भवति उभयपुत्र इत्यादि।" इसी तरह उभय शब्द को लेकर भी भट्टोजिदीक्षित ने पदमंजरीकार का अनुसरण किया। "उभौ अवयवौ यस्य" इस विग्रह में तयप् प्रत्यय के स्थान में 'उभादुदात्तो नित्यम्" इस सूत्र से अयच प्रत्यय हुआ है। इस तरह निष्पन्न उभय शब्द को लेकर विचार करते हुए भट्टोजिदीक्षित ने सर्वादीनि सर्वनामानि" इस सूत्र पर वै० सि० कौमुदी में कहा है कि "उभय शब्दस्य द्विवचनं नास्तीति केयटः" "अस्तीति हरदत्तः"–इति। यहाँ केयट का अभिप्राय यह है कि "उभयोऽन्यत्र" वार्तिक के उदाहरण के रूप में भाष्यकार ने 'उभयो मणिः" "उभये देव मनुष्याः" ये दो प्रयोग प्रस्तुत किये हैं। कैयट का अभिप्राय यह है कि यदि उभयो शब्द से द्विवचन का प्रयोग होता तो जैसे एकवचनान्त तथा बहुवचनान्त उभय शब्द का उपन्यास किया गया है वैसे ही द्विवचनान्त का हो उपन्यास किया है। इससे ज्ञात होता है कि उभय शब्द से द्विवचन का प्रयोग नहीं होता है।

कैयट का दूसरा भी एक अभिप्राय यह है कि यदि उभय शब्द से द्विवचन का भी प्रयोग होता तो "तद्धितश्चासर्वविभक्तिः" सूत्र पर प्रत्यय विशेष का परिगणन निष्प्रयोजन होता। इस सूत्र पर प्रत्यय विशेष का परिगणन किया गया है। पदमंजरीकार ने भी यह लिखा है कि "तस्मात्तद्धितानां पाठ एवाश्रयणीयः, तदाहसिद्धम् तु पाठात्तसिलादयः प्राक् समासान्तेभ्यः, मान्तः, कृत्वोर्थाः, तसिवतो, नानाविति।" यदि उभय शब्द से द्विवचन का प्रयोग न स्वीकार किया जाए तो उभय शब्द में अव्ययत्व की अतिव्याप्ति दूर करने के लिए तद्धितश्चासर्वविभक्तिः सूत्र में भाष्योक्त परिगणन भी संगत हो सकता है। पदमंजरीकार का अभिप्राय यह है कि "न चोदाहरणमादरणीयम्"—ऐसा स्वयं ही भाष्यकार ने कहा है। इसके अनुसार केवल भाष्यकार के उदाहरणमात्र के आधार पर उभय शब्द से द्विवचन का प्रयोग अस्वीकार करना ठीक नहीं है। जिस तरह उभयः, उभये में प्रयोग हो सकते हैं उसी तरह उभयो प्रयोग भी हो ही सकता है। पदमंजरी में कहा गया है कि उभाववयावावस्येति व्युत्पाद्यमान उभय शब्दो यदा तिरोहितावयवमेदं समुदायमाचष्टे तदैकवचन भवति-उभयोमणिरिति। यदा तु वर्गद्वयारब्ध समुदायिनि वर्तमानो वर्ग्यभेदानुगतं समुदायमाचष्टे तदा बहुवचनम्-उभये देव मनुष्या इति।" इस तरह जैसे उभयो मणिः प्रयोग अवयवद्वयारब्ध, तिरोहित भेद समुदायद्वय के लिये उभयो प्रयोग होने मे कोई बाधा नहीं हो सकती है। "तद्धितश्चासर्वविभक्तिः" सूत्र में भाष्योक्त परिगणन भी पचतिरूपम्, पचतिकल्पम् इत्यादि प्रयोगों में अव्ययत्व की अतिव्याप्ति को दूर करने के लिए आवश्यक ही है। परिगणन की सार्थकता केवल उभय शब्द को ही लेकर हो सकती है। ऐसी बात नहीं है। अतः उभय शब्द से द्विवचन का प्रयोग नहीं होने में कोई प्रमाण नहीं है। उभय शब्द से द्विवचन हो ही सकता है, यह पदमंजरीकार का अभिप्राय है।

इसी के अनुसार भट्टोजिदीक्षित ने लिखा है कि "अस्तीति हरदत्तः" इति। भट्टोजिदीक्षित यद्यपि कैयटानुयायी माने जाते हैं तथापि यहां उभय शब्द के विषय में पदमंजरीकार की प्रक्रिया से ही प्रभावित हैं। यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है। क्योंकि "उभयशब्दस्य द्विवचनम् नास्तीति कैयटः।"—यह कह कर प्रथम कैयट के पक्ष का उपन्यास किया। परन्तु कैयट के पक्ष एवं उनके मन्तव्य से सन्तुष्ट न होकर "अस्तीति हरदत्तः" यह कह कर पदमंजरीकार के पक्ष का आश्रयण किया। कैयट के मत के अनन्तर हरदत्त के मत के उल्लेख से भट्टोजिदीक्षित पर पदमंजरी के प्रभाव का स्पष्ट आभास हो जाता है। भट्टोजिदीक्षित ने नदी संज्ञा के विषय में "यू स्त्र्याख्यौ" सूत्र पर "स्त्र्याख्यौ" इस पद में आख्याग्रहण के सामर्थ्य नित्यस्त्रीत्व का व्याख्यान यह किया है कि "आख्याग्रहण के सामर्थ्यत्वदान्तरमनपेक्ष्य यौ स्वयमेव स्त्रियमाचक्षाते इत्याश्रीयते। इष्टशनिप्रभृतीतां तूभयलिङ्गानां शब्दार्थ एव स्त्रित्वमिति" "ङितिह्रस्वश्च" इति नदी संज्ञा भवत्येव। एवं पटुप्रभृतीनां गुणशब्दानामपि शब्दार्थ एव स्त्रीत्वम्।

तथा च पटुरानीदसामित्युक्ते स्त्रियमप्यानीयकृतीभवति"। अर्थात् पदान्तर के समभिव्याहार के बिना भी जो शब्द स्त्रीत्व का बोधक है, वह शब्द नित्यस्त्रीलिङ्ग है। भट्टोजिदीक्षित ने भी इस मत को स्वीकार करते हुए वै० सि० कौमुदी ने प्रधी शब्द को लेकर कहा है कि प्रधीशब्दस्य तु वृत्तिकारादीनां मते लक्ष्मीवद्रूपम्। पदान्तरं विनाऽपि स्त्रियां वर्तमानत्वं नित्यस्त्रीत्वमिति स्वीकारात्।" यहां "वृत्तिकारादीनाम्" इस पद में आदि शब्द से पदमंजरीकार को भी समझना चाहिए। इस प्रधी शब्द को ही लेकर भट्टोजिदीक्षित ने लिखा है कि "लिङ्गान्तरानभिधायकत्वं तदिति कैयटमते तु पुंवद्रूपम्।" 'कैयट मते तु" इस वाक्य में तु शब्द के प्रयोग से यह स्पष्ट है कि कैयट के प्रति विशेष आस्था होने के कारण उनके मत का उद्धरण कर दिया है। पदमंजरीकार ने कैयट के इस मत का आगे चलकर स्पष्ट खण्डन भी किया है। 'अन्येत्वाहुः"—आख्याग्रहणसामर्थ्यान्नित्यम् आश्रीयते—स्त्रियामेव भावमाचक्षाते न तु लिङ्गान्तरयुक्तम् इति। ग्रामणीखलपूशब्दयोस्तु क्रियाशब्दत्वेन स्त्रिलिङ्गत्वान्न भवति। इध्वशनिप्रभृतीनां तु स्त्री विषयत्वाभावेऽपि ङिति ह्रस्वश्च, इत्यत्र केवलस्य स्त्रीशब्दस्येवानुवृत्तिर्नाख्याग्रहणस्येति भावतीति तेषामाङ्पूर्वस्य ध्यायतेः क्विपि सम्प्रसारणे" आध्ये ब्राह्मण्ये, इत्यत्रापि न स्यात्। तस्मात्पूर्वप्रकार एवाश्रयणीयः"। अर्थात् आध्ये ब्राह्मण्ये इस प्रयोग में नित्यस्त्रीत्व मानकर नदी संज्ञा की सिद्धि के लिये लिङ्गान्तरानभिधायकत्वरूप नित्यस्त्रीत्व मानना उचित नहीं है। अन्यथा आध्यान क्रिया के स्त्रीपुंस साधारण होने के कारण आधी शब्द भी लिङ्गान्तर का अभिधायक है, अतः आध्ये में नदी संज्ञा सिद्ध नहीं होगी। आख्या ग्रहण के प्रत्युदाहरण के रूप में दिये गये ग्रामण्यैस्त्रियै, खलप्वै स्त्रियै" इति उच्यते, क्रियाशब्दत्वेऽप्येतयोः पुंसि मुख्यावृत्तिः, पुंसामेव ह्यनुचितो धर्मो यदुत ग्रामनयनं नाम। एवं खलपवनमपि। आध्यानं तु स्त्रीपुंससाधारणमिति विशेषः।"—इस तरह पदमंजरीकार का मत युक्तिसंगत एवं लक्ष्योपयोगी होने के कारण भट्टोजिदीक्षित को भी विशेष संगत प्रतीत हुआ है। इस तरह "शेषोध्यसखि" सूत्र के विषय में भी विशेष सङ्गत प्रतीत हुआ है। इस तरह "शेषोध्यसखि" सूत्र के विषय में भी भट्टोजिदीक्षित ने पदमंजरी का ही अनुसरण किया है। "शेषोध्यसखि" सूत्र का अर्थ वै० सि० कौमुदी में पदमंजरीकार के ही अनुसार किया है। "अनदीसंज्ञौ ह्रस्वौ याविदुतौ तदन्तं सखिवर्जं घिसंज्ञं स्यात्"—इस तरह भट्टोजिदीक्षित ने जो इदन्त उदन्त को घि संज्ञा का विधान किया है। वर्णसंज्ञा पक्ष नहीं स्वीकार किया है। इससे स्पष्ट है कि पदमंजरी के प्रभाव से प्रभावित थे। पदमंजरी में वर्णसंज्ञा पक्ष का निराकरण करके तदन्त पक्ष का समर्थन किया है। पदमंजरी में कहा गया है कि "ह्रस्वात्मकौ य इवर्णं उवर्णश्च तदन्तमित्यर्थः ह्रस्वेन शेषस्य विशेषणत्वात्तदन्तविधिः। तदन्तसंज्ञापक्ष का फल भी दिखाया है—"एव च+असखि+इति सखिशब्दस्य प्रतिषेधो न तन्संबंधित इकारस्य किं सिद्धं भवति"। इह शोभन सखा अस्य सुसखिः, सुसखेरागच्छतीति घि संज्ञा सिद्धा भवति। अर्थात् तदन्तसंज्ञा पक्ष में

'असखि" इसके द्वारा सखि शब्द का ही निषेध हुआ। अतः शोभनः सखा अस्य इस विग्रह में बहुव्रीहि समास करके निष्पन्न सुसखि शब्द की घि संज्ञा हो जाती है। सुसखेः प्रयोग निष्पन्न होता है। वर्णसंज्ञा पक्ष में यह प्रयोग नहीं बन सकता है, जैसा कि पदमंजरीकार ने स्वयं कहा है 'न ह्ययं समुदायः सखिशब्दः तदन्तविधिश्च ग्रहणवता प्रातिपदिकेन प्रतिषिद्धः, ह्रस्वमात्रस्य तु संज्ञाविधस्य सखिशब्द संबंधिनः प्रतिषेधादिहापि न स्यात्"। इस तरह पदमंजरी का अनुसरण करके ही भट्टोजिदीक्षित ने इस सूत्र में तदन्त संज्ञा-पक्ष स्वीकार किया है। अतएव 'शोभनः सखा सुसखा"। यह बताकर आगे लिखा है कि "समुदायस्य सखिरूपत्वाभावादसवीति निषेधाप्रवृत्तेर्घिसंज्ञा, सुसखिना, सुसखेये।" यहाँ तदन्त संज्ञापक्ष का अनुसरण पदमंजरी के आधार पर भट्टोजिदीक्षित ने किया है; यह बात लघुशब्देन्दुशेखर में नागेशभट्ट ने भी स्वीकार किया है। तदन्तसंज्ञापक्ष को लेकर भट्टोजिदीक्षित के विषय में कहा है कि 'एतत्सर्वं हरदत्तानुरोधेन" यह कह कर वर्ण संज्ञापक्ष का समर्थन अपने मन्तव्य के अनुसार किया है।

नागेश भट्ट पर तो जितना प्रभाव पदमंजरीकार का पड़ा है उतना और किसी आचार्य का नहीं पड़ा है। जहां कहीं भट्टोजिदीक्षित के सिद्धान्त के विरुद्ध सिद्धान्तों का निरूपण नागेश भट्ट ने किया है, वहां सर्वत्र प्रायः पदमंजरी से ही प्रभावित होकर ऐसा किया है। "तस्यादित उदात्तमर्धह्रस्वम्" सूत्र के विषय में विचार पहले प्रदर्शित किया गया है कि वहां पदमंजरी के प्रभाव से प्रभावित होकर ऐसा अर्धह्रस्व शब्द की व्याख्या की गई है। 'उपदेशेऽजनुनासिक इत्" सूत्र में उपदेश शब्द की व्याख्या में भट्टोजिदीक्षित ने उपदेश=आद्योच्चारणम् कह कर भावघञन्त स्वीकार किया है। परन्तु नागेश भट्ट ने पदमंजरी की प्रक्रिया के अनुसार उपदिश्यत अनेन का व्युत्पत्ति के अनुसार करण मे घञ् स्वीकार कर उपदेश शब्द की करणाघञन्त स्वीकार किया है। पदमंजरी में कहा गया है "उपदिश्यत अनेनेत्युपदेशः" "अकर्तरि=च कार के संज्ञायामिति करणे घञ्" तदनुसार ही नागेश भट्ट ने "उपदेशेऽजनुनासिक इति वक्तव्यम्"—इस वार्तिक के अनुसार बाहुलकात् करण में घञ् स्वीकार उपदेश शब्द का अर्थ प्रयोग शासन करणभूत धातु, प्रतिपादिक, प्रत्यय, निपात्, आगम, आदेश किया है। "पतिः समास एव" सूत्र पर भी विचारने में नागेश भट्ट ने पदमंजरीकार का अनुसरण किया है। इस सूत्र का एवकार का प्रयोजन बताते हुए शेखरकार ने कहा है कि—"एवकार इष्टतोऽवधारणार्थः" अर्थात् सूत्र में नियमत्व सिद्ध होने पर भी एवकार इष्ट नियम के लाघव के लिये किया गया है। पदमंजरीकार ने भी इस नियम के स्वरूप का प्रदर्शन अपने ग्रन्थ में किया है—"पतिशब्दः समास एव घिसंज्ञो भवतीति"। नागेश भट्ट ने पति शब्द को पतिशब्दावयव इकार में लाक्षणिक स्वीकार किया है—"सूत्रे पतिशब्दश्च तदवयवेकारे लाक्षणिकः" यह अर्थ पदमंजरीकार का अनुसरण कर के ही नागेश भट्ट ने किया है क्योंकि पदमंजरीकार ने सूत्र की व्याख्या में कुछ विकल्प प्रस्तुत करते हुए यही पक्ष सिद्धान्तित किया है। किं पुनरिदं समासा-

वयवस्य पतिशब्दस्य संज्ञा विधीयते। अहोस्वित्तदन्त समासस्य" यदि समासस्य" पतिश्च गृहं च, पतिगृहे अत्र 'द्वन्द्वे घिः, इति पूर्व निपातो न प्राप्नोति। अथ पति शब्दस्य, प्रजापतिनेत्यादिकस्य घिसंज्ञाकार्यं न प्राप्नोति। अथवा "पतिः समास एव, इति नियमेन किं व्यावर्त्यते, असमस्तः पतिशब्दः पतिशब्दस्य व्यावर्त्यमाना केन तदन्तस्य व्यावर्त्यते, इस तरह के विकल्प प्रस्तुत करके अन्त में पदमंजरी में कहा गया है कि पति शब्द सम्बन्धी य इकारस्तदाश्रया सा घि संज्ञा भवति यदि समास एत्वेयर्थो विवक्षितः। तेन समासे पतिशब्दस्यानन्त्यस्यापि सवति पतिश्च गृहं च पतिगृहे। "द्वन्द्वे घि." इति पूर्वनिपातः। पतिशब्दांत समासस्यापि भवति प्रजापतिनेति।"–इस सन्दर्भ के द्वारा पदमंजरीकार ने पतिशब्द सूत्र में पतिशब्दावयव इकार का ग्रहण करके पतिशब्दावयवेकारान्त को घि संज्ञा समास में हो हो ऐसा नियम स्वीकार किया है। इसी का अनुसरण नागेश भट्ट ने किया है। इसके अनन्तर पदमंजरी में यह विचार किया गया है कि:– "अथ पूर्वमेव असखिपति" ऐसा क्यों नहीं पढ़ा" उत्तर में बताया गया है कि "उतरम् पत्युरेव विकल्पों यथा स्यात्" अर्थात् उत्तर सूत्र "समास एव" द्वारा केवल पति शब्द का हो ग्रहण हो यानि पति शब्द की समास में हीं घी संज्ञा हो। केवल पति शब्द की घि संज्ञा न हो सके। दूसरी बात यह है कि यदि पूर्वसूक्त में "असखिपति" ऐसा पढ़ा जाए तो पति शब्द की घि संज्ञा समास में भी नहीं हो सकेगी। इससे पतिगृहे में द्वन्द्वे घिः" की प्रवृत्ति तभी होगी सखिशब्द के विषय में समासावयव सखिशब्द की भी घि संज्ञा का अभाव होने से सखिगृहे, गृह सखायौ यह पूर्वनिपात के नियम की सिद्धि भी नहीं होगी। इस संदर्भ का ही अनुसरण करते हुए नागेश भट्ट ने भी कहा है कि एतेन "शेषोध्यसखिपती" पतिसखी समास एव इति वा सुत्र्यतामित्ययास्तम्। यस्येति च, इति सूत्रस्थभाष्यरी त्या "सुपतिना, सुसख्या, इत्यादिष्टा-सिद्धया तथा न्यासस्य कर्तुमशक्यत्वादिति स्पष्टमेव। इस तरह नागेश भट्ट के शेखर का विचार करने से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि नागेश भट्ट ने पदमंजरी का विशेष यत्न से अनुसरण किया है।

नागेश भट्ट के गुरु हरि दीक्षित भी पदमंजरी से प्रभावित प्रतीत होते है। यद्यपि हरि दीक्षित भट्टोजिदीक्षित के पौत्र हैं तथापि अपने पितामह के पक्ष का परित्याग कर ये पदमंजरी का हो अनुसरण किया है 'इदुदुपधस्य चाप्रत्ययस्य, सूत्र की व्याख्या में भट्टोजिदीक्षित ने अपने प्रौढ़मनोरमा ग्रन्थ में लिया है कि "अपत्यस्य इति तु अप्रत्ययौ यो विसर्ग इति सम्बध्यते। संभवति सामानाधिकरण्ये वैयधिकरण्य सान्याय्यत्वात्" अर्थात् प्रत्ययभिन्न जो विसर्ग ऐसा अन्वय करके अप्रत्ययभिन्न विसर्ग के स्थान सत्व का विधान होगा क्योंकि यदि सामानाधिकरण्येन अन्वय संभव हो तो वैयधिकरण्येन अन्वय नहीं करना चाहिए। इस व्याख्या में प्रत्युदाहरण के रूप में अग्निः करोति यह प्रयोग प्रस्तुत किया है। अग्निः करोति— इस प्रयोग में अग्निः में जो विसर्ग ह वह प्रत्ययरूप है, अतः यहां षत्व नहीं हुआ है। परन्तु इस सूत्र में पदमंजरीकार ने अप्रत्ययस्य इस वंश में भी वैयधिकरण्येन अन्वय स्वीकार कर प्रत्यय सम्बन्धी

जो विसर्ग उसके स्थान में सत्व न हो, ऐसा व्याख्यान किया है। जैसा कि पदमंजरीकार ने "इदुदुपधस्य चाप्रत्ययस्य" सूत्र का प्रतीक लेकर लिखा है कि "इदुतावुपधे यस्य स इदुदुपधः समुदायः, तस्य यो विसर्जनीय इति वैयधिकरण्येन संबन्धः। अप्रत्ययस्येतदपि व्यधिकरणमेव। अर्थात् इदुदुपधस्य इस अंश में जिस तरह व्यधिकरणान्वय स्वीकार किया गया है। इसी तरह अप्रत्ययस्य इस अंश में व्यधिकरणान्वय ही उचित है। इसी व्यधिकरणान्वय पक्ष को स्वीकार करते हुए हरिदीक्षित ने अपने "शब्द रत्न" नामक प्रौढ़मनोरमा के व्याख्यान ग्रन्थ में भट्टोजिदीक्षित के मन्तव्य की उपेक्षा के लिए लिखा कि व्याख्यादर्शोक्तरीत्या आह—अप्रत्ययो यो विसर्ग इति" अर्थात् भट्टोजिदीक्षित ने जो "अप्रत्ययो यो विसर्गः" ऐसा जो सामानाधिकरण्येन अन्वय स्वीकार किया है वह व्याख्यादशोक्त रीति से किया है। यानि भट्टोजिदीक्षित का स्वयं का यह मत नहीं है। अपने पितामह का साक्षात् खण्डन करना हरिदीक्षित ने उचित न समझ कर व्याख्यादर्शोक्त रीति प्रदर्शन द्वारा इस मत की उपेक्षा की। हरिदीक्षित के अनुसार विसर्गमात्र प्रत्यय संभव ही नहीं है। यदि कथंचित् अग्निः प्रयोग के विसर्ग में प्रत्ययत्व का समर्थन किया भी जाय तो भी केवल एकमात्र प्रयोग के लिए अप्रत्यय ग्रहण करना व्यर्थ हो जाएगा। "असौ" मात्र कह कर अग्निः में षत्व का वारण किया जा सकता था। समानाधिकरणान्वय पक्ष में अनेकों दोषों का प्रदर्शन करके अन्त में हरिदीक्षित ने कहा है कि 'तस्मादत्र प्रत्ययपदं तत्संबन्धिपरं प्रत्ययसंबन्धिभिन्नस्य विसर्गस्येत्यर्थ उचितः।" अतएव कविभिः कृतमित्यादौ न दोषः। इस तरह पदमंजरी के पक्ष का ही अनुसरण किया। भले ही प्रत्ययपद का प्रत्ययसंबन्धी में लक्षणा का प्रतिपादन कर के समानाधिकरण्येन अन्वय का रूप दिया, परन्तु फलतः पदमंजरीकार के ही व्याख्या का ही अनुसरण किया है। इस तरह हरिदीक्षित पर भी पदमंजरीकार का प्रभाव स्पष्ट उपलक्षित हो रहा है। इसी तरह सायणाचार्य ने माधवीय धातुवृत्ति में पदमंजरी का उद्धरण कर पदमंजरी के प्रभाव को व्यक्त कर दिया है। माधवीय धातुवृत्ति में "श्च्युतिर वरणे" धातु की व्याख्या में पदमंजरीकार के मत का अनुसरण किया है। "श्च्युतिर क्षरणे" धातु का उपक्रम करके "सायणाचार्य ने लिखा है कि "सकारादिरयम्, निर्देशः श्चुत्वेन" अर्थात् यह धातु लकारादि है। "स्तोः श्चुनाश्चुः" सूत्र से श्चुत्व करके निर्देश किया गया है। इसे लकारादि स्वीकार करने का प्रयोजन "मधुय्" रूप की सिद्धि बताई है। इस रूप की सिद्धि के लिये प्रक्रिया का विश्लेषण भी यहां बताया है। मधुश्च्योततीति मधुश्च्युत्=क्विप्, मधुश्च्युत् से "तत्करोति तदाचष्टे, द्वारा णिच् प्रत्यय करके इष्ठवद्भावात् टिलोप कर देने के बाद मधुश्च्यु धातु से मधुश्च्यावयति सिद्ध होता है। पुनः "मधुश्च्यु" इसी धातु से 'क्विप् च" सूत्र से क्विप् प्रत्यय किया। इसका सर्वापहारी लोप होने के बाद "प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम्" सूत्र के बल से प्रययलक्षण द्वारा "णेरनिटि" सूत्र द्वारा णिलोप हो गया। अब यकारान्त मधुश्च्यु प्रातिपादिक से सु विभक्ति हो आई। उसका "हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात्सुतिस्यपृक्तं हल्" सूत्र से लोप हो जाने के बाद प्रत्यय लक्षणेन सुबन्त होने के

कारण पद मान कर [संयोगान्तस्य लोपः] से यकार का लोप हुआ। तदनन्तर "पूर्वत्रासिद्धम्" सूत्र से श्चुत्व के असिद्ध होने के कारण "स्कोः संयोगाद्योरन्ते च" सूत्र से सलोप होने पर "चोः कुः" सूत्र से पदान्त चकार के स्थान में ककार हो गया। उसके स्थान में "झलां जशोऽन्ते" से जश्त्व होकर "मधुग् रूप की सिद्धि हुई। इस तरह पदमंजरी की सम्मति दिखाते हुए श्च्युत् धातु को सकारादि स्वीकार किया है। इस रूप की सिद्धि बताने के बाद पुनः शंका की है कि यदि वह धातु सकारादि मानी जायेगी तो "अड्+श्च्योतति" इस प्रयोग में "ङः सि धुट्" से धुट् का आगम होने लग जायेगा। इस शंका के समाधान में बताया कि यह दोष नहीं होगा। क्योंकि "श्चुत्वं धुट्त्वे सिद्धं वक्तव्यम्" यह वार्तिक पढ़ा गया है। इससे धुट् कर्तव्य में श्चुत्व सिद्ध ही रहेगा। अतः सकार के अभाव में "ङःसि धुट्"की प्राप्ति नहीं होगी। अन्त में सायणाचार्य ने स्वामी एवं काश्यप द्वारा सम्मत इस धातु के शकारादित्व की पदमंजरी का विरोध दिखा कर उपेक्षा कर दी है। यद्यपि शकारादित्व पक्ष में अड् श्च्योतति में वार्तिक दिखा कर उपेक्षा कर दी है। यद्यपि शकारादित्व पक्ष में अड् श्च्योतति में वार्तिक के विना भी धुट् का अभाव सिद्ध होगा तथापि पदमंजरीसम्मत् मधुग् रूप सिद्ध नहीं हो सकेगा। क्योंकि "मधुश्च्यु", इस अवस्था मे संयोगान्तस्य लोपः" सूत्र द्वारा क्रम से यकार तथा चकार का लोप हो जाने के बाद शकार के स्थान में "व्रश्चभ्रस्ज सृजमृजयजराजभ्राजच्छशा षः" इस सूत्र से षत्व का विधान हो जाने के कारण उसके स्थाद में "झलाजशोन्ते" सूत्र से जश्त्व होकर मधुड् रूप होने लग जायेगा। अतः इस धातु को सायण ने दन्त्यसकारादि ही स्वीकार किया। इससे स्पष्ट है कि पदमंजरी का बहुत अधिक प्रभाव सायणाचार्य पर पड़ा था। 'च्युतिर आसेचने' धातु पर भी सायणाचार्य ने पदमंजरीकार का अनुसरण किया है। "च्युतिर आसेचने" धातु का उपक्रम करके लिखा है कि आ ने षमाद्रीभावनम्" अर्थात् यहां सेचन का अर्थ आद्री भावन है यानि गीला करना है न कि गीला होना है। इस व्याख्या को प्रमाणित करने के लिये सायणाचार्य लिखते हैं कि "यदाह हरदत्तः सिचि कर्मस्थक्रियः, आद्रीभावनम् ह्यत्र प्रधानम् तदर्थत्वात्कारक व्यापारस्य" इति। इसी तरह पदमंजरीकार के प्रामण्य को स्वीकार करना स्पष्ट व्यक्त कर रहा है कि सायणाचार्य पर पदमंजरीकार पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है।

यह कहना असंगत नहीं होगा कि पदमंजरीकार से अर्वाचीन जितने वैयाकरण विख्यात हुए हैं उन सब पर पदमंजरी का प्रभाव पड़ा है। कोण्डभट्ट निर्मित वैयाकरणभूषणसार ग्रन्थ में भी अनेक स्थलों में पदमंजरी में स्पष्ट किये गये सिद्धान्त दृष्टिगोचर होते हैं। वैयाकरणभूषणसार में लिंग" पदार्थ का निरूपण पदमंजरी के निरूपण के ही अनुसार देखा जाता है। वैयाकरणभूषणसार की व्याख्या "दर्पण" में तो पदमंजरीकार की कारिकायें अविकल रूप से उद्धृत हुई हैं। "तिस्रो जातय एवैताः केषांचित्समवस्थिताः। अविरुद्धाविरुद्धाभिर्गोमहिष्यादि जातिभिः"। यह कारिका पदमंजरी की ही है, जो दर्पण-

कार द्वारा उद्धत है। "अथवा स्त्रीत्वादिर्जातिरेव" यह उपक्रम करके उक्त कारिका उद्‌धृत की गई है। इस तरह पदमंजरी का प्रभाव समस्त नव्याचार्यों पर पड़ा है। इस वंश में किसी को विप्रतिपत्ति नहीं हो सकती है। पदमंजरीकार को स्वयं विश्वास था।

अविचारितरमणीयं कामं वाल्पांशतं भवतु वृत्तेः ।

हृदयंगमा भविष्यति गुणगृह्याणामियं व्याख्या ॥

पुस्तक समीक्षा

स्वामी दयानन्द के दार्शनिक सिद्धान्त; सम्पादक-डाक्टर भवानी लाल भारतीय, प्रोफेसर व अध्यक्ष दयानन्द अनुसन्धान पीठ जी-३ पञ्जाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़—१६००१४, मूल्य ५ रु०।

यह पुस्तक पञ्जाब विश्वविद्यालय की दयानन्द अनुसन्धान पीठ के तत्त्वावधान में "महर्षि दयानन्द के वैदिक दर्शन" पर आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न विद्वानो के द्वारा पठित निबन्धों का संकलन है। महर्षि दयानन्द के दार्शनिक विचारों की वैदुष्यपूर्ण व्याख्या का स्तुत्य संकलन डॉ० भारतीय ने किया है।

डा० जयदेव वेदालंकार ने वैदिक दर्शन को ही दयानन्द का दर्शन प्रतिपादित करने का सफल प्रयास किया है।

डॉ० स्वामी सत्यप्रकाश के भी सुन्दर और गहन विचार इस पुस्तक में देखने को मिलते हैं। अन्य विद्वानों के निबन्ध भी गहन चिन्तन के प्रतीक है। यह पुस्तक स्वाध्याय प्रेमी पाठकों के लिए उपादेय है।

—प्रो० मनुदेव "बन्धु"

निराले सन्त स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज

(लि० डा० सत्यव्रत राजेश कांगड़ी गुरुकुल विश्वविद्यालय)

२३ दिसम्बर, वर्ष का सबसे छोटा दिन, छोटा तो होता ही उपेक्षणीय है, अतः यह दिन भी उपेक्षणीय था, कौन मनाये छोटे दिन का उत्सव कोई उस दिन का ध्यान भी न करता था सभी इसकी ओर हीनता की दृष्टि से देख कर चल देते थे, किन्तु एक महात्मा को इस दिन पर दया आई वह सन्त था भी निराला, आजीवन छोटों को बड़ा बनाने का कार्य ही किया था उस सन्त ने, अतः यह छोटा दिन भी उसकी दृष्टि से ओझल न रहा, उसे इस दिन की उपेक्षा असह्य हो उठी और वे अपने रक्त के दान से इस दिन की सुहागन की मांग में सिंदूर, भर दिये, ये सन्त थे स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज, जो उसी समय जानलेवा बीमारी से जूझ कर उठे, वे उस रोग से भी मर सकते थे, किन्तु वे मरे नहीं क्योंकि उनके सामने दो लक्ष्य थे एक तो इस छोटे दिन को बड़ा बनाना और दूसरे वे आर्यों को वीरोचित जीना ही सिखा पाये थे, वीरोचित मृत्यु का पाठ भी तो आर्यों को सिखाना था उन्हें, वे वीरों की भांति जिये थे और वीरों की भांति मरे थे, वीर रणभूमि में मरा करते हैं खाट पर पड़ के नहीं, अतः वे भी रोग से न मरे किन्तु एक पापी घातक को अपने पावन रक्त से उसके पापी हाथों को रंगने का अवसर दे गये। उनके गुरुदेव भी तो हंसते-हंसते विष का प्याला पी कर अपना अमर बलिदान दे गये थे, फिर क्या उनके ये शिष्य अपने गुरु का अनुकरण न करते, आजीवन दयानन्द के सपनों को साकार करने वाला क्या उनके मृत्यु के सपनों को साकार किये बिना छोड़ देता।

वे एक शानदार जीवन जिये और उन्होंने शानदार ही मृत्यु पाई। उस निराले सन्त की मृत्यु के उपरान्त ६ जनवरी १६७६ के यंग इंडिया मे गांधीजी ने लिखा था—

"वह एक योद्धा थे और एक योद्धा रोग शय्या पर नहीं परन्तु लड़ाई के मैदान में मरना पसन्द करता है। प्रभु उनके लिये एक शहीद की मृत्यु ही चाहते थे। इसीलिये रोगशय्या में पड़े रहने पर भी एक हत्यारे के हाथों उनकी मृत्यु हुई। गीता के शब्दों में 'सुखिनः क्षत्रिया पार्थ लभन्ते युद्धमीदृशम्" मृत्यु एक वरदान है, परन्तु उस योद्धा के लिए वह दुगुना वरदान है जो अपने लक्ष्य तथा सत्य के लिये प्राण दे देता है।"

लाला लाजपतराय ने कहा था "श्रद्धानन्द ने मुझे परास्त कर दिया, उनकी मौत पर मै गर्व करता हूं। ऐसी इज्जत मौत मुझे कहां नसीब हो सकती है।" "श्रद्धानन्द तेरा जीवन भी निराला है और तेरी मौत भी निराली।

निराले जीवन वाले निराले सन्त, तेरा क्या निराला न था। कल्याण मार्ग का पथिक आपका स्वयं का लिखा अपना जीवन चरित उसमें आप लिखते हैं कि परिवार में मांस खाने की सामान्य प्रथा थी अतः वह मुझे विरासत में मिली थी, शराब पीना उनके मामा जी ने कृपा (?) करके सिखा दिया था, जुआ इस लोक प्रचार के वशीभूत होकर खेला कि जो जुआ नहीं खेलता वह आगामी जीवन में गधा बनता है, किन्तु उसे कुछ समय बाद स्वयं छोड़ दिया था। अंग्रेजी उपन्यास पढ़कर सदाचार के उच्च मान दण्डों की आस्था भी मन में कम रह गई थी। विचित्र संयोग देखिये कि जिस काशी में जाकर नास्तिकों का मन भी आस्तिकता के भावों से भर जाता है वही ये हमारे निराले सन्त, जिनका नाम उस समय मुन्शीराम था घोर नास्तिक बन गये।

इस की कथा भी विचित्र है। वे लिखते हैं कि "प्रतिदिन की भाँति एक दिन जब मैं विश्वनाथ के दर्शन करने जाने लगा तो पुजारी ने मुझे रोक दिया कारण पूछने पर उसने बताया कि रींवा की रानी पूजा कर रही हैं। उन की पूजा के बाद ही कोई जा सकता है। मैंने पूछा कि क्या भगवान् के दरबार में भी बड़े छोटे होते हैं? तो पुजारी ने इस बात का उत्तर न देकर मुझे कहा कि यदि दर्शन करने हैं तो कुछ देर रुकें अन्यथा चले जाएं" उन्होंने उस दिन से मन्दिर जाना बन्द कर दिया और वे नास्तिक बन गये। यह था उनका जीवन जिसके लिये वे अपने गुरु महर्षि दयानन्द से मिले थे। उनका यह मिलना भी बड़े नाटकीय ढंग से हुआ। उनके पिता जी पुलिस अधिकारी थे। बरेली में जब महर्षि दयानन्द का पदार्पण हुआ तो उनके पिताजी को व्यवस्था सम्भालने का कार्यभार सौंपा गया। पिता कट्टर मूर्तिपूजक थे और महर्षि पाषाण मूर्तियों के आलोचक। बातें अच्छी तो न लगती थी किन्तु उनकी युक्ति तर्क और प्रमाणों के आगे निरुत्तर हो जाना पड़ता था सबको। पिता सोचते यदि मेरे पुत्र को कोई सुधार सकता है तो यह स्वामी ही सुधार सकता है। अतः घर जा कर बोले कि मुन्शीराम! एक बहुत अच्छे दण्डी स्वामी जी आए हैं, बड़ी अच्छी बातें बतलाते हैं यदि उनकी बातें सुनोगे तो बहुत प्रसन्न होगे। मुन्शीराम जी ने पूछा कि क्या वे इंगलिश भी जानते हैं? पिताजी से नकारात्मक उत्तर पाकर उन्होंने मन में सोचा कि इंगलिश न जानने वाला क्या बुद्धि की बातें करेगा, फिर भी पिताजी के कहने पर उत्सुकतावश वे भाषण स्थल पर गये। किन्तु वहां जाकर वे दंग रह गये। कौन है यह अद्भुत संन्यासी जिसके भाषणों को सुनने के लिये कलक्टर, कमिश्नर तथा पादरी भी उपस्थित हैं। यह पहला प्रभाव पड़ा उनके मन पर महर्षि दयानन्द का, फिर देखा देवोपम शरीर, उन्नत ललाट पर उषा जैसी अरुणिम आभा। जैसे किसी ने चन्द्रमा को धरती पर उतार दिया हो। गम्भीर वाणी, जो अन्तर को वेधकर हृदय में जा घुसती थी। ७ फिट ६ इंच लम्बा कद मानो भीष्म पितामह पुनः शरीर धारण कर आ गये हों। ईश्वर के मुख्य नाम ओ३म् की व्याख्या हो रही थी जो नास्तिक हृदय को भी झकझोर रही थी और उसमें भी भक्ति की तरंगे

प्रवाहित कर रही थी। यह था उनका अपने गुरु महर्षि दयानन्द जी महाराज से प्रथम मिलन और इस का परिणाम इतना जादूभरा निकलेगा इसे कौन जानता था। मांस, मद्य, हुक्का और नास्तिकता के व्यसनों भरा जीवन गुरुजी के पास पहुँचा था और इतिहास, जीवन चरित तथा उनके सम्पर्क में रहने वाले व्यक्ति साक्षी हैं कि जब वे संसार से विदा हुए थे तब गंगाजल से अधिक निर्मल और चन्द्रमा से अधिक निष्कलंक थे। था न वह निराला सन्त।

आओ, उनके निरालेपन की कुछ और झांकियां देखें, पहले हम निराला शिष्य देख आए हैं अब निराला गुरुजी देखिये। एक ब्रह्मचारी रुग्ण है, उसे सेवा की आवश्यकता है दिन रात ब्रह्मचारी बारी-बारी से उसके पास रहें यह व्यवस्था उनके गुरुजी ने कर दी है। रात्रि का समय है, छात्र को उल्टी आ रही है, वह साथी से कहता है, साथी देखता है कि चिलमची भरी हुई है, वह चिलमची की सफाई के लिये भंगी को बुलाने गया हुआ है उधर एक हृदय में बैचेनी है अपने शिष्य रूपी पुत्र की रुग्णता को लेकर काफी रात गये तो वे उसके पास आये थे। रात्रि में भी उनका मन वहीं पड़ा हुआ है वे रात में उठकर उसके पास पहुँचे पूछा क्या हाल है बेटा! उल्टी आ रही है, छात्र ने कहा। गुरु ने अपनी दोनों हाथों की अंजलि आगे कर के कहा कि इन में कर लो। जब भंगी को बुलाने वाला छात्र वापिस आया तो एक अद्भुत दृश्य था उसके सामने। आचार्य के दोनों हाथों की अंजलि छात्र की उल्टी से भरी हुई है और वे उसे बाहर डालने जा रहे हैं। आकर हाथ धोए और सेवा करने वाले छात्र से कहा कि आप जा कर किसी और को भेज दें आप से सेवा न हो सकेगी, सेवा करने वाले कभी भंगी की राह देखा करते हैं।

उन दिनों छात्र घर पर नहीं जा सकते थे। केवल वर्ष में एक बार उत्सव पर उनके माता पिता आकर उनसे मिल सकते थे।

एक बार एक छात्र के माता पिता किसी कारण न आये। क्या दशा होगी उसके मन की रोना हो न सकता था। उसकी आँखें सूज आई थी रोते रोते। उनके गुरुजी को पता चला तो उसे अपने पास बुलाया, न जाने क्या अमृत पिलाया उस दिव्य गुरु ने जब वह उनकी कुटिया से निकला तो उसके मुँह पर मुस्कान थी और अपने साथियों से कहने लगा कि हम भी अपने पिता से मिल आये। थे न वह निराले गुरु?

निराले राजनैतिक नेता—

स्वामी श्रद्धानन्द जी जहां निराले शिष्य थे निराले पिता थे, निराले गुरु थे वहां निराले नेता भी थे। आओ, उनके निराले नेतृत्व की छवि भी निहार लें। आपको मेरे साथ गुरुकुल कांगड़ी से हट

कर दिल्ली चलना होगा, ३० मार्च १६१६ को सामूहिक हड़ताल की सफलता से विक्षुब्ध होकर हौज-काजी के पास तथा स्टेशन पर पुलिस के डंडे बरसाने तथा संगीन और गोलियों से अनेक व्यक्ति घायल हुए जिनमें से दो स्टेशन पर ही मर गये। लोगों में जोश भर गया, ऐसे में जन समुदाय को शान्त रखना कठिन हो जाता है। पीपल पार्क में सभा हो रही है श्रद्धेय स्वामी श्रद्धानन्द जी सभा को शान्त रहने का उपदेश दे रहे हैं। इतने में उत्तरादेश से घुड़सवार सेना का एक दस्ता सभा की ओर बढ़ता दिखाई देता है, यह १८५७ के बाद प्रथम ही अवसर है जब दिल्ली वासियों पर सेना चढ़ाई कर रही है। जनता धैर्य से अपने स्थान पर बैठी है। नेता पर पूर्ण विश्वास जो है उसे अधिकारी आगे आकर पूछता है कि यहाँ क्या हो रहा है ? निर्भय संन्यासी कहता है कि "मैं जनता को शान्ति का उपदेश दे रहा हूँ" उत्तर से सन्तुष्ट हुआ पुलिस दल चला जाता है। चार बजे फिर घुड़सवार सेना मशीनगनों सहित नाकाबन्दी करती है। इस बार तो दिल्ली प्रान्त के चीफकमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर तथा सिटी मजिस्ट्रेट आदि भी उपस्थित हैं। किन्तु इस बार भी चीफ कमिश्नर स्वामी विश्वेश्वरानन्द जी ने हमें बताया कि उन दिनों दिल्ली में स्वामी श्रद्धानन्द जी का राज्य था। समस्त जनता वह करती थी जो स्वामी जी कहते थे। सायंकाल सभा विसर्जित हुई और आगे आगे स्वामी जी और उन के पीछे भारत माता तथा हिन्दू-मुस्लिम एकता की जय के नारे लगाता जन समुदाय चला। जय के नारे लगाता वह जनसमुदाय जब घण्टाघर पहुँचा तो देखा कि कुछ आगे कम्पनी बाग की ओर गोरखा सिपाही पंक्ति-बद्ध खड़े हैं। नारे लगाने में मस्त भीड़ को अपनी ओर आते देखकर वे घबरा गये और गोली छोड़ने के मूड़ में आ गये। एक गोली चल भी गई। उनके साथ उनका कोई अधिकारी नहीं था। स्वामीजी ने लोगों को वहीं ठहरने का आदेश दिया और वे आगे बढ़कर सिपाहियों की श्रेणी के ठीक सामने खड़े हो गये। उन्होंने सिपाहियों से पूछा कि "तुमने गोली क्यों चलाई ? सिपाहियों ने उसका उत्तर न देकर संगीन स्वामी जी की ओर बढ़ाते हुए क्रुद्ध स्वर में कहा "हट जाओ नहीं तो हम छेद देंगे।" स्वामी जी किञ्चित भी भयभीत न हुए अपितु एक कदम आगे ओर बढ़ गये। संगीन की नोकें स्वामी जी के वक्ष को छू रही थी उन्होंने उच्च स्वर से कहा कि 'मार दो' और छाती खोल दी। एक मिनट यह दृश्य रहा। गोरखों की आंखों में रक्त था। उन्होंने अनेक युद्धों में भाग लिया था किन्तु इतना निडर व्यक्ति उनके देखने में न आया था। यह मनुष्य है या चट्टान, वे मन में सोच रहे थे। परन्तु थे दोनों अपने स्थानों पर अडिग। एक ओर अपने स्वामियों को प्रत्येक अवस्था में प्रसन्न करने की इच्छा मन में संजोये गोरखा पल्टन और दूसरी ओर यह मृत्युञ्जय संन्यासी, देखें किसे झुकना होगा। गोरखों को झुकने का अर्थ है ब्रिटिश साम्राज्य का झुकना और यह स्वामी प्रतिनिधि है भारतीय जनता का। इतने में एक अंग्रेज अफसर घोड़ा दौड़ाता हुआ आया और उसने सिपाहियों को संगीन नीची करने का आदेश दिया। मानो २८ वर्ष पूर्व एक संकेत

मिला था कि अन्ततः ब्रिटिश साम्राज्य को झुकना पड़ेगा और इस संन्यासी के अनुयायियों की विजय होगी।

निराला धार्मिक नेता—

हमारे देश के नेताओं में गांधी जी का नाम सर्वोपरि लिया जाता है। उन्होंने हिन्दू मुस्लिम एकता के लिये बहुत कुछ किया। यहां तक कि 'ईश्वर अल्लाह तेरे नाम' की धुन भी गाई, मुसलमान भी उन से प्रेम करते थे, किन्तु किसी मुसलमान ने उन्हें अपना धार्मिक नेता नहीं माना, यहां तक कि मुसलमानों के साथ उनकी तुलना के अवसर पर एक इस्लाम नेता ने कहा था कि "गिरे से गिरा मुसलमान भी गांधी से अच्छा है।" किन्तु यह स्वामी निराला था। ४ अप्रैल १६१६ को दोपहर बाद की नमाज के पीछे जामा मस्जिद में मुसलमानों का एक जल्सा हो रहा था। सभी मुसलमान नेता उसमें विद्यमान थे, किन्तु भला स्वामी श्रद्धानन्द के बिना कहीं सभा की सफलता मानी जा सकती है, जब तक वह बेताज का बादशाह न हो तब तक सभा का क्या अर्थ? मौलाना अब्दुल्ला चूड़ी वाले से अन्ततः रहा न गया और उसने आवाज देकर कहा—स्वामी श्रद्धानन्द जी की तकदीर यहां अवश्य होनी चाहिये। इतना सुनना था कि जन समूह के नारे-ए तकवीर से मस्जिद गूंज उठी। कौन हृदय था जिसमें स्वामी श्रद्धानन्द जी श्रद्धेय से रूप में बैठे न हों। दो तीन जोशीले जवान उठे और ताँगे पर जा कर नये बाजार से स्वामी जी को लिवा लाये। स्वामी जी का आना क्या हुआ मानों समुद्र में तूफान आ गया हो 'अल्ला-हो-अकबर' के नारों के साथ स्वामी जी मस्जिद की वेदी पर आरुढ़ हुए। संसार के माने जाने वाले सन्त आचार्यों में एक अन्य आचर्य की वृद्धि हो गई। जब से इस्लाम का जन्म हुआ तब से आज तक कोई गैर मुस्लिम मस्जिद की वेदी पर बैठने का अधिकारी नहीं माना गया और वह भी जामा मस्जिद की वेदी पर। आज के दिन को ऐतिहासिक न कहा जाये तो क्या कहें, यह सूर्य पश्चिम से कैसे उगा? क्या कोई चमत्कारी है यह संत? स्वामी श्रद्धानन्दजी मस्जिद की वेदी पर बैठते हैं और यहां भी अपने निरालेपन की छटा दिखाने से नहीं चुकते। अपना भाषण "त्वं हि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ। अधा ते सुम्नमीमहे।" इस मन्त्र से प्रारम्भ करते हैं और अन्त करते हैं ओ३म् शान्तिः शान्तिः, शान्तिः" से। एक आश्चर्य और देखिये, यदि कोई मस्जिद में आकर वेद मन्त्र बोले तो यह तो काबे में कुफ्र हुआ। फिर मुसलमान उसे मस्जिद के पास तक न फटकने देंगे, किन्तु यह निराला साधु न जाने क्या जादू जानता है कि इसे ६ अप्रैल को पुनः फतहपुरी मस्जिद में बुलाकर भाषण कराया जाता है।

अमृतसर में जलियांवाला बाग की गोलियों की आग अभी ठण्डी भी न हुई थी कि अमृतसर में कांग्रेस का अधिवेशन रख दिया गया। समय की कमी और कार्य की कठिनाई को देखकर कांग्रेस के

कार्यकर्ता घबरा रहे थे। अब क्या किया जाए, कौन सम्भाले इस गुरुतर कार्य का भार। स्वामी जी के पास दिल्ली सन्देश भेजकर उनसे प्रार्थना की गई कि इस भवर पड़ी नौका के माझी आप को ही बनना पड़ेगा। सकटो से सदा जूझने वाले सन्यासी को इस मे क्या आपत्ति हो सकती थी। उस अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष स्वामी जी बने किन्तु यहा भी अपना निरालेपन को न छोड़ा। कांग्रेस के अधिवेशनो मे अग्रेज़ी का बोलबाला रहता था। नेताओ के भाषणादि सब अग्रेज़ी मे होते थे और देश की स्वतन्त्रता के अतिरिक्त अन्य कोई चर्चा उसमे न होती थी, किन्तु इस सन्त ने अपना स्वागताध्यक्षीय भाषण हिन्दी मे पढ़ा। यह स्वय एक ऐतिहासिक बात थी। दूसरे अपने उस भाषण मे हरिजन आदि पिछड़े वर्ग की उन्नति की ओर कांग्रेस का ध्यान दिलाया गया था जो स्वय मे एक निराली बात थी। उस समय के कुछ नेताओ ने इसे व्यर्थ की बातें कहा था किन्तु इतिहास साक्षी है कि कांग्रेस के पगों की ये दोनो बातें ही आधार बनी थी और महात्मा गाधी का सारा कार्यक्रम इसी के चारो ओर घूमता रहा है।

२३ दिसम्बर १६२६ का वह मनहूस दिन, जो सदा के लिये हम से हमारे स्वामी जी को छीन ले गया, जैसा कि मैंने प्रारम्भ मे कहा था उस दिन अब्दुल रशीद नामक हत्यारे ने स्वामी जी के रक्त से इस्लाम के माथे पर कलक का टीका लगाया था। हत्यारा कुछ पूछने के बहाने वहा आया स्वामी जी के सेवक धर्म सिह को वहा से हटाने की इच्छा से उसने पानी मागा धर्म सिह पानी लेने चला गया किन्तु उसे जल की प्यास न थी वह रक्त का प्यासा था। उसने एकान्त पाकर स्वामी जी की छाती पर तीन गोलिया मारी, सन्यासी ओ३म् कह कर ससार से विदा हो गया और अपने रक्त से आर्य जाति का मुख उज्जवल कर गया। उनके भक्त और शिष्य प० धर्मपाल जी ने हत्यारे को पकड़ कर ऐसा दबाया कि वह उठने की हिम्मत न कर सका इसके लिए समस्त आर्य जगत् प० धर्म पाल जी का ऋणी रहेगा। उसकी मृत्यु वीर की मृत्यु थी। उद्देश्य के लिये जीना और उद्देश्य के लिये मरना, यही सीखा था उसने। महर्षि दयानन्द के विषय मे चूमपति जी एम० ए० ने लिखा था—

> औरो के लिए मरने वाले, मर कर भी हमेशा जीते हैं।
> जिस मौत से दुनिया रश्क करे उस मौत की अजमत क्या होगी।।"

वस्तुत मृत्यु त वही है जिसे दुनिया के लोग ईर्ष्या की दृष्टि से देखे। स्वामी श्रद्धानन्द जी मृत्यु के अवसर पर लाला लाजपतराय के विचार हम पूर्व लिख चुके हैं कि 'उनकी मौत पर मैं रश्क करता हूं। ऐसी इज्जत की मौत मुझे कहा नसीब हो सकती है। अब थोडा महात्मा गाधीजी को भी देखले नोआखली मे हिन्दू मुस्लिम झगडा हुआ। हिन्दुओ पर मनमाने अत्याचार हुए गाधी जी वहा गये और गाव गाव मे

घूम कर शान्ति का प्रचार करते हुए एक शाम को पड़ाव पर पहुँच कर अपने प्राइवेट सेक्रेटरी श्री निर्मल बोस से पूछने लगे—"निर्मल तूने स्वामी श्रद्धानन्द जी का नाम सुना है ?" कौन स्वामी श्रद्धानन्द ? श्री निर्मल बोस ने पूछा, "जिसे एक भ्रांत मुसलमान ने बुढ़ापे में रोगशैय्या पर पड़ी दशा में गोली का निशाना बनाया था" गांधीजी ने उत्तर दिया, निर्मल अभी नहीं इतना ही कह पाये थे कि गांधी जी बीच में बोल पड़े—मैं सोचता था कि कहीं उनकी तरह और इतना कह कर स्वयं अपनी बात काट कर कहने लगे—"नहीं कुछ नहीं" कोई खास बात नहीं। तुम अपना काम करो देखो मेरे पैर धोने का पानी गर्म हो गया है या नहीं ?" क्या यह गांधी जी की उन जैसी मृत्यु प्राप्त करने की छिपी कामना नहीं थी। स्वामी श्रद्धानन्द जी के मृत्यु के समय भी तो लिखा था 'उनसे मुझे एक प्रकार की ईर्ष्या नहीं होती है।"

अतः निराले जीवन और निराली मृत्यु वाले स्वामी श्रद्धानन्द जी महाराज ! आपको हम सब की हार्दिक श्रद्धांजलि तथा शतशः नमन।

तुमने दिया देश को सब कुछ, देश तुम्हें क्या देगा।
अपना रक्त उष्ण करने को नाम तुम्हारा लेगा।

ऋग्वेद में 'हि' निपात

डा० राकेश शास्त्री

प्रवक्ता—संस्कृत विभाग,गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

ऋग्वेद के निपातों का यदि हम गहन अध्ययन करें तो हम 'हि' निपात का निश्चय अर्थ वाले निपातों में तृतीय स्थान पाते हैं। प्रथम स्थान 'इत्' निपात और द्वितीय स्थान 'चित्' निपात का है। 'हि' निपात की ऋग्वेद में छः सौ बासठ बार आवृत्ति हुई है। यहां पर यह निपात सर्वत्र उदात्त स्वरयुक्त प्रयुक्त हुआ है। ऋग्वेद में इस निपात का मन्त्र के प्रारम्भ में प्रथम स्थान पर प्रयोग उपलब्ध नहीं होता, हां मन्त्र के तृतीय चरण के प्रारम्भ में इस निपात का पर्याप्त प्रयोग हुआ है। मन्त्र के द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में इसका प्रयोग अत्यल्प मिलता है। मन्त्र के प्रथम चरण में प्रथम पद के पश्चात् इस निपात की तीन सौ तिरासी बार आवृत्ति हुई है। ऋग्वेद के तेरह मन्त्रों में हि' निपात की दो बार आवृत्ति मिलती है।1 एक मन्त्र में तो इस निपात का तीन बार भी प्रयोग हुआ है।2 यद्यपि यह निपात ऋग्वेद में क्रिया पदों,3 सर्वनामों4 के साथ पर्याप्त प्रयुक्त हुआ है तथापि उपसर्ग5 एवं निपातों6 के पश्चात् भी प्रयोग प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं।

'हि' निपात का महत्त्व—

निपातों के विषय में यदि प्राचीन आचार्यों की सम्मति पर विचार करें तो ऋग्वेद में 'हि' निपात का विशिष्ट महत्त्व परिलक्षित होता है, क्योंकि आचार्य यास्क ने इसे बह्वर्थक स्वीकार करते हुए इसके विविध अर्थों का उल्लेख किया है।7 इसके अतिरिक्त माधवभट्ट की ऋग्वेदानुक्रमणी से 'हि' निपात

१- १५२।३, १०२।५, १३३।६,७, २३०।३, ५२।८, ३०।६, ६१५।६, ५११४, ६८।२, ८।६१।२, ६।७६।३, १०।२८।६।

२- ११८०।७।

३- ११४।१२, ८१।२, ६२।१५, १०८।३, १७०।३, ३।३६।६, ४२।६,

४- १५२।३, ७७।३, २३०।४, ४६।१, ५।७।७, २१।२, २८।५,

५- ११०६।१, २३०।६, ८।८८।५, ६।८७।६, १०।२६।१,

६- ११८०।७, ३।३६।८, ४।१२।४, ३१।७, ५।७६।५, ७।२१।८,

७- हीत्येषोऽनेककर्मेदं हि करिष्यतीति हेत्वपदेशे, कथं हि करिष्यतीत्यनुपृष्टे, कथं हि व्याकरिष्यतीत्यसूयायाम् ॥ निरुक्त–१।५।५ ॥

के महत्त्व पर सर्वाधिक प्रकाश पडता है। उन्होंने हि निपात पर एक अध्याय मे स्वतन्त्र रूप से विचार किया है। उनकी सम्मति मे 'हि' निपात पाद के प्रारम्भ मे प्रयुक्त नहीं होता है, क्योकि पाद के प्रारम्भ मे यह अन्वित नही होता और यदि पाद के प्रारम्भ मे प्रयुक्त भी होता है, तो पदपूरण होता है।1

यदि हम माधव भट्ट के उक्त कथन पर सूक्ष्म दृष्टि से विचार करे तो यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि ऋग्वेद के 'हि' निपात का पदपूरण रूप मे प्रयोग नहीं हुआ है, क्योंकि ऋग्वेद मे यह निपात मन्त्र के प्रथम पाद के प्रारम्भ मे प्रयुक्त नहीं हुआ है। किन्तु यह अत्यन्त विस्मय का विषय है कि फिर भी आचार्य सायण ने तेत्तीस स्थलो पर अपने ऋग्वेद भाष्य मे इस निपात को पदपूरण माना है।2 यद्यपि इन सभी स्थलो पर अपने प्रबन्ध ऋग्वेद के निपात मे विचार करते हुए इसके सर्वत्र ही युक्ति एवं तर्क सहित इसे सार्थक सिद्ध किया है।

माधवभट्ट ने हि निपात पर विचार करते हुए इसके विविध अर्थो का भी उल्लेख किया है।3 अध्याय के अन्त मे 'हि' निपात के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होने लिखा है— जो हि निपात के अर्थों को जानता है वह वेद मन्त्रो का अर्थ करते हुए उलझता नहीं है। इसीलिये हमने इस निपात का विस्तार से वर्णन किया है। 4

माधवभट्ट के उक्त कथन से ऋग्वेद के हि निपात का महत्त्व स्पष्ट हो जाता है।

लौकिक संस्कृत साहित्य मे हि निपात पर यदि विचार करता हूँ तो हम देखते है कि वहां पर इसका प्रचुर प्रयोग हुआ है। विविध कोशो मे इसके— निन्दा, हेतु निश्चय सम्भ्रम असूया प्रश्न श्लोक अवधारण तथा पादपूरण, अर्थों का उल्लेख किया गया है।5

१– पादादौ न प्रयुज्यन्ते हि-स्म-चेत्-स्विद् ह-कै-तव ।
कारण तत्र वाक्यादावर्थस्यैषामनन्वय ॥ ऋग्वेदानुक्रमणी माधवभट्ट ३ ३ १७ ॥

२– ऋग्वेद के निपात (निश्चयार्थक) एक अध्ययन-लेखक कृत।

३ आश्चर्ये हि प्रसिद्धया च तथौचित्ये च दृश्यते।
अस्ति चोद्ग्रहण तेषु सर्वेष्विति विनिश्चय ॥ ऋग्वेदानुक्रमणी ३ ५ ८ ॥
समुच्चये च हिद्दृष्ट स मन्दस्वा ह्यन्धस ॥ वही ३ ५ १२ ॥

४– हेरर्थं यो विजानाति न स मन्त्रषु मुह्यति।
तेन प्रदर्शितोऽस्माभिरर्थस्तस्य प्रपञ्चत ॥ वहीं ३ ५-१३

५– (क) अमरकोष —३ ४ ५, (ख) शब्दकल्पद्रुम—पृ० ५३४ (ग) वैजयन्ती कोश—पृ० २१९
(घ) वाचस्पत्यम्-पृ० ५४२५ (ङ) शब्दस्तोम महानिधि —पृ० ५११ (च) युगैल कोश-पृ० ४१२
(छ) हलायुध कोश—पृ० ७४२ (ज) संस्कृत-अंग्रेजी-कोश-मोनियर विलियम्स-पृ० १२९७

प्राचीन आचार्यों की दृष्टि में 'हि' निपात

आचार्य यास्क ने इस निपात को 'हेतु कथन', 'अनुप्रश्न' एवं 'असूया' इन तीन अर्थों में प्रयुक्त माना है, किन्तु इस विषय में यह अवधारणीय है कि उन्होंने प्रस्तुत स्थल पर वैदिक उदाहरणों का प्रयोग नहीं किया है।1 यदि हम आचार्य यास्क द्वारा उल्लिखित 'हि' निपात के अर्थों पर ऋग्वेद में प्रयोग की दृष्टि से विचार करें तो आचार्य यास्क का उक्त कथन (हि निपात हेतु कथन, अनुप्रश्न, असूया अर्थ वाला है) समीचीन प्रतीत नहीं होता, क्योंकि ऋग्वेद में ही 'हि' निपात का 'असूया' तथा 'अनुप्रश्न' अर्थों में प्रयोग उपलब्ध नहीं होता। इस विषय में यदि कारण में सूक्ष्म एवं गहन दृष्टि से विचार करें तो कोई कारण भी प्रतीत नहीं होता, मात्र यही कहा जा सकता है कि आचार्य यास्क का निपात-विचार केवल दिग्दर्शन मात्र है। अतः उन्होंने 'हि' निपात के सभी अर्थों पर विचार नहीं किया है।

इसके अतिरिक्त निरुक्त के भाष्यकार आचार्य दुर्ग तथा विवेचक डॉ० लक्ष्मणस्वरूप 'हि' निपात के अर्थों के विषय में आचार्य यास्क से सहमत प्रतीत होते हैं, क्योंकि उन्होंने इस विषय में अपना स्वतन्त्र मत प्रस्तुत नहीं किया है।

मैक्डॉनल ने 'हि' निपात का मुख्य अर्थ 'क्योंकि' किया है। उनकी सम्मति में यह निपात क्रिया को उदात्त बनाता है। उन्होंने इस निपात के 'हेतु कथन', 'कृपया' और 'वस्तुतः' इन तीन अतिरिक्त अर्थों का भी उल्लेख किया है। उनके मत में 'यह निपात लगभग वाक्य में सदैव पहले शब्द के पश्चात् आता है एवं जब दो शब्द आपस में बहुत सम्बद्ध होते हैं तो दूसरे शब्द के पश्चात् प्रयुक्त होता है।2

'रॉथ' ने इस निपात को 'हेतु', 'अवधारण', 'पादपूरण', 'प्रश्न', 'असूया', 'सम्भ्रम', 'विस्मय' आदि अर्थों में प्रयुक्त माना है।3 आचार्य माधव भट्ट ने इस निपात के 'समुच्चय' 'निश्चय', 'प्रसिद्धि', 'औचित्य', एवं उद्ग्रहण आदि अर्थों का उल्लेख किया है।4

१- हीत्येषोऽनेककर्मेदं हि करिष्यतीति हेत्वपदेशे।
कथं हि करिष्यतीत्यनुपृष्टे। कथं हि व्याकरिष्यतीत्यसूयायाम्॥ निरु० १-५-५॥

२- वैदिक व्याकरण-मैक्डॉनल-अनु० डॉ० सत्यव्रतशास्त्री, प्रथम संस्करण, पृ० ६६३॥

३- संस्कृत-जर्मन-महाकोश-रॉथ-१६६६, भाग ७, पृ० १६०६॥

४- ऋग्वेदानुक्रमणी-माधव भट्ट-३-५-८-१२॥

आचार्य सायण ने इस निपात का ऋग्वेद में दो सौ चौदह स्थलों पर 'खलु' अर्थ किया है।1 इसके अतिरिक्त इस निपात को उन्होंने—यस्मात्, प्रसिद्धि, अवधारण, एव,2 समुच्चय,3 आदि अर्थों में भी प्रयुक्त माना है। उन्होंने एक स्थल पर इसका उपमा अर्थ भी प्रदर्शित किया है।4 'हि' निपात को बह्वर्थक स्वीकार करते हुए भी आचार्य सायण तैंतालीस (४३) स्थलों पर इसे पदपूरण5 तथा एक सौ तेरह स्थलों पर इस निपात का कोई अर्थ नहीं करते हैं।6

वेंकट माधव इस निपात को खलु,7 एव,8 यस्मात्,9 तथा समुच्चय10 अर्थों में प्रयुक्त मानते है, किन्तु अपने ऋग्वेद भाष्य में चार सौ उन्नासी स्थलों पर उन्होंने 'हि' निपात की व्याख्या में किसी पर्याय पद का प्रयोग न करके मात्र 'हि' पद की ही आवृत्ति की है।

स्कन्द स्वामी अपने ऋग्वेदभाष्य में यद्यपि अधिकांश स्थलों पर इसे पदपूरण मानते हैं तथापि वे वेंकटमाधव कृत अर्थों में भी 'हि' निपात को ऋग्वेद में प्रयुक्त मानते हैं। आचार्य मुद्गल भी सायण कृत अर्थों से अधिकांश स्थलों पर सहमत हैं।

स्वामी दयानन्द सरस्वती अन्य निपातों की व्याख्या के समान हि' निपात के अर्थ के विषय में भी सचेष्ट रहे है। उनके उपलब्ध ऋग्वेद भाष्य में कतिपय अल्प प्रयोगों को छोड़ कर सर्वत्र ही 'हि' निपात का अर्थ किया गया है। उन्होंने इसका मुख्य अर्थ 'खलु' किया है।11 इसके अतिरिक्त यतः12

१– देखिये—परिशिष्ट—लेखक कृत—ऋग्वेद के निपात ।

२– वही ।

३– ऋ०-१-८२-२, ९३-७, ५-६७-३, ६-१५-६, ४८-१७, ७-३-३, ७-३, २११६ ।

४– वही—६-२१-५ ।

५– देखिये परिशिष्ट—लेखक कृत—ऋग्वेद के निपात ।

६– वही—पृष्ठ ७६—८१ ।

७– ऋ०-५-२-७, ७-७, ६६-४ ७-४८-३ ।

८– ऋ० १-२४-४, ४०-२ ८७-४, १६५-१०, १७३-११, ३-१३-३, ५-७१-२ ।

९– ऋ० १-१६५-५, २-२४-७ ।

१०– ऋ० १-८२-२, ४-३८-१, ५-३०-८, ५६-६, ७-२८-३ ।

११– ऋ० १-१५-५, २४-४, २८-७, ३२-६, ३३-६, १५४-५, २-३०-३, ३-३-१ ।

१२– ऋ० १-२-४, १७-४, ३७-१५, ८७-५०, १२९-३, १७३-१२, ३-२८-५, ४-८-२ ।

निश्चय,1 किल,2 कदाचित्3 एव,4 हेतु,5 विस्मय,6 प्रसिद्धि7 और समुच्चय8 अर्थों का भी वाचक माना है।

'हि' निपात के अर्थ

ऋग्वेद में हि' निपात एकाधिक अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। इस कथ्य की पुष्टि उक्त वितरण से हो जाती है, अतः विविध अर्थों में प्रयुक्त 'हि' निपात के कतिपय स्थल यहां उदाहरण रूप में देना अनुचित न होगा—

'हि' निपात का 'निश्चय' अर्थ में प्रयोग

ऋग्वेद में यह निपात मुख्य रूप से निश्चय अर्थ की अभिव्यक्ति के लिए प्रयुक्त हुआ है, क्योंकि आचार्य सायण इस निपात का दो सौ चौदह बार 'खलु' अड़तालीस बार 'एव' और इक्तीस बार 'अवधारण' अर्थ करते हैं। अतः स्पष्ट है कि छः सौ बासठ बार प्रयुक्त इस निपात को उन्होंने लगभग तीन सौ तैंतीस बार निश्चयार्थ माना है। कुछ स्थलों पर इसका निश्चय अर्थ स्पष्ट है—

(I) इन्द्रेण मं हि दृक्षसे संजग्मानो अबिभ्युषा ।
मंदू समान वर्चसा ॥ ऋ० १।६।७ ॥

प्रस्तुत मन्त्र में इन्द्र के साथ मरुद्गणों के दर्शन की कामना की गई है। 9 आचार्य सायण, वेंकट-माधव, मुद्गल, ग्रिफिथ, स्वामी दयानन्द सरस्वती, दुर्गाचार्य, ने यहां 'हि' निपात को निश्चयार्थक स्वीकार किया है।

(II) एवा हि ते विभूतय ऊतय इन्द्र मावते ।
सद्यश्चित्संति दाशुषे ॥ ऋ० १-८-६ ॥

मन्त्र में इन्द्र के प्रति कथन है कि हे ! इन्द्र, विशेष इसी प्रकार के हैं।10 आचार्य सायण, मुद्गल,

१– ऋ० १-६-७, २४-१३, ३०-२१, ३४-१०, १०८-१०, १८६-१०, ४-३४-१, ५-१७-२ ।
२– ऋ० १-१३१-१, १४२-४, १७०-३, २-२७-६, ५-२६-३ ।
३– ऋ० १-२५-१ । ४– ऋ० १-१०-१, ४-४७-४, ५-७६-५, ६-२-६, ।
५– ऋ० १-८-६, २३-१०, ६-१३-२ । ६– ऋ० १-१८०-७ ।
७– ऋ० १-१०२-५, ११६-१५ । ८– ऋ० १-२४-८ ।
९– हे मरुद्गण त्वम् इन्द्रेण संजग्मानः संगच्छमानः संदृक्षसे हि सम्यग्दृश्येयाः खलु ।
अवश्यमस्माभिर्द्रष्टव्य इत्यर्थः । सायण भाष्य ऋ० १।६।७
१०– हे इन्द्र ते तव विभूतयः ऐश्वर्यविशेषाः एवा हि एवं विधा खलु । ऋ० सा० भा० १।

ग्रिफिथ, स्वामी दयानन्द यहां 'हि' निपात को निश्चयार्थक ही मानते हैं।

(iii) आ नासत्या गच्छत हूयते हविर्मध्वः पिबतं मधुपेभिरासभिः ।
युवोर्हि पूर्वं सवितोषसो रथमृताय चित्रं घृतवन्तमिष्यति ॥

ऋ०–१।३४।१० ।

मन्त्र में अश्विन् देवों से उषा काल से पूर्व ही यज्ञ में आने के लिये रथ प्रेरित करने की प्रार्थना की गई है।[1] इसलिए निश्चय अर्थ के अतिरिक्त 'हि' निपात के अन्य अर्थ का औचित्य प्रतीत नहीं होता। आचार्य सायण, स्वामी दयानन्द, मुद्गल, ने यहां 'हि' निपात का निश्चय अर्थ ही किया है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि ऋग्वेद में 'हि' निपात का निश्चय अर्थ में प्रयोग हुआ है, इस विषय में विप्रतिपत्ति नहीं हो सकती।

'हि' निपात का 'हेतु' अर्थ में प्रयोग

'निश्चय' अर्थ के अतिरिक्त 'हि' निपात का ऋग्वेद से 'हेतु' अर्थ में भी प्रयोग मिलता है। ऋग्वेद के भाष्यकार आचार्य सायण, स्वामी दयानन्द, मुद्गल, वेंकटमाधव, उद्गीथ, स्कन्दस्वामी, ग्रिफिथ तथा निरुक्तकार आचार्य यास्क एवं आचार्य दुर्ग इस निपात को हेत्वर्थक स्वीकार करते हैं। अतः इस निपात के 'हेतु' अर्थ के विषय में विप्रतिपत्ति का प्रश्न ही नहीं उठता।

आचार्य सायण ने ऋग्वेद में एक सौ ग्यारह बार इसे हेत्वर्थक माना है। उदाहरण के रूप में कुछ ही स्थल इस तथ्य की पुष्टि के लिये पर्याप्त हैं—

(i) मरुतः पिबत ऋतुना पोत्राद्यज्ञं पुनीतन ।
यूयं हि ष्ठा सुदानवः ।।   ऋग्वेद १-१५-२ ॥

हे मरुतः ऋतुना सह पोत्रात् पोतृनामकस्य ऋत्विजः पात्रात् सोमं पिबत। ततोऽस्मदीयं यज्ञं पुनीतन शोधयत। हे सुदानवः शोभनदातारो मरुतः हि यस्मात् यूयं स्थ अस्माकं शोधयितृत्वं प्रसिद्धं तस्मात् शोधयतेत्यर्थः।   ऋ० सा. भा.–वही।

(ii) आ वां वहिष्ठा इह ते वहन्तु रथा अश्वास उषसो व्युष्टौ ।
इमे हि वां मधुपेयाय सोमा अस्मिन्यज्ञे वृषणा मादयेथाम् ।।

ऋ० ४-१४-४ ॥

१– सविता सूर्यः उषसः पूर्वम् उषः कालात्पुरा युवयोरश्विनोः सम्बन्धिनं रथं ऋताय अस्मद्यज्ञार्थम् इष्यति हि प्रेरयति खलु।   ऋ० सा० भा० १।३४।१०

हे अश्विनौ इह यज्ञे……वां युवाम्……आवहन्तु समन्तात् नयन्तु। हि यस्मात् कारणात् हे वृषणा………हे अश्विनौ इमे सोमाः वां युवां मधुपेयाय मधो सोमस्य पानाय अस्मिन् यज्ञे मादयेथां हर्षयेथाम्। ऋग्वेद सा० भा० वही॥

(III) त्वं ह्येक ईशिष इन्द्र वाजस्य गोमतः।
स नो यंधि महीमिषं॥ ऋ० ४-३२-७॥

हे इन्द्र हि यस्मात् कारणात् त्वम् एकः एव गोमतः गोभिर्युक्तस्य वाजस्य अन्नस्य ईशिषे प्रभवासि। अतः कारणात् सः त्वं नः अस्मभ्यं मही महतीम् इषम् अन्नं यन्धि प्रयच्छ। ऋ० सा. भा. वही॥

हि निपात के हेतु अर्थ के विषय में ऐसा प्रतीत होता है कि प्रायः जिन स्थलों पर मन्त्र में देवतादि का आह्वान किया जाता है तथा उन स्थलों पर ही देवता के तत्सम्बन्धी गुणों का उल्लेख किया गया है तो वे गुण उन देवताओं की उस क्रिया के हेतु रूप में कहे गये है। अतः उन स्थलों पर 'हि' निपात का 'हेतु' अर्थ में प्रयोग हुआ है।

'प्रसिद्धि' अर्थ में 'हि' निपात का प्रयोग

ऋग्वेद में 'हि' निपात 'प्रसिद्धि' अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है। आचार्य सायण माधवभट्ट, मुद्गल तथा स्वामी दयानन्द इसका 'प्रसिद्धि' अर्थ करते हैं। आचार्य सायण ने ऋग्वेद में पचास स्थलों पर इस निपात को 'प्रसिद्धि' अर्थ में प्रयुक्त माना है। यद्यपि इस निपात के 'प्रसिद्धि' अर्थ के विषय में ऋग्वेद में कोई नियम विशेष प्रतीत नहीं होता तथापि आचार्य सायणकृत 'प्रसिद्धि' अर्थ वाले स्थलों पर प्रायः आख्यायिका कथन अथवा देवता विशेष के विशिष्ट गुणों का कथन किया गया है। इसके 'प्रसिद्धि' अर्थ की पुष्टि के लिये कतिपय स्थल उदाहरण रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं—

(I) हन्ता पापस्य रक्षसस्त्राता विप्रस्य मावतः।
अधा हि त्वा जनिता जीजनद्वसो रक्षोहणं त्वा जीजनद्वसो।ऋ० १।१२९।११

अध अतो………हे इन्द्र वसो सर्वेषां निवासभूत त्वा त्वां जनितां सर्वस्य जनयितादि कर्ता परमेश्वरः जीजनत् अजनयत् उत्पादितवान……'तमिन्द्रो देवता नव सृज्यत्'[1] इत्यादि प्रसिद्धि द्योतनार्थो हि शब्दः। ऋ० सा० भा० वही॥

(II) उप प्रागात्परमं यत्सधस्थमर्वा अच्छा पितरं मातरं च।
अद्या देवाञ्जुष्टतमो हि गम्या अथा शास्ते दाशुषे वार्याणि॥ ऋ० १-१६३-१३॥

१- तै० सं० ७।१।१।४

हे अश्व अद्य अस्मिन् काले जुष्टतमः प्रीततमः स्वर्गं प्राप्नोमीति हर्षयुक्त इत्यर्थः एवंभूतः देवान् गम्याः गच्छेदेवान् । हि शब्दो यज्ञे उपयुक्तस्य पशोः स्वर्गप्राप्तेः 'सर्गेभ्योऽनुसखा सयूथ्यः'1 इत्यादि । मन्त्रान्तरप्रसिद्धिद्योतनार्थः । ऋ० सा. भा. वही ॥

(iii) अन्तर्ह्यग्न ईयसे विद्वाञ्जन्मोभया कवे ।
इतो जन्येव मित्र्यः ॥ ऋ० २-६-७ ॥

हे कवे मेधाविन् अग्ने अन्तः जनानां हृदये ईयसे हि गच्छसि जानासि वा । हिः स होता सेदु दूत्यं चिकित्वाँ अन्तरीयते' 2इत्यादि मन्त्रान्तर प्रसिद्धि द्योतनार्थः ॥ ऋ० सा० भा० वही ॥

'समुच्चय' अर्थ में 'हि' निपात का प्रयोग

'हि' निपात का 'समुच्चय' अर्थ में भी ऋग्वेद में प्रयोग हुआ है । आचार्य सायण, वेंकटमाधव रकन्द स्वामी, ग्रिफिथ, मुद्गल, स्वामी दयानन्द आदि ऋग्वेद के भाष्यकार इस निपात के समुच्चय अर्थ से सहमत हैं ।

माधवभट्ट भी 'हि' निपात को समुच्चयार्थक मानते हैं ।3 आचार्य सायण ने ऋग्वेद में आठ स्थलों पर इस निपात को समुच्चयार्थक-प्रदर्शित किया है ।4 कुछ स्थलों पर 'समुच्चय' अर्थ स्पष्ट लक्षित होता है —

(i) अक्षन्नमीमदंत ह्यव प्रिया अधूषत ।
अस्तोषत स्वभानवो विप्रा नविष्ठया मतीयोजान्विन्द्र ते हरी ॥ ऋ० १-८२-२ ।

हे इन्द्र त्वया दत्तानि अन्नानि अक्षन् यजमान । भुक्तवन्तः भुक्त्वा च अमीमदन्त हि तृप्ताश्चासन् प्रियाः स्वकीयास्तनूः अव अधूषत अकम्पयन् । ऋ० सा. भा. वही ।

(ii) प्राचीनो यज्ञः सुधितं हि बर्हिः प्रीणीते अग्निरीडितो न होता ।
आ मातरा विश्ववारे हुवानो यतो यविष्ठ जज्ञिषे सुशेवः ॥ ऋ० ७-७-३ ॥

यज्ञो हविः प्राचीनः प्राचीनं प्राङ्मुखमासन्नम् । बर्हिः हि बर्हिश्च सुधितं सुनिहितम् । ईडितः स्तुतः अग्निः प्रीणीते तृप्तश्च भवति । ऋ० सा. भा. वही ।

१- तै० सं० १।२।४।२ ।
२- ऋग्वेद ४।८।४ ।
३- ऋग्वेदानुक्रमणी—३-५-१२ ।
४- ऋ० १-८२-२, ८३-७, ५-६७-३, ६-१५-६, ४८-१७, ७-३-३, ७—३, २१-६ ।

(iii) अभि क्रत्वेंद्र भूरधज्मन्न ते विव्यङ् महिमानं रजांसि ।
स्वेना हि वृत्रं शवसा जघंथ न शत्रुरंतं विविदद्युधा ते ।। ऋ० ७-२१-६ ।।

हे इन्द्र···स्वेन हि आत्मीयेन च शवसा बलेन वृत्रं जघन्थ त्वमवधीः ।। ऋ० सा. भा. वही ।

'हि' निपात के उक्त विवेचन से स्पष्ट हैं कि ऋग्वेद में 'हि' निपात निश्चय, हेतुकथन, प्रसिद्धि, समुच्चय आदि अर्थों मे प्रयुक्त हुआ है । यद्यपि आचार्य सायण ने एक स्थल पर इसे उपमार्थक भी माना है ।1 किन्तु उस स्थल पर सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने पर वहाँ इसका 'उपमा' अर्थ उचित प्रतीत नहीं होता । साथ ही इस स्थल पर वेंकटमाधव, स्वामी दयानन्द, ग्रिफिथ, इसे निश्चयार्थक ही मानते हैं ।

ऋग्वेद में अन्यत्र भी 'हि' निपात इदा' पद के पश्चात् मन्त्र के प्रथम चरण में प्रयुक्त हुआ है2 तथा एक स्थल पर मन्त्र के तृतीय चरण के प्रारम्भ में इसका प्रयोग हुआ है ।3 इस स्थल पर तो मन्त्र का वर्णनीय भी इन्द्र ही हैं । किन्तु इन सभी स्थलों पर आचार्य सायण 'हि' निपात को निश्चयार्थक ही मानते हैं । अतः उक्त स्थल पर भी इसे उपमार्थक मानना समीचीन प्रतीत नहीं होता ।

अतः 'हि' निपात ऋग्वेद के निश्चयार्थक निपातों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है तथा यह ऋग्वेद में 'निश्चय, हेतु, प्रसिद्धि एवं समुच्चय' अर्थों में प्रयुक्त हुआ है । यह सारांश रूप में कहा जा सकता है ।

—◆◆—

१– इदा हि ते वेविषतः पुराजाः प्रत्नास आसुः ।
पुरुकृत्सखायः ।। ऋ० ६-२१-५ ।।

२– ऋ० ६-६५-४,५, ८-२७-११ ।

३– वही ४-३४-१ ।

शारीरिक शिक्षा पर यू०जी०सी० द्वारा आयोजित समिति की रिपोर्ट का संक्षिप्त हिन्दी अनुवाद

ओमप्रकाश मिश्रा

क्रीड़ाध्यक्ष, गुरुकुल कांगड़ी, विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा तथा खेलकूद के विकास का प्रश्न केवल विद्यार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य और कार्य क्षमता की दृष्टि से ही नहीं, अपितु विद्यार्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर उसमें नेतृत्व की क्षमता और पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिये भी महत्वपूर्ण है।

वर्तमान परिस्थिति के सन्दर्भ में शारीरिक शिक्षा का महत्व सम्पूर्ण शिक्षा और मानव के विकास में अधिकाधिक अनुभव किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की शिक्षा का उद्देश्य जब केवल सांस्कृतिक विरासत का एक पीढ़ी में पहुँचाना तथा ज्ञान का विकास नहीं है अपितु विद्यार्थी का शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विकास करके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करना है। इस प्रकार की शिक्षा के द्वारा ही विद्यार्थी व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण करने में अपना योगदान प्रदान कर सकेगा।

अभी तक हमारे विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा के लिये पर्याप्त सुविधायें भी नहीं है। इन समस्त परिस्थितियों के सन्दर्भ में ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दिसम्बर १६७५ में एक समिति को नियुक्त किया। जिसके सदस्य निम्न व्यक्ति थे—

१– डा० सी० डी० देशमुख — अध्यक्ष
उप-कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय

२– जनरल के० एन० करिअप्पा — सदस्य
अध्यक्ष, अखिल भारतीय खेलकूद समिति

३– डा० पी० एन० किरयाल, — सदस्य
सचिव, शिक्षा मन्त्रालय,

४– डा० डी० सी० पावते, — सदस्य
उप-कुलपति, कर्नाटक विश्वविद्यालय,

५– डा० डी० एस० रेड्डी,
उप-कुलपति, उस्मानिया विश्वविद्यालय,

६– श्री सुरजभान सदस्य
उप-कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय,

७– श्री आर० के० छाबड़ा सदस्य
उप–सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

इस समिति का गठन शारीरिक शिक्षा के लिए प्रदत्त वर्तमान सुविधाओं का विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययन करने तथा शारीरिक शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिये सुझाव प्रदान करने के लिए किया गया था। इस समिति की नई दिल्ली में ७ अप्रैल १६६६, ६ अक्तूबर १६६६ तथा ६ फरवरी १६६७ को बैठक हुई। समिति ने शारीरिक शिक्षा के अर्थ को स्पष्ट करते हुए यह विचार व्यक्त किया कि शारीरिक शिक्षा का तात्पर्य खेलकूद, व्यायाम, पी० टी०, एन० सी० सी०, ऐथेलिटिक्स आदि से हैं। शारीरिक शिक्षा के संदर्भ में इस समिति के विचार सामान्य रूप से नेशनल प्लैन आफ फिजिकल एजूकेशन एण्ड रीक्रिएशन के ही समान थे।

इस सम्बन्ध में इस समिति ने कुछ प्रश्नावली ३६ विश्वविद्यालयों तथा १५५ महाविद्यालयों को प्रसारित की तथा इनमें से २४ विश्वविद्यालयों तथा ६३ महाविद्यालयों ने इस सन्दर्भ में अपनी सूचनाओं से समिति को अवगत कराया। समिति ने प्राप्त विवरणों का विश्लेषण किया तथा इस पर विस्तृत विचार विमर्श के पश्चात् कुछ सुझाव दिये, जिनका सारांश निम्नवत् है—

विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों मे शारीरिक शिक्षा के विकास को सम्भावित उच्चतम महत्व दिया जाना चाहिए तथा इसे शिक्षा और मानवीय विकास का एक अविभाज्य व आवश्यक अंग माना जाना चाहिए।

प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों के लिए शारीरिक शिक्षा के अन्तर्गत खेलकूद व्यायाम, एन० सी० सी० व पी० टी० आदि में से एक गतिविधि में भाग लेना अनिवार्य होना चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी को किसी एक क्षेत्र को अपनी रूचि व झुकाव के अनुसार चुनने का अधिकार भी होना चाहिए।

किसी भी प्रभावशाली शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम के लिये चार शर्तों का होना आवश्यक है— (१) यह एक नियमित व स्थायी आधार पर शिक्षा के अविभाज्य अंग के रूप में संगठित की जानी चाहिए। (२) इसके अन्तर्गत सभी विद्यार्थियों को शीघ्रातिशीघ्र सम्मिलित किया जाना चाहिये। (३) विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में इस योजना का निरीक्षण एक केन्द्रीय संस्था द्वारा किया जाना चाहिये, जिससे कि शारीरिक शिक्षा के राष्ट्रीय-चरित्र को विकसित करने में सहायता प्राप्त हो सके।

यह आवश्यक है कि प्रत्येक महाविद्यालय में ८ से १० करोड़ एकड़ ऐसी भूमि होनी चाहिए, जिसमें खेलकूद के मैदान बनाये जा सकें तथा जहां पर ऐसी सुविधा नहीं है, उन महाविद्यालयों को अपने परिसर के अन्तर्गत ही या परिसर के आस-पास ऐसी गतिविधियों को विकसित करना चाहिए, जिसमें अधिक स्थान की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसे महाविद्यालयों में बैडमिन्टन व स्कैवस-कोर्टस को विकसित किया जा सकता है। अनेक विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में स्वीमिंग पुल्स को बनाने का प्रावधान भी निश्चित किया गया है। सामान्य रूप से प्रत्येक विश्वविद्यालय में कम से कम दो क्रिकेट मैदान, २ हाकी मैदान, २ फुटबाल मैदान, ४ बास्केटबाल मैदान, ६ बालीबाल मैदान, १२ टेनिस कोर्ट, १ स्पोर्टस् स्टेडियम् तथा एक जिमनेजियम् आदि होना चाहिए। इसी प्रकार प्रत्येक महाविद्यालय में कम से कम एक क्रिकेट मैदान, १ हाकी मैदान, १ फुटबाल मैदान, २ बास्केटबाल कोर्ट, २ बालीबाल कोर्ट, २ टेनिस कोर्ट तथा १ स्पोर्टस स्टेडियम, रनिंग टैकयुक्त होना चाहिए। उसमें जिमनेजियम जैसी आधारभूत आवश्यकताओं को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। अधिकांश विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में यथेष्ट स्रोतों का अभाव है। इसको दूर करने के लिए शासन को अनुदान प्रदान करने की एक ऐसी पद्धति को निर्मित करना चाहिए जो इस शिक्षा में लाभदायक हो।

खेलकूद तथा शारीरिक शिक्षा के अन्य प्रकारों में भाग लेने वाले विद्यार्थियो, प्राध्यापकों को कुछ निश्चित अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिये जिससे कि शारीरिक शिक्षा के प्रति उनका रुझान स्थायी रूप से बना रहे।

विश्वविद्यालयों के विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के समय खेलकूद में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को अन्य योग्यताओं के समान होने पर शारीरिक शिक्षा में अर्जित योग्यताओं के कारण कुछ सुविधा प्रदान होनी चाहिये। परन्तु इस प्रकार की सुविधाएं केवल उसी स्थिति में सार्थक हो सकेंगे जब महाविद्यालयों मे खेलकूद में यथोचित सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

विश्वविद्यालयों के युवा अध्यापकों को खेलकूद और अन्य शिक्षणेत्तर गतिविधियों मे भाग लेने के लिये उत्साहित किया जाना चाहिये। इसके लिये उनको अध्यापन सम्बन्धी कार्य भी कम दिये जा सकते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को एक निरीक्षण समिति को नियुक्त करके महाविद्यालयों और विभागों द्वारा बनाए गये पाठ्यक्रमों का विस्तृत निरीक्षण करना चाहिये इसके आधार पर शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रदान किये जा रहे परिसर के स्तर का मूल्यांकन करके ऐसे सुझाव प्रदान करने चाहिये जो शारीरिक शिक्षा के स्तर को अधिक उपयोगी बना सके।

शारीरिक शिक्षा से सम्बद्ध विभाग व महाविद्यालयों में यौगिक क्रियाओं के प्रशिक्षण की ओर पर्याप्त ध्यान देकर काफी महत्वपूर्ण कार्य किये जा सकते हैं। इसका विकास सम्पूर्ण सम्पन्न व नवयुवकों के लिये लाभदायक होगा।

शारीरिक शिक्षा के किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिये यह आवश्यक है कि प्रत्येक विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में प्रशिक्षित कोच हों। पर्याप्त संख्या में कोच उपलब्ध कराने के लिये विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध कॉलेजों में विद्यार्थियों के लिये कम अवधि के शिविर भी आयोजित किये जा सकते हैं।

शारीरिक शिक्षा के प्रशिक्षक, निदेशक की नियुक्ति के लिये शारीरिक शिक्षा में मास्टर उपाधि युक्त होना आवश्यक है। यह मास्टर्स कोर्स कम से कम दो वर्ष का होना चाहिये। परन्तु जब तक शारीरिक शिक्षा में मास्टर्स उपाधि प्राप्त प्रशिक्षक समुचित संख्या में नहीं प्राप्त होते हैं, उस समय तक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा धारियों को नियुक्त करके कार्य चलाया जा सकता है।

शारीरिक शिक्षा को वांछित स्तर प्रदान करने के लिये शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में संलग्न अध्यापकों के वेतन अन्य अध्यापकों के समान निर्धारित किये जाने चाहिये।

शारीरिक शिक्षा के निदेशक को विश्वविद्यालय में रीडर के वेतनमान पर नियुक्त किया जा सकता है।

खेलकूद के समस्त संगठनों में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व दिया जाना भी काफी महत्वपूर्ण है। इन संगठनों में अन्य विभाग के अध्यक्षों को भी संयुक्त किया जा सकता है। इस विभाग के कार्यालयों में एक पूर्णकालिक व्यक्ति को होना आवश्यक है, जो कार्यालय के कार्यों को समुचित रूप से सम्पन्न कर सके।

स्वामी दयानन्द : एक दृष्टि-

—डा० भगवानदेव पाण्डेय

चिन्तक, समाजसुधारक, कवि, लेखक, युगद्रष्टा हुआ करते हैं। युग में व्याप्त कुरीतियों, कुप्रथाओं आदि में समुचित परिवर्तन करके, ये चिन्तक जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इनका आगमन एवं निर्वाण आकस्मिक अथवा चमत्कारिक ढंग से होता है। समाज सुधारकों का जन्म प्रायः गीता के निम्न श्लोक से विशेषरूप से सन्तुलित किया जाता है—

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। २-८॥

देश के उत्थान के लिये राजनीतिक संघर्ष की अपेक्षा सामाजिक कुरीतियों एवं भ्रष्टाचार को दूर करके उसे सुदृढ़ बनाना आवश्यक होता है। महर्षि दयानन्द ने इस कार्य के लिये अथक प्रयत्न करके भारतीय इतिहास में अपना स्थान प्रतिष्ठित किया है। आपका जन्म वि० सं० १८८१ (सन् १८२४) में गुजरात के एक प्रतिष्ठित परिवार पं० कर्षन जी के घर हुआ था। इनके पिता एक धार्मिक व्यक्ति तथा शिवजी के पुजारी थे। उन्होंने डेमा नदी के तट पर कुबेरनाथ महादेव मन्दिर का निर्माण करवाया था। एक धार्मिक सम्पन्न एवं उच्चकुल में पैदा होने के कारण स्वामी दयानन्द जी ने हिन्दू धर्म को बहुत ही निकट से देखा, परखा था। धर्म के प्रति दृढ़ आस्था के कारण ये उसके पूर्ण विकास के लिये उनमें व्याप्त कुरीतियों का परिमार्जन करना चाहते थे, जिससे कि हिन्दू जाति एवं धर्म की रक्षा की जा सके।

स्वामी जी बचपन से ही कुरीतियों के विरोधी थे। १३ वर्ष की अवस्था में ही शिवरात्रि को व्रत रखने का पिता से आदेश पाकर उन्होंने व्रत तो रख लिया पर उसके पालन की सभी भक्तों, यहां तक कि पिता द्वारा भी उपेक्षा देखकर धर्म के कठोर वाह्य विधानों के प्रति अपनी अनास्था को शान्त न रख सके। और यहीं से मूर्ति-पूजा के प्रति विरोध, उनके मन में जागृत हो गया। बाद में चलकर बहुत सी सामाजिक बुराइयों को भी अपने विरोधी स्वभाव के कारण समाज-सुधार में शामिल कर लिया। इन्होंने आर्ष ग्रन्थों का प्रचार, अनार्ष ग्रन्थों का खण्डन तथा वैदिक धर्म की स्थापना के लिये अपने प्राणों तक को न्यौछावर करने की गुरु आज्ञा का आजन्म पालन करते रहे।

स्वामी दयानन्द के आविर्भाव काल तक देश पर अंग्रेजों का प्रभुत्व सर्वत्र फैल चुका था, जिसके निचे दबा हुआ देश अन्याय, अभाव तथा अज्ञान के गहनतम अन्धकार में सांसें ले रहा था। अंग्रेजों ने

अपनी दोगली नीति से भारतीय संस्कृति एवं गौरवमयी भाषा को, अंग्रेजी शिक्षा-प्रणाली द्वारा, नष्ट करने का अपना कुचक्र शुरू किया। अंग्रेज –'आए थे व्यापार करने को, बन गए दावागीर।' अंग्रेजों ने यहां की आपसी फूट का फायदा उठाते हुए यहां के वासियों में अन्धविश्वास एवं अज्ञानता को बढ़ने में सहायता पहुँचाई। देश सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, धार्मिक, एवं सांस्कृतिक पतन के गड्ढे में पड़ा हुआ था। दयानन्द जी ने अपने दृढ़ संकल्प के माध्यम से अंग्रेजी आंतङ्क के प्रभुत्व को समाप्त करने के लिये जन-जन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने का स्तुत्य प्रयास किया।

दयानन्द जी ने स्वदेशी आर्थिक, आत्मनिर्भरता, विदेशी वस्तुओं का त्याग एवं देश में निर्मित वस्तुओं के प्रयोग का मन्त्र फूंक कर स्वराज्य, स्वभाषा एवं स्वदेशी का उद्घोष किया।

स्वामी जी ने महिला उत्थान, हरिजन उद्धार, राष्ट्रभाषा-हिन्दी, राष्ट्रीय शिक्षा (गुरुकुली शिक्षा प्रणाली), राष्ट्रीय एकता, गोरक्षा, शराब बन्दी आदि का सामाजिक उत्थान के लिये प्रमुखता के साथ प्रचार-प्रसार किया।

महिला उत्थान की दिशा में स्वामी दयानन्द ने नारी मन में चेतना, जागृति और साहस की लहर उत्पन्न करने का प्रयत्न किया। समाज सुधार की शृंखला में नारियों की समस्या को प्राथमिकता दी और लोक में व्याप्त पारिवारिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयत्न किया। १६वीं सदी के मध्य में परदे की प्रथा का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा था। मुगल तो आरम्भ से नारी स्वतन्त्रा के विरुद्ध थे और आज भी हैं। आज भी पाकिस्तान में स्त्रियों का शोषण एवं दोहन चल रहा है और धर्म के आड़ में दो स्त्रियों की साक्षी एक पुरुष की साक्षी के बराबर मानकर धार्मिक संकीर्णता से नारी के भीतर की सामग्री बनने पर बाध्य कर रहे हैं। स्वामी जी ने स्त्री-शिक्षा के साथ-साथ इस कुप्रथा की ओर भी ध्यान देकर सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं समारोहों में स्त्रियों की उपस्थिति पर जोर दिया।

सती प्रथा का विरोध करते हुए विधवाओं के मन और मस्तिष्क में नई चेतना जगाई और पुनर्विवाह द्वारा उनमें नवजीवन एवं नई दिशा का रास खोला। इसी प्रकार बाल-विवाह, वृद्ध-विवाह तथा बहुविवाह का जमकर विरोध किया और आदर्श-समाज बनाने के लिये हर कुरीतियों के विरुद्ध अपना संघर्ष छेड़ा।

दयानन्द जी के काल तक ऊंच-नीच, जात-पांत की कुप्रथा के कारण भारतीय समाज पतन के गर्त में गिरता जा रहा था। इससे समाज की रक्षा एवं प्राचीन गौरव एवं संस्कृति की प्राप्ति के लिये महर्षि दयानन्द वर्णाश्रम व्यवस्था का वैज्ञानिक एवं वास्तविक व्यवस्था का प्रचार-प्रसार किया।

बहुत काल की दासता ने भारतीय शिक्षित एवं अशिक्षित वर्गों में जो मानसिक दासता घर कर गई थी, उसको निकाल बाहर फेंकने का प्रयास किया। किसी भी देश की राष्ट्रीय एकता उस देश की राष्ट्रभाषा एवं संस्कृति में सन्निहित होती है। जिस देश की एकभाषा, एकलिपि, एक संस्कृति नहीं है, वह देश कभी संगठित होकर उन्नति के पथ पर अग्रसर नहीं हो सकता। इसलिये देश की सुरक्षा एवं सर्वाङ्गीण उन्नति के लिये राष्ट्रभाषा बहुत अधिक महत्त्वपूर्ण है। स्वामी दयानन्द ने इस राष्ट्रभाषा के पद के लिये हिन्दी को उपयुक्त समझा और इसके लिये उन्होंने हिन्दी के विकास के लिये अथक प्रयत्न किया। उन्होंने इसके लिये सर्वप्रथम वेदभाष्य हिन्दी में करके हिन्दी साहित्य की श्री वृद्धि की। अकेले 'सत्यार्थ प्रकाश' ही हिन्दी रचनाओं में श्रेष्ठ ठहरता है। उन्होंने हिन्दी के विकास के लिये छोटे-बड़े ग्रन्थों की रचना हिन्दी में की।

प्राचीन शिक्षा-प्रणाली के उद्धारार्थ स्वामी जी सदा प्रयत्नशील रहे। इन गुरुकुलों द्वारा उन्होंने चरित्र-निर्माण, स्वावलम्बी, त्याग एवं समर्पण आदि पर अधिक बल दिया, जिससे नई पीढ़ी को सच्चरित्र, देशभक्ति आदि बनाया जा सके। इसी प्रकार गोरक्षा के लिये भी स्वामी जी ने गौ के प्रति सबके मन में श्रद्धा जगायी और उसकी उपयोगिता एवं गुणों के आधार पर उसका पालन एवं उसकी रक्षा को आवश्यक बतलाया। इसी तरह शराब को बुद्धि विनाशिनी बतलाकर उससे दूर रहने पर बल दिया और उसके कुप्रभावों से लोगों को अवगत कराया।

अतः निष्कर्ष रूप में स्त्रियों, अनाथों, दलितों और असहायों की रक्षा, सहायता, गुरुकुलीय तथा लोक-शिक्षा-प्रसार, राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रभाषा, अछूतोद्धार, गोरक्षा, शराबबन्दी आदि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिये स्तुत्य कार्य किया। बालविवाह, बेमेल विवाह, वृद्ध विवाह के उन्मूलन तथा वयस्क एवं विधवा विवाहों के प्रचलन में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। अस्पृश्यता निवारण, स्त्रियों के उद्धार एवं शिक्षा के कार्य का भी व्यापक रूप से आदर हुआ।

और ३१ अक्तूबर सन् १८८३ के दिन ६ बजे का वह मनहूस समय आया जब महर्षि को काल के क्रूर हाथों ने सर्वदा के लिये छीन ले गया। इस महर्षि का निर्वाण भी उन्हीं महापुरुषों की तरह हुआ जिस तरह से इस संसार में और महापुरुष आए और अपनी प्रतिभा से समाज का कल्याण करके समाज के हाथों जहर का प्याला पीकर इस संसार में अपनी अमिट छाप छोड़कर चले गये। स्वामी दयानन्द को एक हत्यारे ने दूध में शीशे का चूरा घोलकर पिला दिया जिसके परिणामस्वरूप सुकरात, ईसामसीह, गांधी आदि की तरह इस धीर वीर पुरुष ने भी संसार का कल्याण करके ब्रह्मलीन हो गया। पर उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग आज भी सबके लिये ग्राह्य है।

—◆◆—

हिमाचल के बौद्ध बिहार एवं मन्दिर-

-डा० राजपाल सिंह

हिमाचल प्रदेश पश्चिमी हिमालय पर्वत की शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित है। चिनाब, रावी, व्यास, सतलज इत्यादि नदियां अपनी पारी धारा से इस हरित अंचल को हरितमा से स्नात रखती है। इन समस्त नदियों का उत्स इसी प्रदेश की गोद से हुआ है और जहां ये नदियां मैदानी क्षेत्रों में प्रवेश करती है वहीं पर हिमाचल अपनी सीमाएं समाप्त करता है।

शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं से घिरी हुई अगणित घाटियां है जिनमें लाहौल, स्पिति, किन्नौर, कुल्लू, कांगड़ा और चम्बा, बिलासपुर, शिमला, मण्डी, सोलन तथा सिरमौर आदि क्षेत्र स्थित हैं।

ह्वेनसांग के भारत यात्रा विवरण में यहां के प्राचीन अद्वितीय बौद्ध बिहारों का वर्णन मिलता है। वास्तु कला के क्षेत्र में बौद्ध धर्म ने हिमाचल को अपूर्व देन से सुसज्जित किया है। लाहौल, स्पिति तथा किन्नौर आदि स्थानों में बौद्ध बिहारों और मन्दिरों की संख्या अधिक है। ये मन्दिर और बिहार प्राचीन भारतीय भवन निर्माण कला की अपनी बेजोड़ मिसाल स्वयं ही है।

किन्नौर :—

सुरम्य वनस्थली हिमाचल प्रदेश का अत्यन्त रमणीय स्थल किन्नौर बौद्ध धर्म एवं संस्कृति को वृहद् स्तर पर अपने आप में समेटे हुए है। भारतीय साहित्य में इसका वर्णन "किन्नर" नाम से अभिहित किया गया है। कालान्तर में यही किन्नतर से किन्नौर कहा जाने लगा। प्रागैतिहासिक काल से किन्नौर बौद्ध धर्म एवं संस्कृति का मुख्य स्थल रहा। आठवीं शताब्दी के पश्चात् लामा बौद्ध धर्म यहा अनवरत अपनी शाखाएं प्रसारित एवं सुदृढ़ करता रहा। किन्नौर के आसपास के क्षेत्रों में रिब्बा, जंगी, लित्सा लब्रडग स्पू आदि क्षेत्र बौद्ध धर्म के सांस्कृतिक केन्द्र बिन्दु रहें।

सतलज के किनारे स्थित रिब्बा नामक स्थान में किवंदन्ती है कि महान् भाषान्तरकार रिन-छेः-जड़प्पो ने ग्यारवी शताब्दी में यहां प्रथम बौध बिहार का निर्माण करवाया था। किन्तु यहां के निवासियों को उसका यह बौद्ध प्रचार रुचिकर न लगा लोगों ने उसका तीव्र विरोध किया। कहा जाता है कि उसने नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

सतलज से काफी ऊँचाई पर बसा दूसरा प्रमुख बौद्ध केन्द्र जंगी है। इसके निकट निर्जन गुफा में मिट्टी के बने चार स्तूप विद्यमान है। ये स्तूप कितने पुराने होंगे इस विषय में प्रमाणित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता तथापि यह स्थान अत्यन्त प्राचीन काल से सम्भवतः दसवीं या ग्यारवी सदी में बौद्ध धर्म का एक मुख्य केन्द्र रहा था। स्तूप और कन्दरा निर्माण की कला को यदि ध्यान से देखा जाये तो यह और भी पुरातन सिद्ध होगा।

लिप्सा इस क्षेत्र का तीसरा प्रमुख बौद्ध सांस्कृतिक स्थल है। लामा देवाराम द्वारा निर्मित इस बौद्ध बिहार को गुम्बा कहा जाता है। गुम्बा से सम्बद्ध दो अन्य विशाल मन्दिर है जिनमें से एक भगवान् शाक्य मुनि की ओर दूसरा बोधिसत्व मैत्रेय को समर्पित किया गया है। विभिन्न चित्रों मूर्तियों और भित्ति चित्रों से अलंकृत यह मन्दिर बौद्धकला परम्परा को अपने विशाल कलेवर में सुरक्षित रखे हुए हैं। लिप्सा के विशद पुस्तकालय में कंजूर और तंजूर के विशाल संग्रह रखे हुए हैं जो कुछ मानसिक ल्हासा के पाठ से मेल खाते हैं। सारांशतः लिप्सा, लामा धर्म, साहित्य संस्कृति, दर्शन एवं कला की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है।

किन्नौर के आसपास के बौद्ध धर्म से सम्बन्धित क्षेत्रों में कामरू भी महत्वपूर्ण स्थान है जहां अब भी सात मंजिलों का एक दुर्ग स्थित है। पहाड़ी पर 'शन-थुग' ग्यल्पों देवता का एक मूर्ति रहित मन्दिर बना हुआ है। मन्दिरों के निर्माण की विधि भी अद्भुत है। प्रस्तर खण्डों से निर्मित मन्दिरों में पत्थरों की लकड़ी के चौखटों के अन्दर जड़ा गया है। सात मन्जिला दुर्ग के समीप ही यहां के ग्राम देवता को समर्पित एक मन्दिर और है। दुर्ग के नीचे बसे हुए ग्राम में एक कुण्ड के ऊपर गणेश जी की मूर्ति अधिष्ठित है। राहुलसांकृत्यायन के मतानुसार इससे सिद्ध होता है कि बौद्ध धर्म के पश्चात् ही यहां हिन्दू धर्म की प्रतिष्ठापना हुई।

ग्यारहवीं सदी में रिन्-छें-जड़पो (रत्नभद्र) ने काश्मीर जाते समय स्पू में एक बौद्ध विहार का निर्माण कराया था। इस मन्दिर का कई बार जीर्णोद्धार किया गया। इस जीर्णता के पश्चात् भी मन्दिर की मूर्तियां अपनी प्राचीनता सहित सुरक्षित है। तूलिका के निर्मित शाक्यमुनि, बुद्ध और उनके प्रधान शिष्य सारिपुत्र मोद्गल्यायन की मूर्तियां, बोद्धिसत्व, अवलोकितेश्वर, एवं लकड़ी द्वारा निर्मित दूसरे बौद्धिसत्व की मूर्तियां विशेष रूप से दर्शनीय है। यहां की अन्य कलात्मक मूर्तियों में प्रज्ञापारमिता की "भोट" भाषा में हस्त लिखित पुस्तक है जिसके आरम्भ के पृष्ठों पर बने सुन्दर चित्र उत्कृष्ट कोटि की चित्रकला के उत्तम उदाहरण हैं।

इसे निकटतर ही एक दूसरा मन्दिर जिसे बौद्धिसत्व मुनि का मन्दिर कहा जाता है। जिसमें अवलोकितेश्वर मंजू श्री और वपजाणि की मूर्तियां प्रतिष्ठापित थीं। जिससे में किन्हीं दो की मूर्तियां अब

भी वर्तमान हैं। इस गोम्पा के पास ही पहाड़ी पर दूसरा गोम्पा बनाया गया है जिसे डुकंमा कहा जाता हैं। डुकंमा में स्थित पीतल की दो मूर्तियाँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इन मूर्तियों में से एक मूर्ति गोम्बो देवता की और दूसरी गोम्बों लहूजे की है जो मिलारोसा की शिष्या थी। इसके अतिरिक्त कुछ सुन्दर काष्ठमूर्तियों में अन्य दो मूर्तियाँ दर्शनीय हैं।

लाहौल :—

लाहोल में आठवीं शताब्दी के बाद बौद्ध धर्म का अत्यधिक विस्तार हुआ। हालांकि बौद्ध धर्म इससे पूर्व भी यहां प्रचलित था। आठवीं सदी के लगभग ही पदम सम्भव तिब्बत से रिवाल्सर (मण्डी) गया था। सम्भवतः उसने ही बौद्ध धर्म के दूसरे प्रकार लामाबौद्ध धर्म का प्रचार किया था। पदम सम्भव ने ही त्रिलोकनाथ और गुरु घण्टाल नामक स्थानों में मृतप्रायः बौद्ध धर्म को पुर्नजीवित किया था। लाहौल में भी बौद्ध गोम्पा कई स्थानों पर स्थित मिलते है। आयताकार रूप में कच्चे मौरै मिट्टी पत्थर से निर्मित शैशोर्ध का बौद्ध स्मारक बौद्ध कला का सर्वाधिक स्थान है। किलांग के पीछे एक ऊंची पहाड़ों पर स्थित इस मन्दिर की छत सपाट है, जो भवन की प्राचीनता का सूचक है। यह भवन लकड़ी के स्तम्भों से बनाया गया है इसके अन्दर बौद्ध तान्त्रिक धर्म के देवी देवताओ के अनेक मुखौटे एवं मुर्तियां दिखाई पड़ते हैं। सुन्दर चित्रकारी से अलंकृत दिवारों के अतिरिक्त अन्य प्रधान कला कृतियों में बुद्ध एवं बोधिसत्वों की कलात्मक एवं विशाल प्रतिमाएं उल्लेखनीय हैं। वस्तुतः लाहोल में ग्यारहवीं बारहवीं सदी का काल धार्मिक उत्थान की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण था। बौद्ध धर्म इस समय अपने पूर्ण उत्कर्ष पर था।

इस युग में अतीश दीपुडंर तथा उसके कतिपय शिष्यों ने तिब्बत के अलावा बौद्ध धर्म का प्रचार एवं प्रसार किया परिणामतः इस काल में लामा बौद्ध मन्दिरों और भवनों का निर्माण वृहद स्तर पर हो रहा था। इन प्रयत्नों के साथ ही रिन्सेन जंम्पा का भी नाम आता है। जिसने काशमीरी शिल्पियों की सहायता से मन्दिरों का निर्माण कराया था। हचिन्सन के कथनानुसार इस युग में लाहौल में गोजना नामक एक महान बौद्ध लामा हुआ था, जिसका उल्लेख यहाँ की तीन पुस्तकों में उपलब्ध होता है। निष्कर्षतः ग्यारहवीं बारहवीं शताब्दी में लाहौल बौद्ध धर्म के प्रचार एवं प्रसार का मुख्य केन्द्रीय सांस्कृतिक स्थल था।

स्पिति :—

किन्नौर लाहौल और इनके समीपस्थ स्थानों में फैले बौद्ध धर्म के विशाल वृक्ष की शाखाऐं स्पिति में भी वर्तमान है। स्पिति में की तथा ताबों के मन्दिर ग्यारहवीं शताब्दी के लगभग निर्मित किये गये। स्पिति, नदी के तट पर "की" नामक ग्राम के ठीक ऊपर ११ हजार फीट की ऊंची पहाड़ी पर स्थित "की"

बौद्ध विहार यहां के बौद्ध भवनों में सबसे विशाल है। यह विहार देखने में एक पर्वतीय किले सा दिखाई देता है। मन्दिर और विहार का सम्मिलित रूप प्रस्तुत करता हुआ यह बौद्ध स्मारक अतीश की शिष्य ब्रोमस्टोन द्वारा बनवाया गया था। इस स्मारक के मध्य में मुख्य मन्दिर है जिसे गोपा कहते हैं। इसके आसपास कई विहार बनें हैं जिसमें एक समय में ही लगभग ३०० लामा निवास कर सकते हैं

इस बौद्ध विहार में प्राचीन आधुनिक बौद्ध चित्रकला एवं मूर्तिकला के नमूने दर्शनीय है। मन्दिर में रखे वस्तु खण्डों पर बनाये गये चित्र विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हैं। बौद्ध मूर्तियों में तारा और अवलोकितेश्वर की मूर्तियां श्रेष्ठ मानी जाती हैं। पदम् सम्भव की प्रतिमा सत्कालीन कला का श्रेष्ठतम उदाहरण हैं।

स्पिति के इस बौद्ध विहार की स्थापत्य कला में पुरानी शैली की स्पष्ट छाप है किन्तु विहार का मुख्य द्वार तिब्बत शैली के बने हुए हैं। अनेक आक्रमणों को इस स्मारक ने अपने ऊपर झेला है। परिणामस्वरूप इस बौद्ध विहार का अनेक बार जीर्णोद्धार किया गया। इस कारण इसके प्राचीन स्वरुप में कुछ परिवर्तन आ गया है।

काजा से ५३ मील दूर समतल स्थान पर स्थित स्पिति का दूसरा मुख्य बौद्ध विहार ताम्बों का विहार है। प्रागैतिहासिक काल में इस विहार के आसपास लगभग १०८ स्तूप निर्मित थे जिनमें अब कुछ अवशेष ही रह गये हैं।

ताबो मन्दिर और निकट के विहार का निर्माण सम्भवतः ब्रोमस्टोन ने ही किया था। वैसे इस मन्दिर के निर्माण से सम्बन्धित एक किवदंती प्रचलित है कि इस मन्दिर का निर्माण परियों ने किया था। किन्तु अन्य ऐतिहासिक प्रमाणों के अभाव में तार्किक स्तर पर विद्वान् इस मन्दिर का निर्माण ब्रोमस्टोन द्वारा किया गया मानते हैं।

ताबो का यह भवन गोम्पा शैली की अनुकृति के रूप में सुन्दर मन्दिर का एक सर्वोत्तम उदाहरण है। जिसका निर्माण विशद स्तर पर हुआ। इसका सबसे दर्शनीय स्थल मुख्य मन्दिर कक्ष है जिसकी छत और दिवारों का प्रत्येक अंश गरिमापूर्ण चित्रों का मनमोहक चित्रकारी से सुसज्जित है। इनमें से प्राचीन कही जा सकती है। अन्य प्राचीन दिवारों की सतह पर जनतान्तर के लामा ने अपनी उत्कृष्ट कला मेधा का प्रदर्शन करते हुए पुरातन चित्र वीथिकाओं पर अभिनव चित्रों को आकार दिया है। अजन्ता और बाद के चित्रों से इन चित्रों की तुलना की जा सकती है, जो कि जातक कथाओं से सम्बन्धित है। हालांकि अधिकांश चित्रों का सम्बन्ध तांत्रिक बौद्ध धर्म से है! विशाल मूर्तियों के रूप में इन चित्रों

में भगवान बुद्ध, भैरव, तारा, अवलोकितेश्वर के चित्र हैं।

यहां के इन दो प्रमुख बौद्ध मन्दिरों के अतिरिक्त स्पिति के अन्य क्षेत्रों में भी कुछ गुम्पा और विहारों का निर्माण किया गया। किन्तु इनमें से अधिकांश अवशेष प्रायः ही रह गये हैं। कुछ प्राचीन मन्दिरों के खण्डहर खेबूर के निकट स्थित एक गांव में देखे जा सकते हैं। जहां ल्हावला मेद् गोम्पा स्थित था जो सम्राट ल्हाकलान्मा ने बनवाया था। बान्यपा सम्प्रदाय से सम्बन्धित ऐसा ही बौद्ध मन्दिर काजा में भी बनवाया गया था।

स्पिति के समीप तिलुंग नामक ग्राम में एक बौद्ध विहार की स्थापना की गई थी जो ११वीं शताब्दी में बनवाया गया था। देखने में छोटा लगने वाला यह बौद्ध मन्दिर सौन्दर्य की दृष्टि से ताबो के बौद्ध विहार के किसी भी स्तर पर कम नहीं। समतल छत वाले इस मन्दिर कीदिवार का प्रत्येक भाग विभिन्न प्रकार की मोहक एवं कलात्मक चित्रावलियों से सुसज्जित है। इन चित्र विथिकाओं में निराहर, ध्यानमग्न भगवान बुद्ध तथा उनके जीवन से सम्बन्धिल अन्य अनेक घटनायें विचित्र की गई हैं। सिंहासन में प्रदर्शित गजराज का रुप बहुत ही मनोहारी एवं जीवन्त हो उठा है। ताबो बौद्ध विहार के समीप ही तन्युग गोम्पा स्थित है।

स्पिति के यह समस्त बौद्ध विहार क्षेत्र की दृष्टि से भी विशाल है भक्तों के बैठने एवं पूजा आदि के कक्ष बड़े हैं। इसके साथ ही भण्डार कक्ष और रसोईघर भी बनाये गये हैं। स्पिति बोध धर्म का आज भी बहुत बड़ा सांस्कृतिक केन्द्र है।

--◆◆--

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

स्थान—ग्राम कांगड़ी, पुण्यभूमि, जि० बिजनौर का विवरण

कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा जी के सत्प्रयत्नों से गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में सत्र ८२–८३ के अक्तूबर मास से राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना हुई। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित प्रथम सलाहकार समिति की बैठक ने ३०-१०-८२ को यह स्वीकार किया कि हमारे विश्वविद्यालय एन० एस० एस० यूनिट का प्रथम शिविर गुरुकुल की पुण्यभूमि, ग्राम कांगड़ी, जिला बिजनौर में २१ दिसम्बर से ३० दिसम्बर ८२ तक किया गया। तदनुसार ही एन० एस० एस० के छात्रों का शिविर उक्त स्थान में आयोजित करने की व्यवस्था की गयी। दिनांक २०-१२-८२ को ही अपराह्न में प्रोग्राम आफिसर डॉ० बी० डी० जोशी एवं डॉ० त्रिलोकचन्द के नेतृत्व में एन० एस० एस० की ५२ सदस्यीय टीम नियत स्थान पर पहुँच गयी। इस कैम्प में भाग लेने वाले सदस्यों की संख्या निम्नप्रकार थी—

१—विज्ञान महाविद्यालय छात्र संख्या ३३
२—वेद तथा कला महाविद्यालय छात्र सं. १४
३—स्थानीय युवक ०५
४—अध्यापक, गु० कां० विश्वविद्यालय ०२
योग ५४

शिविर कार्यवाही विवरण—

दिनांक २१-१२-८२ को कुलाधिपति महोदय (श्री वीरेन्द्र जी) गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, मुख्य अतिथि के समक्ष श्री ओ० पी० आर्य जिलाधीश बिजनौर द्वारा शिविर का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक वर्ग, महिला एवं पुरुष वानप्रस्थाश्रम ज्वालापुर के अनेक वयोवृद्ध नर नारी ग्राम कांगड़ी की जनता के अतिरिक्त जिला सहारनपुर और बिजनौर के अनेक उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। समारोह का प्रारम्भ श्री रामप्रसाद जी वेदालंकार, उप-कुलपति गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय जी के निर्देशन में वैदिक विधि से किये गये हवन द्वारा हुआ। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों एवं जनता को सम्बोधित करते हुए माननीय वक्ताओं में कुलाधिपति श्री

वीरेन्द्र जी, जिलाधीश बिजनौर श्री ओ० पी० आर्य, कुलसचिव डॉ० जबरसिंह सेंगर, डॉ० विजयशंकर अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, जिला विकास अधिकारी बिजनौर श्री नरेन्द्र वर्मा सहायक निदेशक सी० बी० आर० आई० रुड़की, श्री वीरेन्द्र अरोड़ा कार्डीनेटर एन० एस० एस० एवं श्री जितेन्द्र जी सहायक मुख्या-धिष्ठाता ने स्वामी श्रद्धानन्द जी की त्याग, तपस्या की चर्चा करते हुए गुरुकुल प्रथा के आदर्शों पर प्रकाश डाला और सभी वक्ताओं ने एन० एस० एस० द्वारा कांगड़ी ग्राम में लगाये जा रहे शिविर के आयोजन हेतु और कांगड़ी ग्राम के विकास में विशेष रुचि रखने के लिये कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा जी को प्रशंसा पूर्ण बधाई दी। इस अवसर पर जिलाधीश बिजनौर ने बताया कि वह मुख्य सड़क से पुण्यभूमि को जोड़ने के लिये सड़क और रपटों का निर्माण कराने का प्रयत्न करेंगे। समारोह के अन्त में अतिथियों का सूक्ष्म जलपान द्वारा स्वागत किया गया और शान्ति पाठ के उपरान्त समारोह सम्पन्न हुआ।

(२) २२-१२-८२ कांगड़ी ग्राम में विद्यालय के निकट बने एक पुराने कुएं की सफाई की गयी। पानी के विकास के लिये नाली बनाई गई और १०० फीट नाली का निर्माण किया गया। सायंकाल को छात्रों द्वारा कांगड़ी ग्राम के लगभग ४५ परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक और स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया गया जिसमें डॉ० जोशी द्वारा बनाये गये प्रपत्रों में भरा गया। संध्या समय को कोर्डीनेटर श्री वीरेन्द्र अरोड़ा और डॉ० काश्मीरसिंह द्वारा छात्रों को सम्बोन्धित किया गया।

(३) २३-१२-८२ को छात्रों द्वारा सामूहिक हवन यज्ञ कर श्रद्धानन्द दिवस मनाया गया। अल्पाहार के उपरान्त समस्त छात्रों ने कांगड़ी ग्राम मे विद्यालय के निकट बनाये जाने वाले चबूतरे के लिये लगभग १० बुग्गी पत्थर ढो-ढो कर पहुँचाये।

(४) २४-१२-८२ कुछ छात्रों ने गांव में जन सम्पर्क स्थापित किया। मध्याह्न में भोजन के उपरान्त छात्रों को कुलाधिपति श्री वीरेन्द्र जी, कुलसचिव डॉ० जबरसिंह सेंगर, कार्डीनेटर श्री वीरेन्द्र अरोड़ा एवं प्रोग्राम आफिसर डॉ० बी० डी० जोशी ने सम्बोन्धित किया। कुलाधिपति जी ने इस शिविर के आयोजन के लिये विश्वविद्यालय के अधिकारियों और छात्रों को बधाई दी।

(५) दिनांक २४-१२-८२ को छात्रों ने ग्राम कांगड़ी में लगभग ८०० गड्ढे खोदे गड्ढों की साइज १×१×१ फीट था। सायंकाल को डॉ० विजेन्द्र कुमार शर्मा प्रधानाचार्य एस० एम० जे० एन० डिग्री कॉलिज हरिद्वार द्वारा छात्रों को सम्बोन्धित किया गया। डॉ० शर्मा से राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्व पर प्रकाश डाला व शिविर की व्यवस्था की प्रशंसा की। इसी अवसर पर कार्डीनेटर श्री अरोड़ा डॉ० काश्मीरसिंह जी एवं डॉ० जोशी द्वारा भी छात्रों को सम्बोन्धित किया गया। रात्रि को सात बजे से लेकर दस बजे तक समस्त विद्यार्थियों ने कांगड़ी ग्राम में सभा की। भजन, कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों

द्वारा ग्रामवासियों का मनोरंजन किया और अन्त में डॉ० जोशी ने गांववालों को सहकारिता, बाल शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सरकारी अनुदान आदि से सम्बन्धित समस्याओं पर विस्तार पूर्वक आलोकित किया।

(६) दिनांक २५-१२-८२ को छात्रों ने गांव में सड़क बनाने हेतु लगभग २५ बुग्गी मिट्टी ढ़ोई और उसे खड़ण्जा स्थान पर बिछाया। छात्रों के एक दल ने खड़ण्जा पथ का निर्माण किया दूसरे दल ने लगभग ६०० गड्ढे खोदे और तीसरे दल ने चबूतरा निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया। सायंकाल को कुछ छात्र पुनः कांगड़ी गांव गये और जनसम्पर्क स्थापित किया।

(७) दिनांक २६-१२-८२ को छात्रों की विभिन्न टोलियों ने गांव खड़ण्जा निर्माण हेतु ईंटे व मिट्टी ढ़ोई और शेष छात्रों ने खड़ण्जे के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया अपराह्न में डॉ० विजयशंकर निदेशक कांगड़ी ग्राम विकास योजना समिति ने छात्रों को पर्यावरण और वन-संरक्षण जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति सम्बोधित किया। इसी दिन कार्डीनेटर एवं प्रोग्राम आफिसर द्वारा छात्रों की शिविर दिनचर्या एवं भोजन तथा रहने के ऊपर विस्तृत चर्चा की गयी।

(८) दिनांक २७-१२-८२ को छात्रों ने कांगड़ी ग्राम में खड़ण्जों के निर्माण कार्य में आगे बढ़ाया और कुछ छात्रों ने गांव की गलियों में पानी के विकास के लिये लम्बी नाली का निर्माण किया। छात्रों द्वारा चबूतरा निर्माण हेतु पत्थर भी ढ़ोये गये। यह दिन इसलिये भी महत्वपूर्ण हो गया कि अपराह्न में सचिवालय लखनऊ से शिक्षा-मन्त्रालय के परिवेक्षक के रूप में श्री यश्वीर सिंह जी का अकस्मात् आगमन हुआ। इनके साथ विश्वविद्यालय के जन-सम्पर्क अधिकारी, कुलसचिव एवं एस० एम० जे० एन० कॉलिज के प्रधानाचार्य व कोर्डीनेटर श्री अरोड़ा थे। पूरी टीम ने छात्रों से रहने एवं भोजन आदि स्थान का निरीक्षण किया व भोजन को चखा, और छात्रों द्वारा किये गये कार्य स्थलों का निरीक्षण किया। पूरी टीम ने शिविर की व्यवस्था, संयोजन और छात्रों द्वारा किये जा रहे कार्य के प्रति संतोष प्रकट किया। इसी दिन सायंकाल को पुनः सभी छात्र डॉ० त्रिलोकचन्द्र जी के निर्देशन में कांगड़ी ग्राम गये और वहां उन्होंने पुनः घर-घर जाकर ग्रामवासियों से जन-संपर्क स्थापित किया और सर्वेक्षण पत्र भरे, कई ग्रामवासियों ने डॉ० जोशी को बैंक आदि से ऋण अथवा अनुदान हेतु अपने प्रार्थनापत्र दिये। इन प्रार्थनापत्रों को डॉ० जोशी द्वारा कांगड़ी ग्राम विकास योजना के निदेशक डॉ० विजयशंकर जी को अग्रसारित किया गया। सायंकाल को पुण्यभूमि में डॉ० जोशी ने छात्रों के साथ मिलकर साप्ताहिक हवन करवाया।

(९) दिनांक २८-१२-८२ को निरन्तर वर्षा होती रही और अत्यन्त शीत रही। सायंकाल को छात्र पुनः जन-सम्पर्क हेतु कांगड़ी ग्राम में घर-घर गये।

(१०) दिनांक २६-१२-८२ को शिविर का विधिवत् समापन-समारोह आयोजित किया गया। श्री घनश्याम पन्त, स्थानीय न्यायाधीश हरिद्वार, आज के मुख्य अतिथि थे, उन्होंने स्वामी श्रद्धानन्द जी के प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धाञ्जलि अर्पित की और राष्ट्र के निर्माण में स्वामी जी के सक्रिय सहयोग के महत्त्व पर प्रकाश डाला और छात्रों से देशप्रेम की ओर अग्रसर बने रहने का अनुरोध किया। श्री पन्त जी के अतिरिक्त, उपस्थित जनता को कुलसचिव डॉ० सेंगर और ग्राम सभा के प्रतिनिधि अध्यापक श्री बालमुकुन्द जी द्वारा भी सम्बोधित किया गया। श्री बालमुकुन्द जी ने ग्राम कांगड़ी के प्रतिनिधि के रूप में एन० एस० एस० के शिविर को ग्राम कांगड़ी में आयोजित किये जाने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों के प्रति अपना आभार प्रकट किया, और शिविर में आये छात्रों द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि वह आशा करते हैं कि भविष्य में भी इस प्रकार से शिविरों का ग्राम कांगड़ी में आयोजन किया जाता रहेगा।

डॉ० जोशी ने गत नौ दिनों में शिविरार्थियों के द्वारा किये गये कार्यों का विवरण उपस्थित जनता के समक्ष रखा, कुछ छात्रों ने भी शिविर के दौरान हुए अपने अनुभवों को बताया और पुनः इस प्रकार के शिविरों में आकर कार्य करने के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। श्री जितेन्द्र जी, सहायक मुख्याधिष्ठाता द्वारा भी समूह को सम्बोन्धित किया गया, और उन्होंने पुनः स्वामी श्रद्धानन्द जी के गुरुकुल के कुछ रोचक संस्मरणों पर प्रकाश डाला।

अन्त में कार्डीनेटर श्री वीरेन्द्र अरोड़ा द्वारा आमन्त्रित व्यक्तियों मुख्य अतिथि, वित्ताधिकारी, गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय और गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के अन्दर अनेक अधिकारी को शिविर में आयोजित सुविधाओं के लिये धन्यवाद दिया। श्री अरोड़ा जी ने संक्षेप में बताया कि माननीय कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी हूजा की सत्प्रेरणा से ही गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना हो सकी है और यह भी कि कुलपतिजी के व्यक्तिगत प्रयासों से ही इतने कम समय में इस शिविर का आयोजन संभव हो पाया। इसके लिए श्री अरोड़ा ने कुलपति जी के प्रति विनम्र आभार प्रकट किया।

इसी अवसर पर उप-कुलपति श्री रामप्रसाद जी वेदालंकार द्वारा छात्रों और उपस्थित जनता को सम्बोधित किया गया उन्होंने युवा छात्रों के द्वारा किये गये श्रम, सदाचार, समाज सेवा और सहकारिता पर अपने विचारों द्वारा सभी को आलोकित किया। उप-कुलपति जी के निर्देशन में ही शिविर के समापन समारोह का हवन भी किया गया।

इसी अवसर पर गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, वित्ताधिकारी जी, छात्र एवं कांगड़ी गांव के निवासी भी उपस्थित थे।

११ दिनांक ३०-१२-८२ को शिविर का अन्तिम दिन था। छात्रों ने प्रायः अल्पाहार के उपरान्त पुण्यभूमि के चारों ओर सफाई कार्यक्रम किया और अपरान्ह भोजन के बाद समस्त शिविरार्थी गाड़ी द्वारा हरिद्वार लौट आये।

शिविर की अवधि के दौरान नित्य प्रति की दिनचर्या लगभग निम्न प्रकार से होती थी—

(क) प्रायः ६ बजे से ७ बजे के बीच समस्त शिविरार्थी नित्य क्रिया से निवृत होते थे।

(ख) प्रातः ७ से ८ बजे के बीच नित्य ही प्रोग्राम ऑफिसर द्वारा छात्रों को प्रातः कालीन व्यायाम, योगाभ्यास और कुछ खेल खिलाये जाते थे।

(ग) प्रायः ८ से ८-३० बजे के बीच में अल्पाहार होता था।

(घ) अल्पाहार के उपरान्त छात्र विभिन्न दलों में दलपति सहित गांव में जाकर विभिन्न कार्य करते थे।

(ङ) अपराह्न में १-३० बजे से २-३० बजे के बीच भोजन होता था। भोजन निर्माण की व्यवस्था आदि हेतु छात्रों की ही एक समिति उत्तरदायी थी।

(च) अपराह्न में भोजन के उपरान्त २-३० बजे से ५ बजे तक पुनः या तो गांव में काम करने तथा सर्वेक्षण करने और जनसम्पर्क करने चले जाते थे या छात्रों को कुछ समय के लिए विशिष्ट आमन्त्रित व्यक्तियों द्वारा सम्बोधित किया जाता था। सांयकाल ५ बजे से लेकर ६ बजे के बीच छात्र नित्य ही फुटबॉल, वालीबॉल और कबड्डी जैसे खेल खेलते थे।

(छ) नित्य ही डॉ० त्रिलोकचन्द्र जी की अध्यक्षता में रात्रि को भोजनोपरान्त छात्रों द्वारा छुटपुट सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता था।

इस प्रकार उक्त दस दिन राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर अत्यन्त सुव्यवस्थित ढंग से चलता दस बजे तक समस्त शिविरार्थियों ने कांगड़ी ग्राम में सभा की। भजन, कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। शिविर के आयोजन से हुई एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि ग्राम वासियों का सामाजिक आर्थिक एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण था। जिसकी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र ही अलग से दी जायेगी।

छात्रों द्वारा किये गये कार्यों का उपसंहार

(१) कांगड़ी ग्राम में १५० फीट लम्बे खड़ञ्जा पथ का निर्माण किया।

(२) गांव में पुराने कुयें की सफाई तथा उसके निकट जल निकास नालियों का निर्माण।

(३) कांगड़ी ग्राम की गलियों में लगभग १०० फीट लम्बी निकास नालियों का निर्माण।

(४) कांगड़ी ग्राम से-पुण्यभूमि तक के लगभग १किलोमीटर मार्ग की सुव्यवस्था एवं मरम्मत।

(५) छात्रों द्वारा जन सम्पर्क स्थापित कर ग्रामवासियों के बीच सामाजिक कुरीतियों के प्रति चेतना।

(६) समाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण जिससे यह पता चला कि गांव के लगभग २० प्रतिशत परिवार अत्यन्त निर्धन कायस्तहीन एवं किसी स्थायी जीवीकोपार्जन के साधन से हीन हैं और उनकी मासिक आय ५० रुपया प्रति माह से भी कम है। लगभग ४० प्रतिशत परिवार गरीबी की रेखा के आस-पास की अर्थ व्यवस्था में जीते हैं और ऐसे परिवारों की आय दैनिक मजदूरी अस्थायी नौकरी एवं छुटपुट खेती के अलावा कुछ व्यक्तिगत छोटी-छोटी नौकरियों व धन्धों से सम्बन्धित हैं। जिनकी मासिक आय १०० रु० से लेकर ३०० रु० प्रतिमाह है। गांव में ३० प्रतिशत परिवार स्थायी नौकरी से सम्बन्धित है अथवा सब्जी आदि का व्यवसाय करते हैं। ऐसे परिवारों की मासिक आय ३०० रु० प्रतिमाह से ७०० रु० प्रतिमाह के बीच में है। लगभग ७ प्रतिशत परिवार सम्पन्न अवस्था में हैं और उनकी मासिक आय ७०० रु० प्रतिमाह से २००० रु० प्रतिमाह है। सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि अधिकांश लोग गांव में अस्पताल, एक हाईस्कूल, बस अड्डा सड़क, हैंड पाईप, नलकूप और अपना पक्का मकान चाहते हैं। लगभग १० परिवारों ने सरकार अथवा बैंक से ऋण अथवा अनुदान हेतु अपने प्रार्थना पत्र डा० जोशी को दिये हैं। सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि अधिकांश परिवारों में बच्चों की संख्या २ से ४ के बीच में हैं। केवल १५ प्रतिशत परिवारों में ही बच्चों की संख्या ६ के लगभग है। गांव में कोई भी व्यक्ति गम्भीर फैलने वाली बीमारी का मरीज नहीं है। कुछ व्यक्ति गले के घेंघे पेट, त्वचा रोग आदि छोटी-छोटी बीमारियों से ग्रस्त हैं। बच्चों के पेट प्रायः कीड़े है और कुछ परिवारों में (पांच-छः) लगातार दो-तीन बच्चे पैदा होने के तुरन्त बाद मर गये। एक व्यक्ति लकवा पीड़ित भी है। गांववासी दालों का उपयोग बहुत कम करते हैं। अतः अधिकांश बच्चे कुपोषण के शिकार हैं।

(७) ग्रामवासियों – से सम्पर्क कर सरकार को अनेक योजनाओं के प्रति बताकर उनमें भाग लेने के प्रयत्न किये गये।

(८) छात्रों द्वारा गांव में चबूतरे का आंशिक रूप से निर्माण किया गया।

(९) गांव में लगभग १२५० गड्ढे खोदे गये जिसमें आगामी वर्षा ऋतु में पौधे लगाये जायेंगे।

(१०) कुछ लोगों को अपने हस्ताक्षर करना सिखाया गया।

(११) कुछ छात्रों को कोचिंग दी गयी।

(१२) गोबर गैस प्लांट के निमाण कार्य में सहायता प्रदान की गयी।

(१३) गाव मे नालियो आदि के निर्माण के लिये नदी के पत्थर ढोये गये ।

(१४) गाव की सड़क से बने गड्ढो को मिट्टी से भरा गया ।

(१५) ग्रामवासियो को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया ।

(१६) ग्रामवासियो को कुपोषण से होने वाली हानि एव बच्चो के मस्तिष्क एव विकास पर पडने वाले कुप्रभाव के बारे मे ज्ञान कराया गया ।

(१७) ग्राम वासियो को परस्पर सहकारिता से रहने एवं कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया ।

(१८) दिनाक २६-१२-८२ को हमारे एन०एस०एस० कैम्प के समापन समारोह ने आकाशवाणी नजीबाबाद के सवाददाता आये और उन्होने एन०एस०एस०कैम्प से ग्रामवासियो के हित के प्रति हम रे एन० एस० एस० कैम्प के प्रोग्राम आफिसर तथा छात्रो से कुछ प्रश्न किये गये जो दिनाक ७-१-८३ को साय ५ बजे आकाशवाणी नजीबाबाद से प्रसारित किया गया । इस प्रोग्राम का प्रसारित समय २० मिनट था ।

आभार

उक्त शिविर के दस दिनो के दौरान गुरुकुल कागडी विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियो का अमूल्य सहयोग हमे प्राप्त होता रहा । सक्षेप मे हम माननीय कुलपति श्री बलभद्र कुमार जी हूजा, उप कुलपति श्री रामप्रसाद वेदालकार, प्रधानाचर्य विज्ञान महाविद्यालय के श्री सुरेशचन्द्र जी त्यागी, कुलसचिव डा० जबरसिह सेगर, श्री बी० एम० थापर, वित्त धिकारी, श्री ओ० पी० मिश्र, क्रीडाध्यक्ष, डा० विनोदचन्द सिन्हा जन-सम्पर्क अधिकारी, डा० विजयशङ्कर जी निदेशक कागडी ग्र म विकास योजना डा० काश्मीरसिह जी सचिव कुलपति एव श्री जितेन्द्र जी सहा०मुख्याधिष्ठान , गुरुकुल कागडी के प्रति अपने हार्दिक आभार प्रकट करते है । हम गुरुकुल आयुर्वेदिक कालेज के प्राचार्य महोदय एव चिकित्सो के प्रति भी अपने हार्दिक धन्यव द प्रेषित करते है जिन्होने समय-समय पर आकर हमारे छात्रो के स्वास्थ्य सवरण मे हमे सहायता प्रदान की । अन्त मे राष्ट्रीय सेवा योजना गुरुकुल कागडी वि० वि० के कोर्डीनेटर श्री वीरेन्द्र अरोडा को हम आभार प्रेषित करते ह कि अपना समय और निरन्तर सहयोग देकर उन्होने रा० से० यो० की मूल भावना-"मै नही तुम' की भावना को सुदीप्त रखने मे हमे सहयोग दिया ।

ओ३म् शान्ति शान्ति शान्ति.

(डा० बी० डी० जोशी)
प्रोग्राम आफिसर

—◆◆—

गुरुकुल-समाचार

(मास :-जनवरी, फरवरी, मार्च)

१९८३

गुरुकुल समाचार—

२ जनवरी १९८३ को विजिटिंग फैलो योजना के अन्तर्गत डॉ० रूपनारायण, आई० आई० टी० दिल्ली ने मनोविज्ञान विभाग में दो माह के लिये विजिटिंग फैलो के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया।

१२ जनवरी १९८३ को प्राचीन इतिहास विभाग के तत्वाधान में "इतिहास की भौतिकवादी व्याख्या" विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता श्री श्यामलाल शर्मा, उप-सम्पादक दिनमान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इतिहास अतीत की घटनाओं का अध्ययन है जो वर्तमान को समान रूप से प्रभावित करता है। उनका मत था कि इतिहास का अध्ययन सामाजिक परिवर्तन का एक उपकरण है।

श्री शर्मा जी ने कहा कि मानवतावादी चिन्तक एम० एन० राय के अनुसार राष्ट्र का इतिहास लिखते समय उसके गौरवान्वित कर दिये जाने का भय बना रहता है। अतः वे इतिहास के वस्तुपरक अध्ययन पर बल देते हैं। कार्ल मार्क्स इतिहास को दो वर्गों के संघर्षों की कहानी मानते हैं। मार्क्स के विपरीत विद्वान् राय इतिहास में संघर्ष के स्थान पर सहयोग को ढूंढते हैं। शर्मा जी का मत था कि इतिहास की व्याख्या करने वालों में स्वामी श्रद्धानन्द प्रमुख हैं। वे इतिहास की आध्यात्मिक व्याख्या करते हैं तथा वे इतिहास के उन तत्त्वों पर बल देते हैं, जो नैतिक हैं क्योंकि नैतिकता समाज के लिये आवश्यक है। इस गोष्ठी पर विभाग के सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के अतिरिक्त आचार्य एवं उपकुलपति श्री रामप्रसाद जी, विजिटिंग फैलो डॉ० रूपनारायण प्रो० ओमप्रकाश मिश्र तथा विष्णुदत्त राकेश भी उपस्थित थे। गोष्ठी का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ० विनोद चन्द्र सिन्हा जी ने किया तथा धन्यवाद डॉ० काश्मीर सिंह ने दिया।

२३ जनवरी को कानपुर में आचार्य एवं उपकुलपति श्री रामप्रसाद वेदालङ्कार जी का आर्य केन्द्रीय सभा के प्रधान की अध्यक्षता में आसपास के सभी आर्यसमाजों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों तथा आर्य बन्धुओं एवं माताओं द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। अन्त में उन्होंने सभी को वेद के प्रचार एवं प्रसार के लिये कटिबद्ध होकर प्रयास करने के लिये प्रेरित किया। आचार्य एवं उपकुलपति बनने के पश्चात् प्रथम आगमन पर सभी नगरवासियों ने काफी प्रसन्नता व्यक्त कर आपका स्वागत किया। श्री पं० लक्ष्मण शास्त्री आदि गणमान्य विद्वानों ने आचार्य जी के साहित्यिक-कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस सभा के संयोजक डॉ० नन्दलाल जी गांधी थे।

२६ जनवरी ८३ को विश्वविद्यालय के प्रांगण में वेद एवं कला महाविद्यालय तथा विज्ञान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, कुलसचिव, समस्त शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने गणतन्त्र दिवस सोल्लास मनाया। ध्वजारोहण विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेशचन्द्र त्यागी ने किया।

उन्होंने इस अवसर पर स्वतन्त्रता के महत्व को बताते हुए इस बात पर बल दिया कि स्वतन्त्रता को बनाये रखने के लिये राष्ट्र की प्रगति के लिये अनुशासन व कठिन परिश्रम आवश्यक है। ध्वजारोहण के पश्चात् सीनेट हाल में एक चाय पार्टी का आयोजन किया गया।

२७ जनवरी १९८३ को मथुरा संग्रहालय नूतन भवन शताब्दी समारोह पर आयोजित सेमिनार में डॉ० विनोदचन्द्र सिन्हा अध्यक्ष, इतिहास विभाग ने "मथुरा कला की प्रमुख उपलब्धियाँ" विषय पर शोध निबन्ध पढ़ा। इस समारोह में देश,विदेश के विभिन्न भागों के विशिष्ट विद्वान् पधारे थे। डॉ० सिन्हा के शोध निबन्ध की अत्यन्त सराहना की गयी।

२४ फरवरी से २ फरवरी तक देहरादून के समीप तपोवन ग्राम में कन्या गुरुकुल (देहरादून) की छात्राओं ने एक दस-दिवसीय एन० एस० एस० शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में छात्राओं ने प्रौढ़-महिला साक्षर अभियान भी चलाया तथा स्कूलों में बच्चों को भी पढ़ाया। ग्रामीण महिलाओं को छात्राओं ने स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक सामान्य बातें बतलायीं। छोटे शिशुओं को दिये जाने वाले संतुलित आहार सम्बन्धी अनेक उपयोगी सूचनाएं भी छात्राओं ने ग्रामीण माताओं को बतलायीं। आर्थिक स्वतन्त्रता को विकसित करने सम्बन्धी अनेक सिलाई, बुनाई, कढ़ाई के अलावा अन्य छोटे-मोटे कार्यों को ग्रामीण महिलाओं ने अत्यन्त रुचि से ग्रहण किया। इस दस दिवसीय शिविर में छात्राओं ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ गड्ढे भी खोदे। शिविर का समापन माननीय आचार्य एवं उपकुलपति श्री रामप्रसाद जी की अध्यक्षता में हुआ। समापन अवसर पर बोलते हुए श्री आचार्य जी ने कहा कि समाज की उन्नति के लिये स्त्रियों, विशेषकर ग्रामीण स्त्रियों का विकास आवश्यक है। उन्होंने इन कार्यों को शिविर के अलावा निरन्तर कायम रखने पर बल दिया। अन्त में उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये कन्या गुरुकुल की प्राचार्या श्रीमती दमयन्ती जी तथा प्रोग्राम आफिसर श्रीमती बलबीर को धन्यवाद दिया। इस समस्त कार्यक्रम को आर्डीनेटर प्रो० वीरेन्द्र अरोड़ा थे।

३१ जनवरी से २ फरवरी तक कानपुर विश्वविद्यालय में ऐसोसियेशन आफ इण्डियन यूनीवर्सिटीज द्वारा आयोजित ५८वें वार्षिक समारोह में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा जी एवं कुलसचिव, डॉ० जबरसिंह सैंगर ने भाग लिया। इस अवसर पर "इक्जामिनेशन रिफोर्म इन

यूनीवर्सिटीज एण्ड रि-स्ट्रक्चरिंग आफ अण्डर ग्रेजुएट कार्सेज, रोल आफ यूनीवर्सिटीज इन रिसर्च एण्ड डैवलपमैन्ट आफ एग्रीकल्चर" विषय पर आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में यह मत व्यक्त किया गया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता को विकसित करने के लिये स्नातकोत्तर व प्रशिक्षण कोर्सेज में दूसरे राज्यों के विद्यार्थियों के लिये कुछ स्थान निर्धारित किये जाने चाहिये। अपने अध्यक्षीय भाषण में बोलते हुए श्री रमेश मोहन (निर्देशक, सैन्ट्रल इन्स्टीट्यूट आफ इंगलिश एण्ड फोरेन लैंग्वेजेज हैदराबाद ने कहा कि हम यहां ऐसे समय में एकत्र हो रहे हैं जब हमारे विश्वविद्यालय, विश्वास व चरित्र के संकट को चारों ओर अनुभव कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह सोचना आवश्यक हो जाता है कि विश्वविद्यालय, बौद्धिक, सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक विकास में क्या योगदान प्रदान कर रहे हैं? क्या विश्वविद्यालय उन उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हो गये हैं, जिनकी पूर्ति के लिये इनका निर्माण किया गया था।

दिनांक ५ फरवरी ८३ को प्रसिद्ध आर्य नेता एवं सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान लाला रामगोपाल जी शालवाले ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पुरातत्त्व संग्रहालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बड़े विस्तार से संग्रहालय की विभिन्न वीथिकाओं को देखा। कलाकृतियों के अपूर्व संग्रह को देखकर वे अत्यधिक प्रभावित हुए। लाला जी जब संग्रहालय के श्रद्धानन्द बलिदान कक्ष में पहुँचे, तो आत्मविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि भारत के वायसराय लार्ड चैम्सफोर्ड जब १६१६ में गुरुकुल आये थे, तो इस संस्था के विषय में उन्होंने अत्यन्त उच्च भाव प्रकट किये थे। लाला जी के साथ प्रसिद्ध आर्य नेता, आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री वीरेन्द्र पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा के मन्त्री श्री जावेद व गुरुकुल के यशस्वी स्नातक श्री सत्यदेव कागजी भी थे।

विद्यालय के दो दिवसीय निरीक्षण के दौरे पर परिसर के ब्रह्मचारियों को सम्बोधित करते हुए सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान तथा सुप्रसिद्ध आर्य नेता ने कहा कि भारतीय संस्कृति, कथनी की अपेक्षा करनी को महत्त्व देती है। अभ्यास के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए आपने योग तथा वेदाध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कुलाधिपति श्री वीरेन्द्र जी, कुलपति श्री हूजा जी, उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री सोमनाथ जी मरवाह, पंजाब आर्य प्रतिनिधि सभा के महामन्त्री श्री रामचन्द्र जावेद एवं कर्मठ आर्यनेता श्री सरदारी लाल जी वर्मा भी उपस्थित थे।

दिनांक ११ फरवरी ८३ को प्रातःकाल गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में ऋषि बोधोत्सव बड़े उल्लास से मनाया गया। घटना सर्वविदित है कि महाशिवरात्रि के पर्व पर बालक मूलशंकर को, जो बोध

हुआ, उसने उन्हें महर्षि दयानन्द सरस्वती बना दिया। समारोह की अध्यक्षता राजकीय आयुर्वेद महा-विद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुरेशचन्द्र शास्त्री जी ने की। विद्यालय के अधिष्ठाता श्री पं० चन्द्रकेतु जी ने स्वामी जी के जीवन से सम्बन्धित अनेक प्रेरक व रोचक प्रसंग सुनाये। संस्कृत विभाग के प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री ने महर्षि के जीवन में स्वामी पूर्णानन्द के योगदान की चर्चा की। दर्शन विभाग के अध्यक्ष डॉ० जयदेव वेदालङ्कार ने जोरदार शब्दों मे कहा कि स्वामी जी ने नाना प्रकार के पन्थों और सम्प्रदायों पर प्रहार किया, उसके पीछे कोई द्वेष की भावना नहीं थी। वे वास्तव में सुहृद और आडम्बरहीन भारतीय समाज का निर्माण चाहते थे। विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेशचन्द्र त्यागी ने कहा कि हमें उस उद्देश्य को पूरा करना है, जिसके लिये स्वामी जी का बलिदान हुआ। संस्कृत विभाग के डॉ० रामप्रकाश शर्मा और डॉ० जबरसिंह सेंगर ने भी ऋषि बोध से शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। अध्यक्षीय पद से बोलते हुए डॉ० सुरेशचन्द्र शास्त्री ने उपस्थित जन समुदाय और विद्यार्थियों से यह व्रत लेने की अपील की कि वे महर्षि के अधूरे कार्य को पूरा करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति श्री बलभद्र कुमार हूजा जी का व्रत का दिन था, किन्तु वे समारोह में उपस्थित रहे। इस समारोह का सफल संयोजन विद्यालय के मुख्याध्यापक डॉ० दीनानाथ ने किया। गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने स्वामी जी से सम्बन्धित गीतों को गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

सायंकाल ४ बजे गुरुकुल कांगड़ी ग्राम में एक यज्ञ का आयोजन कुलपति जी निर्देशानुसार उनके सचिव और प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग के प्रवक्ता डॉ० काश्मीर सिंह भिण्डर ने किया। इस समारोह में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अध्यापक और कांगड़ी ग्राम के निवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

दिनांक १५ फरवरी ८३ को विश्वविद्यालय के वेद एवं कला महाविद्यालय तथा विज्ञान महा-विद्यालय के छात्रों के मध्य एक क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन कुलसचिव डॉ० जबरसिंह सेंगर ने किया। मैच का आयोजन इन्चार्ज डॉ० श्यामनारायण सिंह जी ने किया। इस एक दिवसीय मैच में वेद एवं कला महाविद्यालय के छात्रों ने विजय प्राप्त की।

फरवरी माह में ही एन० सी० सी० के बी व सी सार्टिफिकेट परीक्षायें गुरुकुल कांगड़ी विश्व-विद्यालय में मेजर वीरेन्द्र अरोड़ा द्वारा सम्पन्न की गयीं। इन परीक्षाओं में समस्त पंचपुरी के विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों ने भी भाग लिया।

फरवरी ११ से १३ तक उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद में प्रो० सदाशिव भगत जी, अध्यक्ष-अंग्रेजी विभाग, "आल इण्डिया एसोशियेन फार टैक्नोलॉजी आफ एजूकेशन" के सोलहवें वार्षिक

अधिवेशन में गये। यह भारतीय स्तर की संस्था पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिकतम शिक्षण प्रयोग का प्रयास कर रहा है। भारत में शिक्षा के गिरते हुए स्तर साथ ही शिक्षार्थियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए यह आवश्यक हो गया कि मास एजूकेशन के लिये आधुनिकतम-वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपकरणों का प्रयोग किया जाय।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वर्तमान अधिकारी इस बात की ओर पूर्णतया सजग हैं कि किस प्रकार वे गुरुकुल को राष्ट्रीय शिक्षण सम्प्रदाय का एक बलिष्ठ एवं वरिष्ठ अङ्ग बनाएं, अपितु गुरुकुलीय चिन्तन एवं आदर्श को राष्ट्रीय मानस से युक्त कर दें। इसी दृष्टिकोण से गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष श्री सदाशिव भगत उक्त अधिवेशन में भाग लेने के लिए कुलपति जी के प्रतिनिधि के रूप में भेजे गये थे। मूलतः कुलपति श्री हूजा जी को उक्त सम्मेलन में जाना था और इसकी एक गोष्ठी का नेतृत्व भी करना था किन्तु अत्यधिक कार्य व्यस्त होने के कारण वे नहीं जा सके। इसी कारण उन्होंने प्रोफेसर सदाशिव भगत को हैदराबाद सम्मेलन में भेजा जहां प्रोफेसर भगत ने आधुनिक भारतीय परिस्थिति में गुरुकुल का शिक्षा में क्या योग हो सकता है, यह बात सम्मेलन के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा को मात्र साक्षरता एवं सुलभ ज्ञान बनाने के उतावले में हम कहीं अपनी प्राचीन संस्कृति एवं जीवन दर्शन के मूल्यों को न भूल जाएं।

फरवरी १७–१९ तक अन्नामलई विश्वविद्यालय (तमिलनाडु) में आल इण्डिया अमेरिकन स्टडीज एसोसियेशन का वार्षिक अधिवेशन हुआ, जिसमें भारत के प्रायः सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भाग लेने के लिये उपस्थित हुए थे।

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो० सदाशिव भगत इस सम्मेलन में भाग लेने गये। इस सम्मेलन में भाग लेने जाना भी गुरुकुल के वर्तमान अधिकारियों की बहुमुखी अभिरुचि का द्योतक है। गुरुकुल वस्तुतः भारतीय शिक्षा के सम्पूर्ण अङ्गों एवं मुख्य प्रवाह से जुड़कर अपने रूप को पहचानना चाहता है और नई भूमिका निभाना चाहता है।

रजिस्ट्रार डॉ० जबरसिंह सेंगर जी से पूर्व मन्त्रणा एवं कुलपति श्री हूजा जी की सत्प्रेरणा से प्रो० भगत ने सम्मेलन के अन्तिम दिन कार्यकारिणी से अनुरोध किया कि अगले वर्ष का वार्षिक सम्मेलन गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के तत्त्वावधान में हो, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

ज्ञातव्य है कि हैदराबाद के सम्मेलन में भी श्री हूजा जी के आदेशानुसार प्रो० भगत ने आल इण्डिया एसोसियेशन आफ एजूकेशनल टैक्नोलॉजी के अगले अधिवेशन को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

में मनाए जाने की प्रार्थना की। किन्तु अनेक विश्वविद्यालयों के पूर्व से ही प्रतिस्पर्धा में होने के कारण इसे अगले वर्षों के लिये टाल दिया गया। अतः आल इण्डिया एसोसियेशन आफ अमेरिकन स्टडीज द्वारा अगले वर्ष के लिये गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय को स्वीकृति प्रदान करना एक महत्त्व का विषय है।

१७-१८ फरवरी को विज्ञान महाविद्यालय व वेद एवं कला महाविद्यालय के छात्रों के मध्य एक बैडमिन्टन मैच का आयोजन किया गया। इसमें श्री राकेश कुमार से (शोध-छात्र इतिहास) प्रथम श्री गुप्ता (बी० एस-सी०) द्वितीय तथा श्री अजयशंकर (बी० एस-सी०) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मैच का आयोजन बैडमिंटन इन्चार्ज डॉ० काश्मीर सिंह तथा श्री करतार सिंह ने किया।

२१ फरवरी को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय भवन में 'सरस्वती परिषद्" गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में सद्यो भाषण-श्लोक-मन्त्रोच्चारण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अध्यक्ष पद को डॉ० रामनाथ वेदालङ्कार भूतपूर्व आचार्य एवं उपकुलपति एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार ने सुशोभित किया।

इस प्रतियोगिता में चल-विजयोपहार एवं व्यक्तिगत पुरस्कारों का प्रावधान किया गया। इसका परिणाम इस प्रकार रहा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में श्री रवीन्द्र देव आर्य गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय श्री सुभाषचन्द्र शारदा, चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय तथा श्री दूधपुरी गोस्वामी, गु० कां० वि० वि० ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। सद्योभाषण प्रतियोगिता में श्री रविन्द्रदेव आर्य, गु० कां० वि० वि०, श्री कृष्णचन्द्र, गुरुकुल गौतम नगर, दिल्ली तथा कु० सोमवती, कन्या गुरुकुल हाथरस ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। श्लोक मन्त्रोच्चारण प्रतियोगिता में श्री सुरेन्द्र कुमार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, कु० इन्दुबाला, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू तथा श्री सुभाष चन्द्र शारदा, चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये।

वाद-विवाद प्रतियोगिता श्री दीनानाथ चल-विजयोपहार कन्या गुरुकुल सासनी, हाथरस ने, सद्योभाषण प्रतियोगिता का ही श्री दीनानाथ चल-विजयोपहार-गुरुकुल गौतम नगर, दिल्ली तथा श्रीमती सुधा सपरा-श्लोक-मन्त्रोच्चारण प्रतियोगिता-चल-विजयोपहार-जम्मू विश्वविद्यालय ने प्राप्त किया।

यह समस्त आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ० निगम शर्मा, प्रो० वेदप्रकाश शास्त्री डॉ० रामप्रकाश तथा डॉ० राकेशचन्द्र के निदेशन में अत्यन्त सफल रहा। इस प्रतियोगिता में श्री हरिदेव जी, आचार्य गौतम नगर ने यह घोषणा की कि जो भी छात्र किसी वेद से आधा या पूर्ण अंश सुना देगा, उसे विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। डॉ० राकेश, प्राध्यापक हिन्दी विभाग ने सामवेद के कुछ अंशों को पूछा तो छात्र द्वारा

उनको बताने पर उसे माता सावित्री कोणा भड से ५१ रु० दिये गये । इसी अवसर पर डॉ० रामेश्वर दयाल ने, जो एम० ए० प्रथम वर्ष वेद के छात्र है, दो वर्ष के लिये छात्रवृत्ति की घोषणा की ।

७ मार्च ८३ को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के वेद-आर्ट्स कॉलिज के छात्रों ने गुरुकुल महा-विद्यालय में आयोजित आचार्य नरेन्द्र देव शास्त्री वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में तीन श्रेणियों के स्थान गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने प्राप्त कर विश्वविद्यालय की गरिमा में वृद्धि की । विजयी छात्रों में प्रथम श्री विद्याव्रत विद्यार्थी (वेदालङ्कार प्रथम वर्ष) द्वितीय श्री रविन्द्रदेव आर्य (वेदालङ्कार प्रथम वर्ष) तथा तृतीय श्री ऋषिपाल आर्य (विद्याविनोद प्रथम वर्ष) है ।

मार्च माह के द्वितीय सप्ताह में डॉ० बी० डी० जोशी ने "एशोसियेशन आफ एडल्ट एण्ड कन्टिन्यूयिंग एजुकेशन आफ यूनीवर्सिटीज इन यू० पी०" के प्रथम वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया । इस सम्मेलन में डॉ० जोशी द्वारा पढ़े गये लेख "एप्रोच टूआर्डस द एडल्ट एजुकेशन प्रोग्राम-सम थॉटर्ट" की काफी सराहना की गई । सम्मेलन में डॉ० बी० डी० जोशी को एशोसियेशन का उपाध्यक्ष भी चुना गया ।

१६ मार्च को अंग्रेजी विभाग द्वारा वेद एवं कला महाविद्यालय में कानपुर आई० आई० टी० के अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर डॉ० पी० पी० शर्मा का एक व्याख्यान हुआ । इस सभा की अध्यक्षता श्री आचार्य जी ने की तथा संयोजन प्रो० सदाशिव भगत, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने किया ।

१८ मार्च को वेद-मन्दिर में "गोवर्द्धन ज्योति" पत्रिका का विमोचन किया गया । पत्रिका के विमोचन से पूर्व प्रो० गोवर्द्धन शास्त्री स्मृति वेद-मन्त्रोच्चारण-प्रतियोगिता सम्पन्न की गयी । इस प्रति-योगिता में गुरुकुल विद्यालय के छात्र ने प्रथम व कन्या गुरुकुल की छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । मन्त्रोच्चारण प्रतियोगिता के पश्चात् मुख्य अतिथि व सभापति श्री योगेन्द्रपाल शास्त्री ने "गोवर्द्धन-ज्योति" का विमोचन करते हुए कहा कि आज के युग में वेदों को सुरक्षित रखना एक अपरिहार्य आवश्यकता है तथा इस आवश्यकता को पूरा करने में गोवर्द्धन-ज्योति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । इस अवसर पर प्रो० चन्द्रशेखर त्रिवेदी जी का भी सम्मान किया गया, जिसके सत्प्रयत्नों से ही यह कार्य हो सका है । अन्त में आचार्य एवं उपकुलपति जी ने भाषण दिया ।

१८ मार्च को विजिटिंग फैली योजना के अन्तर्गत डा० आर० एल० टण्डन रीडर, लखनऊ विश्व-विद्यालय ने विज्ञान महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग में १५ दिन के लिए विजिटिंग फैली के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया है ।

२० मार्च को सीनेट हाल में एक प्रेस कान्फ्रेन्स का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में किसी भी प्रकार की ऐसी प्रेस कान्फ्रेन्स आयोजित करने का संभवतः यह प्रथम अवसर था। इस कान्फ्रेंस में स्थानीय पत्रकारों के अलावा पी० टी० आई० के प्रतिनिधि तथा श्री किशन शर्मा अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी भी उपस्थित थे। प्रेस कान्फ्रन्स का आयोजन डा० विनोदचन्द्रसिन्हा, पी० आर० ओ० के द्वारा सम्पन्न किया गया। माननीय कुलपति व कुलसचिव जी ने पत्रकारों को विश्वविद्यालय सम्बन्धी अनेक जानकारियां दी तथा उनको विश्वविद्यालय में निरन्तर हो रही प्रगति से अवगत कराया। अन्त में अत्यन्त ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में यह कान्फ्रेंस समाप्त हुई। उत्तर प्रदेश राज्य बाल बोर्ड का पुनर्गठन इस वर्ष के प्रारम्भ में नये सिरे से हुआ। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो० सदाशिव भगत को इस बोर्ड का सदस्य मनोनीत कर उन्हें सम्मानित किया। यह हमारी संस्था के लिए भी एक गौरव की बात है।

दिनांक २-४-८३ को सार्वजनिक निर्माण विभाग के राज्य-मन्त्री माननीय रणजीत सिंह जी गुरुकुल पधारे। अत्यधिक व्यस्त रहते हुए भी उन्होंने पुरातत्व संग्रहालय को बड़ी रुचि के साथ देखा और कलाकृतियों के संग्रह की भूरि-भूरि प्रसंशा की। जब वे अस्त्र-शस्त्र कक्ष में घूम रहे थे तो ६ फुट वाली लम्बी बन्दूक के अभाव को देखकर उन्होंने आश्वासन दिया कि अपने निजी संग्रह से वे इस प्रकार की एक बन्दूक पुरातत्व संग्रहालय को भेंट स्वरूप प्रदान करेंगे।

१३ अप्रैल १९८३ में सम्मानित एवं पुरस्कृत विद्वान् पं० विश्वनाथ जी विद्यालंकार

इस वर्ष संघड़ विद्या सभा ट्रस्ट जयपुर द्वारा आचार्य गोवर्द्धन शास्त्री पुरस्कार से माननीय पंडित विश्वनाथ जी विद्यालङ्कार को वेद सम्मेलन में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार पं० विश्वनाथ जी विद्यालङ्कार को उनके वेदों में किये गये विशिष्ट कार्य के लिये प्रदान किया जा रहा है।

फार्म ४

(नियम ८ देखिये)

१—प्रकाशन स्थान— गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

२—प्रकाशन अवधि— मासिक

३ - मुद्रक का नाम— डॉ० जबरसिंह सेंगर (कुलसचिव)

क्या भारत का नागरिक है ? भारतीय

(यदि विदेशी है तो मूल देश)

पता —

४—प्रकाशक का नाम— डॉ० जबरसिंह सेंगर (कुलसचिव)

क्या भारत का नागरिक है ? भारतीय

(यदि विदेशी है तो मूल देश)

पता : —

५—सम्पादक का नाम— रामप्रसाद वेदालङ्कार आचार्य एवं उपकुलपति

क्या भारत का नागरिक है ? भारतीय

(यदि विदेशी है तो मूल देश)

पता गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

६—उन व्यक्तियों के नाम व पते गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय,
जो समाचार-पत्र के स्वामी हो हरिद्वार
तथा जो समस्त पूंजी के एक
प्रतिशत से अधिक के साझेदार
या हिस्सेदार हो।

मैं डॉ० जबरसिंह सेंगर एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य है।

प्रकाशक के हस्ताक्षर
डॉ० जबरसिंह सेंगर
(कुलसचिव)

दिनांक ....